www.livehindustan.com

# हिन्दुस्तान

1936 सत्य • सार्थक • सदैव

भरोसा नए हिन्दुस्तान का

गुरुवार
18 अप्रैल 2024, नई दिल्ली, नगर संस्करण

वर्ष 89, अंक 93, 14 पेज, मूल्य ₹ 5.00, हिन्दुस्तान टाइम्स के साथ मूल्य ₹ 10.50 एवं एचटी एज के साथ मूल्य ₹ 6.25 • पांच प्रदेश • 21 संस्करण


टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम में नए चेहरों की संभावना नहीं P-12








# दंगल : अंतिम दिन झोंकी ताकत

## आशा, विश्वास और गारंटी लाए : मोदी

अगरतला / नलबाड़ी, एजेंसी। लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार थमने से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को त्रिपुरा और असम में अपनी चुनावी रैलियों में कांग्रेस समेत विपक्षी गठबंधन पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टी ने 'लूट ईस्ट' नीति अपना रखी थी, जबकि भाजपा ने उसे 'एक्ट ईस्ट' नीति में बदल दिया। प्रधानमंत्री ने दो कार्यकाल की उपलब्धियां गिनाईं और आगे का विजन भी पेश किया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में आशा, 2019 में विश्वास और 2024 में गारंटी लेकर आया हूं।

प्रधानमंत्री ने अगरतला में कहा कि त्रिपुरा ने भाजपा सरकार के शासन में अभूतपूर्व बदलाव देखे हैं और इस बार उनकी सरकार ने भारत में गरीबों के लिए तीन करोड़ नए आवास बनाने का फैसला किया है। त्रिपुरा के लोगों को इससे बहुत फायदा मिलने जा रहा है।

कांग्रेस और माकपा पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि जांच एजेंसियों के इस्तेमाल को लेकर आलोचना करने वाले कांग्रेस के युवराज अब भ्रष्टाचार के आरोप में केरल के मुख्यमंत्री की गिरफ्तारी की मांग कर रहे हैं। मोदी ने कहा कि किसी भी भ्रष्ट व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

**कनेक्टिविटी बढ़ाने पर जोर:** प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार उत्तर-पूर्व में 'कनेक्टिविटी' बढ़ाने पर ध्यान दे रही है। राजमार्गों के उन्नयन के लिए तीन हजार करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। पहले राज्य में मोबाइल टॉवर ठीक से काम नहीं करते थे, लेकिन अब 5जी कनेक्टिविटी में सुधार के लिए काम किया जा रहा है।

यह मोदी सरकार है, जिसने मोबाइल बिल को कम करके लगभग 400-500 रुपये प्रति माह तक ला दिया है। अगर कांग्रेस सत्ता में होती तो मोबाइल फोन का बिल चार से पांच हजार रुपये तक आता।

**मुस्लिम महिलाओं को आजादी:** असम में 'तीन तलाक' के खात्मे का जिक्र करते हुए मोदी ने कहा कि इससे मुस्लिम महिलाओं को आजादी मिली है। घोषणा पत्र में किए गए सभी वादे पूरे किए जाएंगे और इससे गरीबों, वंचितों, किसानों को फायदा होगा।



पहले चरण के चुनाव प्रचार के अंतिम दिन अगरतला में बुधवार को रोड शो करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी। मोदी ने असम में भी चुनावी रैली की। • एजेंसी



“ भाजपा फिर से सत्ता में आती है, तो मोदी की सभी गारंटी पूरी की जाएगी। हम समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

–राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री



“ मोदी सरकार बहुत कम समय में नक्सलियों का सफाया कर देगी। छत्तीसगढ़ में सरकार बनने के बाद से 80 नक्सलियों को मारा जा चुका है।

–अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री

### असम में बोले, पूर्वोत्तर मोदी की गारंटी का गवाह

असम के नलबाड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने फायदे के लिए इस क्षेत्र की उपेक्षा की, ताकि वे भ्रष्टाचार और लूट में लिप्त हो सके। भाजपा का संकल्प पत्र मोदी की गारंटी है। उन्होंने कहा, पूर्वोत्तर ने कांग्रेस शासन के 60 साल में जो हासिल नहीं किया जा सका, उसे मोदी ने दस साल में हासिल किया।

## उम्मीदें और भरोसा तोड़ा : कांग्रेस




कर्नाटक के कोलार में बुधवार को चुनावी जनसभा को संबोधित करते कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी। • एजेंसी

नई दिल्ली, एजेंसी। दूसरी ओर इंडिया गठबंधन के नेताओं राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, जयराम रमेश, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी सहित अन्य ने अगल-अलग रैलियों और जनसभाओं में विभिन्न मुद्दों पर केंद्र की भाजपा सरकार को घेरा।

कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने बुधवार को कहा, भाजपा ने 2014 की उम्मीदों पर पानी फेर दिया, 2019 से लोगों के साथ विश्वासघात किया और अब 2024 में उनका सत्ता से बाहर होना तय है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कर्नाटक में रैली को संबोधित करने के अलावा गाजियाबाद में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस की। कर्नाटक के मांड्या में जनसभा में राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव को दो विचारधाराओं के बीच की लड़ाई करार दिया। उन्होंने कहा कि एक तरफ इंडिया गठबंधन संविधान के लिए लड़ रहा है, वहीं दूसरी तरफ भाजपा संविधान को खत्म करना चाहती है। राहुल ने कहा कि अगर इंडिया गठबंधन सत्ता में आता है तो यह आम नागरिकों, किसानों, मजदूरों और व्यापारियों की सरकार होगी। बेरोजगारी और महंगाई पर लगाम लगाना मुख्य लक्ष्य होगा।

गाजियाबाद में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ प्रेस वार्ता के दौरान राहुल गांधी ने कहा, देश में बेरोजगारी और महंगाई बड़ा मुद्दा है, पर सरकार का इस पर ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड को भाजपा सही बता रही है, अगर ऐसा था तो कोर्ट से उसपर रोक क्यों लगा दी।

कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने बुधवार को सहारनपुर में रोड शो किया। इसके बाद उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, बेरोजगारी और महंगाई से निराश हो चुकी जनता को अब बदलाव की उम्मीद दिखने लगी है।

›महंगाई पर ध्यान नहीं P07



“ देश के संविधान को बदलने और लोगों से वोट देने का अधिकार छीनने के लिये ही भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 400 पार का नारा दिया है।

अखिलेश यादव, सपा अध्यक्ष



“ भाजपा सत्ता में लौटी तो लोकतंत्र नहीं बचेगा और चुनाव नहीं होंगे। भाजपा ने पूरे देश को डिटेंशन कैंप बना दिया है...ये चुनाव बहुत खतरनाक हैं।

ममता बनर्जी, मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल

### लोकसभा की 102 सीटों पर थमा प्रचार का शोर

लोकसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए प्रचार बुधवार शाम थम गया। पहले चरण में 21 राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों के लिए 19 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे। पहले चरण में यूपी की 08, बिहार की 04, एमपी की 06, राजस्थान की 12, उत्तराखंड की 05, पश्चिम बंगाल की 03, असम की 04, मेघालय की 02, मणिपुर की 02, छत्तीसगढ़ की 01, अरुणाचल की 02, महाराष्ट्र की 05, तमिलनाडु की 39, मिजोरम की 01, नागालैंड की 01, सिक्किम की 01, त्रिपुरा की 01 सीट पर वोट डाले जाएंगे।

## रामलला का रवितिलक



रामनवमी के अवसर पर बुधवार को अयोध्या में रामलला का सूर्य तिलक किया गया। यह तिलक दर्पण और लेंस से युक्त एक विस्तृत तंत्र के माध्यम से किया गया। इस तंत्र के जरिए सूर्य की किरणें श्रीराम की मूर्ति के माथे पर पहुंचीं। यह लगभग चार-पांच मिनट तक चला। नए मंदिर में मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहली रामनवमी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनाव प्रचार के दौरान टैब पर 'सूर्य तिलक' देखा। › ब्योरा P10

**12** बजे दोपहर के समय हुआ सूर्य तिलक

**04** मिनट से अधिक समय मस्तक रहा दीप्यमान

**22** जनवरी को हुई थी प्राण प्रतिष्ठा

## मुखर्जी नगर में पीजी से कूदी युवती

**दुखद**

नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता। मुखर्जी नगर इलाके में बुधवार तड़के एक छात्रा ने पीजी की इमारत की दूसरी मंजिल से कूदकर खुदकुशी कर ली। पुलिस को सुसाइड नोट नहीं मिला है, लेकिन जांच में मौत की वजह पढ़ाई का दबाव और दोस्त से झगड़ा बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, 29 वर्षीय स्वाति बीते आठ-नौ साल से मुखर्जी नगर इलाके में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रही थी। स्वाति के पिता नागेंद्र परिवार सहित मेरठ के बढ़ला गांव में रहते हैं। वह खेती करके आजीविका चलाते हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्वाति ने मंगलवार रात को अपनी सहेली प्रियम को अपने पीजी में बुलाया। फिर दोनों काफी देर तक बातें करती रहीं। इसके बाद अचानक स्वाति ने सहेली के सामने दूसरी मंजिल से छलांग लगा दी। प्रियम ने आनन-फानन में पुलिस को घटना की सूचना दी। घायल स्वाति को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**रील बनाने का भी शौक था :** पुलिस अधिकारी ने बताया कि स्वाति यूट्यूब चैनल भी चलाती थी। वह विभिन्न विषयों पर रील बनाकर यूट्यूब और इंस्टाग्राम पर अपलोड करती थी। उधर, इस हादसे के बाद पीजी में रहने वाली छात्राएं सदमे में हैं। उनका कहना था कि स्वाति को देखकर कभी ऐसा नहीं लगा कि वह आत्महत्या कर सकती है। उसका व्यहवार सभी के साथ बहुत ही अच्छा था। वहीं, पुलिस पीजी संचालकों और छात्रा के बाकी सहपाठियों से भी पूछताछ करेगी। पुलिस ने शव बाबू जगजीवन राम अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया है।

### पढ़ाई को लेकर दबाव में होने की बात सामने आई

मामले की जांच कर रहे एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सहेली प्रियम का बयान दर्ज कर लिया गया है। मरने से कुछ समय पहले स्वाति ने अपनी सहेली को कुछ मैसेज भी भेजे थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि दोस्त के साथ रिश्तों में तनाव और पढ़ाई को लेकर दबाव से परेशान होकर उसने खुदकुशी कर ली। वहीं दूसरी ओर, उसके परिजनों ने मौत के पीछे किसी भी तरह की साजिश होने की आशंका नहीं जताई है।

## कश्मीर में बिहार के श्रमिक की गोली मारकर हत्या

श्रीनगर, एजेंसी। जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग जिले में बुधवार को आतंकियों ने बिहार के एक श्रमिक की गोली मारकर हत्या कर दी। श्रमिक की पहचान राजा शाह के रूप में हुई है।

अधिकारियों ने बताया कि आतंकियों ने बिजबेहरा इलाके के जबलीपोरा में राजा शाह को नजदीक से गोली मार दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। यह घटना अनंतनाग लोकसभा क्षेत्र में हुई है, जहां सात मई को तीसरे चरण में मतदान होना है।

पुलिस लक्षित हत्या समेत विभिन्न बिंदुओं से जोड़कर घटना की जांच कर रही है।

## दिल्ली में तेज हवाओं के साथ दो दिन बारिश की संभावना

- इस हफ्ते भयंकर गर्मी लोगों को नहीं सताएगी
- बुधवार शाम भी कई इलाकों में बूंदाबांदी हुई

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। राजधानी में दो दिन तेज हवाओं के साथ कई इलाकों में हल्की बारिश होने की संभावना है। इससे अगले पांच दिनों तक दिल्लीवासियों को गर्मी से राहत मिलेगी। मौसम विभाग ने येलो अलर्ट भी जारी किया है। वहीं, बुधवार शाम तेज हवाओं के साथ मौसम बदला और कुछ इलाकों में हल्की बूंदाबांदी हुई।

दिल्ली में बीते कुछ दिनों से तापमान सामान्य के आसपास बना हुआ है। बुधवार को दिल्ली में तेज धूप निकलने के बावजूद गर्मी का एहसास कम हुआ। मंगलवार को अधिकतम तापमान 35.8 डिग्री सेल्यिस रहा तो बुधवार को 35.1 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, न्यूनतम तापमान 20.8 डिग्री रहा। मौसम विभाग के अनुसार, गुरुवार और शुक्रवार को दिल्ली में बारिश के साथ हवा की गति 30 से 40 किलोमीटर प्रतिघंटा रहेगी। अगले कुछ दिन आसमान में बादल छाए रहेंगे, जिसके चलते मौसम खुशनुमा बना रहेगा।

आगामी रविवार को भी दिल्ली में 20 से 30 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार से हवा चलेगी। गुरुवार को अधिकतम तापमान 36 डिग्री और शुक्रवार को 34 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने की उम्मीद है।

## प्रमुख पांच

### 1 दिल्ली से गर्मियों में चलेंगी 185 विशेष ट्रेन

आगामी डेढ़ माह में लगभग 185 विशेष रेलगाड़ी के माध्यम से 2600 फेरे लगाए जाएंगे। चुनावी राज्यों के लिए जल्द ही अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा होगी। इससे 50 लाख अतिरिक्त यात्री सफर कर सकेंगे। P02

### 2 आप ने लॉन्च की रामराज्य वेबसाइट

आम आदमी पार्टी ने राम नवमी के मौके पर 'आप का रामराज्य' वेबसाइट लांच की है। P02

### 3 उपचार के लिए पीएफ से एक लाख निकाल सकेंगे

अब पीएफ खाताधारक इलाज के लिए अपने खाते से एक लाख रुपये तक निकाल सकते हैं। P11

### 4 दुबई अचानक भारी बारिश से बेहाल हुई

रेगिस्तानी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई। इससे दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे, सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात बन गए। इसका कारण क्लाउड सीडिंग माना जा रहा है। P13

### 5 सत्ता संग्राम में सितारों का सिलसिला

हिंदी पट्टी के मतदाताओं का अनुभव स्टारडम वाले जन-प्रतिनिधियों के साथ बहुत अच्छा नहीं रहा है, जबकि दक्षिण भारत में सितारे ईमानदारी से सेवा करते दिखते हैं।

राज कुमार सिंह P08

## प्रेम में असफल व्यक्ति जान दे तो महिला दोषी नहीं : कोर्ट

- दोनों आरोपियों की अग्रिम जमानत मंजूर
- सुसाइड नोट में प्रेमिका, दोस्त पर लगाए थे आरोप

नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता। दिल्ली हाईकोर्ट ने आत्महत्या के लिए उकसाने के एक मामले में दो व्यक्तियों की अग्रिम जमानत मंजूर करते हुए कहा कि यदि कोई पुरुष प्रेम में विफलता के कारण खुदकुशी कर लेता है, तो उसकी महिला साथी को आत्महत्या के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

हाईकोर्ट ने कहा, दुर्बल मानसिकता वाले व्यक्ति द्वारा लिए गए गलत फैसले के लिए किसी अन्य को दोषी नहीं ठहराया जा सकता। न्यायमूर्ति अमित महाजन की पीठ ने कहा कि यदि कोई प्रेम में विफल रहने पर आत्महत्या करता है, कोई छात्र खराब प्रदर्शन के कारण आत्महत्या करता है, तो प्रेमिका, परीक्षक को खुदकुशी के लिए उकसाने का जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता।

वर्ष 2023 में खुदकुशी के लिए उकसाने के आरोप में दो लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया था। मृतक के पिता के अनुसार, महिला और उनके बेटे के बीच प्रेम-संबंध थे और दूसरा आरोपी उन दोनों का साझा मित्र था।

आरोप लगाया गया कि दोनों ने मृतक को यह कहकर उकसाया कि उनके बीच शारीरिक संबंध हैं और वे जल्द शादी करेंगे। मृतक ने सुसाइड नोट में लिखा था कि वह उन दोनों (महिला और उसके सामान्य दोस्त) के कारण आत्महत्या कर रहा है।

**रिपोर्ट** यूएनएफपीए ने विश्व जनसंख्या स्थिति-2024 पर रिपोर्ट जारी की, देश में 24 फीसदी आबादी 14 वर्ष तक की है, जबकि 15-64 आयु वर्ग वाले 68 फीसदी

## भारत की आबादी डेढ़ अरब के पास पहुंची, महिलाएं हुईं दीर्घायु

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत की आबादी डेढ़ अरब के करीब पहुंच गई है। वहीं, महिलाओं की जीवन प्रत्याशा में लगभग साढ़े तीन वर्ष की बढ़ोतरी हुई है।

संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष (यूएनएफपीए) ने विश्व जनसंख्या स्थिति-2024 रिपोर्ट जारी की। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 71 वर्ष और महिलाओं की 74 वर्ष है। वर्ष 2020 तक पुरुषों की जीवन प्रत्याशा 67.8 और महिलाओं की 70.4 वर्ष थी।

भारत की आबादी 144.17 करोड़ तक पहुंच गई है। जनसंख्या का आंकड़ा अगले 77 वर्षों में बढ़कर दोगुना हो जाएगा। वर्ष 2050 तक भारत में दुनिया के 17 फीसदी बुजुर्ग होंगे। अभी देश में 65 वर्ष से अधिक उम्र के बुजुर्ग सात फीसदी से भी कम हैं। दुनिया में अनुमानित आबादी के साथ भारत सबसे आगे है, जबकि चीन 142.5 करोड़ के साथ दूसरे स्थान पर है। 2011 में पिछली जनगणना में देश की आबादी 121 करोड़ थी।

**महिलाओं से यौन हिंसा का खतरा बढ़ा:** रिपोर्ट में महिलाओं की यौन स्थिति पर चिंता जाहिर की गई है। 25 फीसदी महिलाएं यौन संबंध बनाने से मना नहीं कर पातीं, जबकि 10 में से एक महिला गर्भनिरोधक उपायों के बारे में खुद निर्णय लेने में असमर्थ हैं। दिव्यांग महिलाओं में यौन हिंसा का खतरा दिव्यांग पुरुषों की अपेक्षा 10 गुना अधिक है।




“ दुनिया के 160 से अधिक देशों में घरेलू हिंसा के खिलाफ कानून बनाए गए। साथ ही मातृ मृत्यु दर को एक तिहाई कम किया गया। हालांकि, प्रमुख उपायों के बाद भी महिलाएं पीछे हैं।

- डॉ. नतालिया कनेम, कार्यकारी निदेशक, यूएनएफपीए

**144.17** करोड़ होने का अनुमान देश में कुल जनसंख्या

**24** फीसदी जनसंख्या 14 साल के आयु वर्ग की

- दुनिया में हर दिन 800 महिलाओं की बच्चे को जन्म देते समय मौत
- देश के 640 जिलों में प्रसव के दौरान मौतें प्रति एक लाख जन्म पर 70 से कम

### प्रजनन स्वास्थ्य बेहतर हुआ

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में यौन और प्रजनन स्वास्थ्य 30 वर्षों में बेहतर स्तर पर है। मातृ मृत्यु में कमी आई है। दुनिया में ऐसी मौतों में भारत का हिस्सा 8 फीसदी है। इसका श्रेय सस्ती, गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को दिया जा रहा है। 2006-2023 में भारत में 23 फीसदी बाल विवाह भी हुए।

### बढ़ती आबादी का असर

**फायदा**

- अधिक आबादी से देश बड़े बाजार के तौर पर स्थापित होता है, जिससे निवेश बढ़ता है
- मानव संसाधन की अधिकता देश के लिए साधन बनती है
- ज्यादा आबादी से जरूरतें भी अधिक होती हैं और देश के अंदर पूंजी प्रवाह तेज होता है

**नुकसान**

- अधिक आबादी के लिए प्राकृतिक संसाधनों का असीमित दोहन
- सभी लोगों के लिए रोजगार के मौके उपलब्ध कराना नामुमकिन
- संसाधन सीमित होने से नीतियों पर पड़ता है असर

# तैयारी : चुनावी समर में 50 लाख लोगों को घर पहुंचाएगी ट्रेन

■ अमित झा

**नई दिल्ली।** देश में 19 अप्रैल को मतदान का पहला चरण शुरू होने वाला है। साथ ही, गर्मियों की छुट्टी भी पड़ने वाली हैं। ऐसे में रेलवे ने लाखों लोगों को मतदान करने के लिए उनके घरों तक पहुंचाने की योजना बनाई है।

आगामी डेढ़ माह में लगभग 185 विशेष रेलगाड़ी के माध्यम से 2600 फेरे लगाए जाएंगे। इतना ही नहीं, चुनावी राज्यों के लिए जल्द ही अतिरिक्त विशेष रेलगाड़ियों की घोषणा होगी। इससे 50 लाख अतिरिक्त यात्री सफर कर सकेंगे। खासबात है कि यूपी-बिहार के लिए सबसे अधिक विशेष ट्रेन चलेंगी। जानकारी के अनुसार, प्रत्येक वर्ष गर्मियों में यात्रियों के लिए रेलगाड़ियों में सीट मिलना मुश्किल हो जाता है। खासतौर पर यूपी, बिहार और झारखंड जाने वाले यात्रियों को खासी दिक्कत होती है। इस बार ग्रीष्मकालीन अवकाश के साथ ही देश में लोकसभा चुनाव हो रहे हैं। ऐसे में मतदान के लिए घर जाने वाले यात्रियों की संख्या भी लाखों में रहने का अनुमान है। इसे ध्यान में रखते हुए इस बार विशेष रेलगाड़ियों के फेरे बीते वर्ष के मुकाबले ज्यादा रखने की तैयारी है।

अधिकारियों के अनुसार बीते वर्ष ग्रीष्मकालीन गाड़ियों के माध्यम से छह हजार से ज्यादा फेरे लगाए गए थे जबकि वर्ष 2022 में विशेष रेलगाड़ियों ने 4600 फेरे लगाए थे। इस वर्ष अभी तक 185 रेलगाड़ियों के माध्यम से लगभग 2600 फेरों की घोषणा हो चुकी है।

**सबसे ज्यादा यूपी-बिहार के लिए विशेष रेलगाड़ियां**

| रूट | फेरे |
|---|---|
| दिल्ली-बनारस | 56 |
| आनंद विहार-बनारस | 26 |
| दिल्ली-दरभंगा | 38 |
| दिल्ली-बरौनी | 20 |
| आनंद विहार-सहरसा | 18 |
| आनंद विहार-जयनगर | 38 |
| आनंद विहार-जोगबनी | 18 |
| आनंद विहार-मुज्जफरपुर | 36 |
| नई दिल्ली-पटना | 06 |
| आनंद विहार-पटना | 206 |
| आनंद विहर-गया | 142 |
| आनंद विहार-आरा | 60 |
| नई दिल्ली-भागलपुर | 28 |
| नई दिल्ली-वैष्णो देवी कटड़ा | 38 |

वर्ष 2023 में विशेष रेलगाड़ियों ने 6000 फेरे लगाए थे

आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में और विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी। इसके लिए रूट पर गाड़ियों की मांग का विश्लेषण किया जा रहा है।

**185** विशेष ट्रेन के माध्यम से 2600 फेरे लगाए जाएंगे अगले डेढ़ महीने में

■ मतदान की तारीखों को ध्यान में रखते हुए चलेंगी विशेष ट्रेन, छुट्टी पर घर जाने वालों को भी होगा फायदा



नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर बुधवार को भारी भीड़ के बीच ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करते यात्री।

### चुनाव को ध्यान में रखते हुए तैयार हो रहे रूट

रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस बार मतदान की तारीखों को ध्यान में रखते हुए रेलवे द्वारा उन प्रदेशों की तरफ विशेष रेलगाड़ियां चलाई जाएंगी जहां चुनाव होंगे। इसके लिए रेलवे की टीम द्वारा उन जगहों पर रेलगाड़ियों में सीट की मांग का विश्लेषण किया जा रहा है। इसके आधार पर ही गाड़ियों की घोषणा की जाएगी।

### बिहार के लिए सबसे ज्यादा

रेलवे अधिकारी ने बताया कि बीते वर्ष बिहार के लिए सबसे ज्यादा रेलगाड़ियों की मांग रही थी। इसे ध्यान में रखते हुए उन रूट पर ज्यादा विशेष रेलगाड़ियों को चलाया जा रहा है। अभी तक बिहार के लिए दो दर्जन से ज्यादा रेलगाड़ियों की घोषणा हो चुकी है। आवश्यकता अनुसार इन रूटों पर जल्द ही और रेलगाड़ियों की घोषणा की जाएगी।

**चुनाव आयोग से**

## मतदाता बनने के लिए 26 तक मौका

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** अगर मतदाता बनने से छूट गए हैं या फिर आपकी उम्र 18 वर्ष हो गई है तो आप मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं। ऐसे सभी लोगों के पास 26 अप्रैल तक मतदाता बनने के लिए ऑनलाइन फॉर्म-6 भरने का मौका है।

मतदाता बनने के लिए **https://voters.eci.gov.in** पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। साथ ही, चुनाव आयोग द्वारा जारी वोटर हेल्पलाइन ऐप गूगल प्ले स्टोर से अपने मोबाइल में डाउनलोड करें। ऐप खोलकर वोटर रजिस्ट्रेशन ऑप्शन पर जाएं। पहले नंबर पर फॉर्म-6 खुलकर आएगा, जो उन लोगों के लिए है जो पहली बार मतदाता बन रहे हैं।

लोकसभा चुनाव में प्रचार-प्रसार के लिए वेबसाइट लॉन्च की, सांसद संजय सिंह बोले, केजरीवाल सरकार में जनता के हित सर्वोपरि

# आप 'रामराज्य' के जरिए गिनाएगी अपने काम

**अभियान**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** आम आदमी पार्टी ने राम नवमी के मौके पर 'आप का रामराज्य' वेबसाइट लॉन्च की है। इसके माध्यम से दिल्ली-पंजाब में आप सरकार की ओर से किए जा रहे कामों की जानकारी लोगों तक पहुंचाई जाएगी।

आप नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने वेबसाइट लॉन्च करते हुए कहा कि अरविंद केजरीवाल द्वारा किए जा रहे काम रामराज्य की अवधारणा से प्रेरित हैं। इसलिए वेबसाइट का नाम **www.aapkaramrajya.com** रखा गया है। केजरीवाल सरकार में कोई भेदभाव नहीं होता है। कोई छोटा बड़ा नहीं है, सिर्फ जनता के हित सर्वोपरि होते हैं। इस दौरान आप नेता आतिशी, सौरभ भारद्वाज और जास्मिन शाह मौजूद रहे।

पार्टी कार्यालय में संजय सिंह ने कहा कि इस वेबसाइट में रामराज्य के सपने को पूरा करने के लिए केजरीवाल के 10 सिद्धांत हैं। दिल्ली में नौ और पंजाब में दो वर्ष के दौरान जनहित में किए गए सारे कामों की विस्तृत जानकारी इसमें उपलब्ध है। बीते वर्षों में किए गए काम दुनिया के सामने नजीर हैं। उन्होंने केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि सीएम के विरुद्ध निराधार बेबुनियाद मामले बनाए गए। झूठे बयानों के आधार पर उन्हें गिरफ्तार किया गया, क्योंकि केजरीवाल शिक्षा, स्वास्थ्य, पानी, बिजली मुफ्त देते हैं।

**आतिशी बोलीं, वादे पूरे करने के लिए करना पड़ा संघर्ष :** दिल्ली सरकार में मंत्री आतिशी ने कहा कि रामचरित मानस में कहा गया है कि 'रघुकुल रीति सदा चली आई, प्राण जाए पर वचन न जाई'। इसी से प्रेरणा लेकर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने वादे पूरा किए हैं। इसके लिए उन्हें बहुत संघर्ष करना पड़ा है। केंद्र सरकार द्वारा दिल्ली के हर काम रोकने की कोशिश की गई, फिर भी आप सरकार ने सभी वादे पूरे किए।

**देशभर में रामराज्य स्थापित करना चाहते हैं केजरीवाल :** दिल्ली सरकार में मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि हिन्दुस्तान में रामराज्य का मतलब एक मॉडल, एक कल्याकारी राज्य है, जिसमें लोगों को कष्ट न हो और यह सरकार की जिम्मेदारी है। केजरीवाल भी दिल्ली और पंजाब में उसी रामराज्य की बात करते हैं। सीएम चाहते हैं कि दिल्ली-पंजाब के साथ-साथ पूरे देश में रामराज्य स्थापित हो।

**जस्मीन शाह ने कहा, फर्जी मुकदमे के बावजूद काम से पीछे नहीं हटे :** आप के वरिष्ठ नेता जस्मीन शाह ने कहा कि केजरीवाल और आम आदमी पार्टी का केवल एक ही गुनाह है कि हम केवल काम की राजनीति पर अड़े हुए हैं। जब से पार्टी का जन्म हुआ है, तब से लेकर आज तक एक के बाद एक फर्जी मुकदमे दर्ज करके हमें प्रताड़ित किया जा रहा है। इसके बाद भी हम काम करने से पीछे नहीं हटे। लोकसभा चुनाव में हम केवल अरविंद केजरीवाल के काम के नाम पर जनता से वोट देने की अपील करेंगे।



नई दिल्ली में बुधवार को वेबसाइट लॉन्च के दौरान आप नेता सौरभ भारद्वाज, सांसद संजय सिंह और आतिशी। ● विपिन कुमार

### दिल्ली की जनता सच्चाई जानती है : सचदेवा

दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा का कहना है कि आम आदमी पार्टी ने राम नवमी के दिन 'रामराज्य' नाम से वेबसाइट शुरू की है। यह सिर्फ मतदाताओं को साधने की कोशिश का हिस्सा है। इसलिए पार्टी का रंग बदल रहा है, लेकिन दिल्ली की जनता सच्चाई जानती है। जनता देख रही है कि दिल्ली सरकार के एक-एक करके सारे घोटाले सामने आ रहे हैं। आबकारी नीति मामला सभी के सामने है।

## रणनीति : सहानुभूति से वोटरों को साधेगी पार्टी

**विश्लेषण**

■ गौरव त्यागी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी आम आदमी पार्टी के चुनावी अभियान की अहम रणनीति बन गई है। पहले से तय नारे 'संसद में भी केजरीवाल' को बदलकर आप ने 'जेल का जवाब वोट से' नारे के साथ कैंपेने शुरू कर दिया है। पार्टी को लगता है कि सहानुभूति बटोरकर उसे लोकसभा चुनाव में फायदा हो सकता है।

पार्टी ने बुधवार को रामराज्य की तर्ज पर दिल्ली के विकास को लेकर वेबसाइट भी जारी की। पार्टी को भरोसा है कि वह इसके जरिये भाजपा के राम मंदिर को लेकर चल रहे अभियान की काट खोज सकती है।

**जेल में खराब व्यवहार का मुद्दा :** पार्टी आरोप लगा रही है कि मुख्यमंत्री के साथ जेल में खराब व्यवहार किया जा रहा है। पंजाब के सीएम भगवंत मान ने सीएम से मुलाकात के बाद कहा कि उन्हें ठीक से मिलने नहीं दिया गया। दिल्ली के मंत्री भी इस पर सवाल उठा चुके हैं। आप की रणनीति साफ है कि सीएम के साथ जेल में व्यवहार के मुद्दे पर जनता की सहानुभूति बटोरी जाए।

**केजरीवाल के नाम पर अभियान :** केजरीवाल पार्टी के गठन से ही मुख्य चुनावी चेहरा रहे हैं। विधानसभा और लोकसभा चुनाव में पार्टी का कैंपेन केजरीवाल के आस-पास रहता है। इस बार चुनाव से पहले केजरीवाल को प्रवर्तन निदेशालय ने कथित शराब मामले में गिरफ्तार कर लिया है। सीएम के जेल जाने को आप ने मुख्य चुनावी मुद्दा बना दिया है। आप ने केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद अपनी चुनावी रणनीति में बदलाव करते हुए 'जेल का जवाब वोट से' नारा दिया है। इस नारे के साथ केजरीवाल सरकार के कामों को लेकर डोर टू डोर अभियान शुरू किया है।



आप की ओर जारी नया पोस्टर।

### सुनीता केजरीवाल लोगों से करेंगी भावुक अपील

आप ने सुनीता केजरीवाल को राजनीतिक मंचों पर सक्रिय किया है। राजधानी में इंडिया गठबंधन की रैली में सुनीता ने पहली बार संबोधन किया। वह जल्द ही चुनावी सभाओं में पति अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी को लेकर वोट मांगती नजर आएंगी। इसकी शुरुआत गुजरात की दो सीटों भरूच व भावनगर से होगी।

**अपनी सीट को जानें**

## व्यापारियों के वोट में छिपी है जीत की गारंटी

**राजधानी की सबसे पुरानी सीटों में शामिल चांदनी चौक लोकसभा सीट पर भाजपा और इंडिया गठबंधन प्रत्याशी के बीच सीधा मुकाबला है। यहां व्यापारी और मुस्लिम मतदाताओं की संख्या सबसे अधिक मानी जाती है। इसलिए उम्मीदवारों को इन्हें साधने की चुनौती होगी।**

इस सीट के अंतर्गत तीन जिलों में पड़ने वाले 10 विधानसभा क्षेत्र आते हैं। इनमें उत्तरी-पश्चिमी जिले की शालीमार बाग और त्रिनगर, जबकि सेंट्रल दिल्ली का सदर बाजार, चांदनी चौक, मटिया महल और बल्लीमारान विधानसभा क्षेत्र आता है। इसके अलावा उत्तरी-दिल्ली जिले में पड़ने वाली आदर्श नगर, शकूरबस्ती, वजीरपुर और मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है।

यह लोकसभा क्षेत्र 1956 में अस्तित्व में आया, जो दिल्ली के सबसे व्यस्त बाजारों में से एक है। वैश्य, पंजाबी और मुस्लिम मतदाताओं वाली सीट पर कांग्रेस का लंबे समय तक कब्जा रहा है। इस बार भाजपा के सामने हैट्रिक लगाने की चुनौती है। पार्टी ने दो बार के सांसद डॉ. हर्षवर्धन का टिकट काटकर व्यापारी नेता प्रवीण खंडेलवाल पर दांव खेला है। वहीं, कांग्रेस ने वैश्य समाज से आने वाले जेपी अग्रवाल को मैदान में उतारा है। जेपी वर्ष 2019 में भी भाजपा प्रत्याशी डॉ. हर्षवर्धन के सामने चुनाव लड़े थे, लेकिन उन्हें 2.28 लाख से अधिक मतों से हार का समना करना पड़ा था। कांग्रेस को उम्मीद है कि आप से गठबंधन के बाद जेपी अग्रवाल मतदाताओं को साधने में सफल रहेंगे।




कुल मतदाता 16,09,730
पुरुष मतदाता 866127
महिला मतदाता 743443
थर्ड जेंडर मतदाता 160
(जनवरी 2024 की स्थिति)

### भाजपा और कांग्रेस उम्मीदवार आमने-सामने

**प्रवीण खंडेलवाल**
उम्र : 64 साल
जन्मस्थान : कूचा महाजन चांदनी दिल्ली
पार्टी : भाजपा
शिक्षा : लॉ ग्रेजुएट



खंडेलवाल व्यापारियों के संगठन कंफेडरेशन ऑफ इंडिया ट्रेडर्स के महासचिव हैं। लंबे समये से व्यापारियों से जुड़े मुद्दों पर काफी मुखर रहे हैं। चांदनी चौक को व्यापारियों का गढ़ माना जाता है। यहां पर वो लगातार सक्रिय रहे हैं।

**जेपी अग्रवाल**
उम्र : 79 साल
जन्मस्थान : दिल्ली
पार्टी : कांग्रेस
शिक्षा : स्नातक (हंसराज कॉलेज)



जेपी अग्रवाल को दिल्ली में कांग्रेस के सबसे अनुभवी नेताओं में गिना जाता है। वे नगर निगम से लेकर लोकसभा और राज्यसभा तक की जिम्मेदारी निभा चुके हैं। चार बार सांसद रहे हैं। कांग्रेस की उनपर काफी उम्मीदें कायम हैं।

### लोकसभा चुनाव में पिछली दो बार की स्थिति

| पार्टी | उम्मीदवार | मतदान | मतदान प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| **2019** | | | |
| भाजपा | डॉ. हर्षवर्धन | 519055 | 52.92% |
| कांग्रेस | जयप्रकाश अग्रवाल | 290910 | 29.66% |
| आप | पंकज कुमार गुप्ता | 144551 | 14.74% |
| **2014** | | | |
| भाजपा | डॉ. हर्षवर्धन | 437938 | 30.26% |
| आप | आशुतोष | 301618 | 20.84% |
| कांग्रेस | कपिल सिब्बल | 176206 | 12.18% |

## सीएम ने वर्चुअल मीटिंग के लिए याचिका दायर की

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली उच्च न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर की गई है। इसमें मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को न्यायिक हिरासत में रहते हुए दिल्ली के कुशल प्रशासन की व्यवस्था करने के लिए कैबिनेट मंत्रियों और विधायकों के साथ वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से बातचीत की अनुमति मांगी गई है। जेल महानिदेशक को निर्देश देने की भी मांग की गई है कि वह केजरीवाल को मंत्रियों और विधायकों से बातचीत की व्यवस्था करें।

श्रीकांत प्रसाद नामक व्यक्ति की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि न तो भारत का संविधान और न ही कोई कानून मुख्यमंत्री/प्रधानमंत्री सहित किसी भी मंत्री को न्यायिक हिरासत में रहकर जेल परिसर से सरकार चलाने से रोकता है। याचिका में केन्द्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय को दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लगाने से संबंधित भ्रामक, सनसनीखेज शीर्षकों को प्रसारित करने से मीडिया को रोकने का निर्देश देने की भी मांग की गई है।

### निजी सचिव को आवास खाली करने का आदेश

सीएम केजरीवाल के निजी सचिव विभव कुमार को हटाए जाने के बाद अब उन्हें सरकारी आवास खाली करने का आदेश जारी किया गया है। लोक निर्माण विभाग की ओर से जारी आदेश में उन्हें 10 अप्रैल को सतर्कता विभाग के आदेश हवाला किया या है जिसमें उन्हें हटाएं जाने की बात कही गई है। उन्हें 10 मई तक सरकारी आवास को खाली करने का समय दिया गया है।

## बदलाव चाह रही जनता : लवली

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अरविंदर सिंह लवली ने राजधानी की सातों लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार को गति देने के लिए वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। उन्होंने कहा कि देश के लोग रिकॉर्ड तोड़ महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक संकट से परेशान होकर सत्ता में बदलाव चाहते हैं।

लवली ने कांग्रेस द्वारा लड़ी जा रही तीनों लोकसभा सीटों पर चुनाव प्रचार तेज करने के निर्देश दिए। लवली ने कहा कि भाजपा जानती है कि उन्होंने जनता के लिए कुछ नही किया है। इसलिए प्रत्येक पांच साल में दिल्ली में अपना प्रत्याशी बदल देती है। पिछली बार के चुने हुए 7 सांसदों ने भी कोई काम नहीं किया, जिसके चलते छह नए प्रत्याशी उतारे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा जानती है कि वर्तमान लोकसभा चुनाव में जनता उन्हें नकार रही है।

## सिर्फ चुनिंदा कंपनियों को काम देती है आप : भाजपा

**आरोप**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली भाजपा ने आरोप लगाया है कि आप सरकार सिर्फ चुनिंदा लोगों और कंपनियों को काम देती है।

दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने बुधवार को पार्टी कार्यालय में आरोप लगाया कि दिल्ली सरकार ने नियमों के विपरीत कुछ कंपनियों को काम दिए हैं। इसलिए आप को जवाब देना चाहिए कि आखिरकार इन कंपनियों से सरकार और उनकी पार्टी के लोगों का क्या रिश्ता है। सचदेवा ने बताया कि स्कूल ऑफ एक्सीलेंस का ठेका ऊंची बोली लगाने वाली कंपनी को दिया गया। उन्होंने एक कंपनी का नाम लेते हुए कहा कि दिल्ली सरकार को बताना चाहिए कि उन्होंने इस कंपनी को दवा सप्लाई का काम क्यों दिया।



**आर्थिक विकास के लिए काम कर रही केंद्र :** भाजपा के लोकसभा प्रभारी ओपी धनखड़ ने बुधवार को प्रदेश कार्यालय में संगठनात्मक बैठक ली। उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार का चेहरा अदालतों में बेनकाब हो रहा है। एक-एक कर सभी घोटाले खुल रहे हैं। उधर, केंद्र देश के आर्थिक विकास के लिए काम कर रही है।

## एनडीए मजबूत विकल्प: तरुण चुग

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरूण चुघ का कहना है कि देश के लोगों के पास भाजपा और एनडीए का मजबूत विकल्प है। बुधवार को पूर्वी दिल्ली में चुनाव कार्यालय के उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि लोग देख रहे हैं कि बीते 10 वर्षों में देश की तेजी के साथ आगे बढ़ा है। भाजपा देश को विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में प्रतिबद्ध है।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय महासचिव दुष्यंत गौतम ने भी हमें अपने अभियान और मतदान के प्रति लोगों की अधिक भागेदारी सुनिश्चित करानी होगी। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि दिल्ली के लोगों ने देखा है कि किस तरह से केंद्र की सरकार ने काम किया है। भारत मंडपम के साथ ही, दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे से लेकर द्वारका एक्सप्रेसवे तक दिल्ली के लोगों को समर्पित किया है।

**असमंजस** | दोनों दल संयुक्त प्रचार की रणनीति नहीं बना पाए , आप सिर्फ अपने हिस्से की सीटों पर मेहनत कर रही

# आप-कांग्रेस गठबंधन जमीन पर सक्रिय नहीं

**दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर भाजपा के खिलाफ आम आदमी पार्टी और कांग्रेस ने गठबंधन किया है। आप चार जबकि कांग्रेस तीन सीटों पर चुनाव लड़ रही है। हालांकि, अभी जमीन पर गठबंधन नजर नहीं आ रहा है। आप और कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व संयुक्त प्रचार रणनीति नहीं बना पाए हैं। दोनों दलों के कार्यकर्ता भी साथ नहीं दिख रहे।

आम आदमी पार्टी ने सबसे पहले अपने हिस्से की चारों सीटों पर उम्मीदवार घोषित किए थे। कांग्रेस ने भी 15 अप्रैल को उम्मीदवार घोषित कर दिए, लेकिन उसके बाद भी अभी तक दोनों दलों के नेताओं के बीच कोई समवन्य बैठक नहीं हुई है। इसका असर अब जमीन पर भी दिखाई देना लगा है। ऐसे में कार्यकर्ता कहां, किसके लिए प्रचार करें, असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

**अपने-अपने क्षेत्र में सिमटे :** समन्वय की कमी का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि आम आदमी पार्टी सिर्फ अपने हिस्से की चार सीटों पूर्वी दिल्ली, नई दिल्ली, दक्षिणी और पश्चिमी दिल्ली संसदीय सीट को लेकर रणनीति बना रही है। पार्टी की 16 अप्रैल से शुरू हुई संकल्प सभाएं भी इन्हीं चार लोकसभा सीट के अंतर्गत आने वाली 40 विधानसभाओं में की जाएंगी। संकल्प सभाएं पूरी दिल्ली में नहीं करने के सवाल पर आप के प्रदेश संयोजक गोपाल राय ने कहा कि अभी इसे 40 विधानसभा सीटों तक सीमित रखेंगे। कांग्रेस को जरूरत पड़ी तो हम उनके लिए भी काम करेंगे।

**कोई बैठक नहीं हुई :** कांग्रेस ने बीते 15 अप्रैल को तीन सीटों पर उम्मीदवारों की घोषणा की है। इसके बावजूद जमीन पर कांग्रेस के नेताओं व कार्यकर्ताओं में उत्साह नजर नहीं आया है। प्रदेश कांग्रेस की तरफ से भी रामलीला मैदान में इंडिया गठबंधन की रैली को छोड़ दें तो कोई सार्वजनिक बैठक नहीं हुई है।

### बिना पक्ष लिए एक्स से हटवाई पोस्ट : प्रियंका कक्कड़

आम आदमी पार्टी ने चुनाव आयोग पर भाजपा के प्रकोष्ठ की तरह काम करने का आरोप लगाया है। आप प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि चुनाव आयोग ने इलेक्टोरल बांड का पोस्ट सोशल मीडिया मंच एक्स से हटवा दिया, जिसमें हमने घोटाले का सच उजागर किया था। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि बिना हमारा पक्ष लिए ही पोस्ट को हटवा दिया गया है। पार्टी कार्यालय में आयोजित पत्रकारवार्ता में प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि हमारे देश का कानून एक आतंकवादी तक को सुनवाई का मौका देता है, लेकिन चुनाव आयोग ने यह भी जरूरी नहीं समझा और सीधा 'एक्स' से हमारी पोस्ट को हटवा दिया।

## मुख्य सचिव अस्पतालों का दौरा करें: सौरभ भारद्वाज

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दवाइयों की कमी को लेकर मुख्य सचिव को रोजाना एक अस्पताल और मोहल्ला क्लीनिक में दौरा करने के निर्देश दिए हैं।

भारद्वाज ने कहा कि वहां आने वाले मरीजों से बातचीत करके दवाओं और अन्य सामग्रियों की कमी की जानकारी प्राप्त करें। स्वास्थ्य मंत्री ने बुधवार को मुख्य सचिव को एक लिखित निर्देश जारी करते हुए अस्पतालों में दवाई को लेकर रिपोर्ट देने के लिए भी नाराजगी जाहिर की है। अस्पतालों की दैनिक रिपोर्ट देने का भी निर्देश दिया है।

भारद्वाज ने कहा कि हमें मुफ्त दवाइयों की कमी की खबर मिल रही है, जबकि मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव ने कहा कि प्रत्येक मरीज के लिए सभी आवश्यक विकल्प मौजूद है। मुख्य सचिव को 8 अप्रैल की एक बैठक का हवाला देते हुए लिखा कि उसमें मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव और महानिदेशक स्वास्थ्य सेवाओं ने बताया था कि अस्पतालों में सभी दवाएं उपलब्ध हैं। अगर कुछ उपलब्ध नहीं है, तो उन्हें उपलब्ध कराई जा रही हैं। स्वास्थ्य मंत्री ने मुख्य सचिव और स्वास्थ्य सचिव पर यह भी आरोप लगाया है कि दोनों अधिकारियों ने दवाओं की उपलब्धता को लेकर गुमराह किया है।

■ स्वास्थ्य मंत्री ने अफसरों पर गुमराह करने का आरोप लगाया

**वे दिन** | किस्सा : नई दिल्ली सीट का

## आडवाणी से हारकर धरने पर बैठ गए थे राजेश खन्ना

■ हेमवती नंदन राजौरा

**नई दिल्ली।** वर्ष 1991 के आम चुनाव में नई दिल्ली लोकसभा सीट पर पूरे देश की निगाहें टिकी थीं। यहां दो कद्दावर नेता आमने-सामने थे। एक तरफ बीजेपी ने राममंदिर आंदोलन की अगुवाई कर रहे लालकृष्ण आडवाणी तो दूसरी तरफ कांग्रेस ने उस दौर के सुपरस्टार राजेश खन्ना को चुनाव मैदान में उतारा था।

शुरुआत में मुकाबला एक तरफा माना जा रहा था, लेकिन नतीजे वाले दिन आडवाणी ने बाजी मार ली। इसके बाद अभिनेता राजेश खन्ना ने काउंटिंग सेंटर पर जमकर हंगामा काटा और कुछ देर के लिए धरने पर बैठ गए थे। यूपीएससी की इमारत में मतगणना शुरू हुई। बड़ी संख्या में दोनों दलों के समर्थक मौजूद थे।

शुरुआत में राजेश खन्ना ने लालकृष्ण आडवाणी पर बढ़त बना ली तो इससे आडवाणी खेमे में निराशा दिखने लगी थी। राजेश के समर्थक पास के मंदिरों से फूल लेकर आने लगे थे। हालांकि, सातवें राउंड के बाद बाजी पलटने लगी। लालकृष्ण आडवाणी ने राजेश खन्ना को 1589 वोटों से हरा दिया था। आडवाणी को 93,662 वोट मिले थे, जबकि राजेश खन्ना को 92,073 मत हासिल हुए थे।

## काम की खबरें

### 1 आईपीयू ने फिर बढ़ाई आवेदन करने की तिथि

आईपीयू ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित टेस्ट एवं मेरिट आधारित प्रोग्राम के लिए आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। 15 मई तक छात्र **https://ipu.admissions.nic.in** पर जाकर आवेदन कर सकते हैं।

### 2 रिंग रोड पर एक सप्ताह तक यातायात प्रभावित रहेगा

राजा गार्डन स्थित ईएसआई अस्पताल के पास अंडरपास बनाने के साथ ही बिजली की तार बिछाने का काम किया जा रहा है। इसके चलते राजौरी गार्डन से पंजाबी बाग गोल चक्कर के बीच दोनों ही दिशाओं में एक सप्ताह तक यातायात प्रभावित रहेगा।

### 3 आनंद विहार से प्रयागराज के बीच विशेष रेलगाड़ी

ग्रीष्मकाल में यात्रियों की सुविधा के लिए आनंद विहार टर्मिनल से प्रयागराज के लिए विशेष गाड़ी 12 फेरे लगाएगी। प्रयागराज से प्रत्येक शुक्रवार को (26 अप्रैल से 31 मई तक) रात 9.20 बजे चलेगी। आनंद विहार से प्रत्येक शनिवार (27 अप्रैल से एक जून तक) सुबह 9.30 बजे चलेगी।

### 4 पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम सेवाएं एक घंटे बंद रहेंगी

दिल्ली पीआरएस (पैसेंजर रिजर्वेशन सिस्टम) की सभी सेवाएं 18 अप्रैल को 00.15 से लेकर तड़के 1.15 बजे तक बंद रहेंगी। इसके चलते एक घंटे तक आरक्षण, निरस्तीकरण, चार्टिंग, पूछताछ सेवा (139 तथा काउंटर सेवा), इंटरनेट बुकिंग आदि सेवाएं उपलब्ध नहीं रहेंगी।

### 5 10वीं और 12वीं में दाखिले के लिए आज से आवेदन

सरकारी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए गैर योजनाबद्ध दाखिला के तहत कक्षा 10वीं और 12वीं में दाखिला के लिए 18 अप्रैल से आवेदन कर सकेंगे। 30 अप्रैल तक फॉर्म भरे जाएंगे। दाखिला प्रवेश परीक्षा के आधार पर मिलेगा, जिसका आयोजन नौ मई को होगा।

## आज का मौसम

36.0° अधिकतम | 22.0° न्यूनतम

सूर्योदय : 05:53 | सूर्यास्त : 18:48

**अनुमान**

मौसम विभाग के अनुसार, बादल छाए रहेंगे। बारिश होने की संभावना।

## शहर 30s

### डीयू में दाखिले के लिए आवेदन जल्द

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय इसी सप्ताह से पीजी, बीटेक और पांच वर्षीय एलएलबी में दाखिले के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर रहा है। डीयू के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार को इसकी आधिकारिक घोषणा हो सकती है। कुछ विषयों को छोड़कर बाकी सभी के लिए परास्नातक स्तर पर दाखिला सीयूईटी की प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर होगा। पीजी विषयों का परीक्षा परिणाम एनटीए ने जारी कर दिया है।

### इंप्लांट समय पर सुनिश्चित कराने का आदेश

**नई दिल्ली।** एम्स दिल्ली की अमृत फार्मेसी में मरीजों को समय पर इंप्लांट न मिलने की परेशानी को देखते हुए कई डॉक्टरों ने प्रशासन से शिकायत की थी। एम्स ने मंगलवार को बैठक में यह समस्या केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के सामने उठाई। इसके बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने एम्स में निशुल्क जेनरिक फार्मेसी और अमृत फार्मेसी का संचालन करने वाली सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एलएलएल लाइफ केयर को इंप्लांट की उपलब्धता सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

### फीस बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजने की तारीख बढ़ाई

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने सरकारी एजेंसी की ओर से आवंटित भूमि पर संचालित होने वाले निजी स्कूलों को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए फीस बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजने की तारीख को 30 अप्रैल तक के लिए बढ़ा दिया है। बता दें कि स्कूल बिना निदेशालय की अनुमति के ट्यूशन फीस/शुल्क नहीं बढ़ा सकते हैं। अगर कोई स्कूल ऐसा करता है तो निदेशालय कार्रवाई करेगा।

### छात्रों को मेंटल मैथ प्रश्नोत्तरी बैंक वितरित करें

**नई दिल्ली।** शिक्षा निदेशालय ने सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों को शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए कक्षा पांचवीं से लेकर 12वीं के छात्रों को अप्रैल माह के आखिरी तक मेंटल मैथ प्रश्नोत्तरी बैंक वितरित करने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में निदेशालय की ओर से सर्कुलर भी जारी किया गया है। कक्षा पांचवीं से लेकर दसवीं के छात्रों का प्रश्नोत्तरी बैंक हिंदी और अंग्रेजी माध्यम में निदेशालय की वेबसाइट पर भी उपलब्ध है।

### हाईकोर्ट ने कहा - चालक पर एकतरफा कार्रवाई अनुचित

# बिना नोटिस दिए ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करना गलत

**अदालत से**

■ हेमलता कौशिक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने कहा है कि भले ही कोई वाहन चालक यातायात नियमों का उल्लंघन कर दे, लेकिन परिवहन विभाग को दोषी चालक का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने से पहले उसे नोटिस जारी करना अनिवार्य है। यह टिप्पणी दिल्ली उच्च न्यायालय ने सात साल पुराने एक मामले में की।

न्यायमूर्ति सचिन दत्ता की पीठ ने फैसले में कहा है कि मोटर वाहन अधिनियम की धारा 19(1) यह सुनिश्चित करती है कि परिवहन विभाग को वाहन चालक का लाइसेंस रद्द करना हो या कोई और कार्रवाई, इसके लिए पहले संबंधित व्यक्ति को कारण बताओ नोटिस जारी करना अनिवार्य है। यदि ऐसा नहीं किया जाता, तो परिवहन विभाग द्वारा उठाया गया कदम न्यायसंगत नहीं माना जाएगा।

**कार्रवाई को गैरकानूनी ठहराया :** पीठ ने एक याचिकाकर्ता की याचिका पर परिवहन विभाग की ओर से सात साल पहले की गई कार्रवाई को गैरकानूनी ठहराया है। साथ ही, दिल्ली परिवहन विभाग को निर्देश दिया है कि वह नए सिरे से याचिकाकर्ता को कारण बताओ नोटिस जारी करे। पीठ ने याचिकाकर्ता को कहा है कि यदि वह परिवहन विभाग की कार्यवाही से संतुष्ट ना हो तो दोबारा अदालत का दरवाजा खटखटा सकता है।

**पक्ष सुनना भी जरूरी :** दरअसल, मोटर वाहन अधिनियम की विशेष धारा के तहत यह निर्धारित है कि जब भी पुलिस अथवा अदालत द्वारा किसी वाहन चालक के खिलाफ कार्रवाई की अनुशंसा की जाए तो परिवहन विभाग का दायित्व बनता है कि वह दोषी वाहन चालक को कारण बताओ नोटिस जारी करेगा और उसका पक्ष भी सुनेगा।

**लाल बत्ती जंप की थी :** याचिकाकर्ता के मुताबिक, उस पर 20 मार्च 2017 को लाल बत्ती जंप करने के अपराध में जुर्माना लगा था। निर्धारित अवधि के लिए उसका लाइसेंस रद्द करने के आदेश दिए थे, लेकिन लाइसेंस अप्रैल 2017 में रद्द कर दिया।

### उचित जवाब देने में असफल रहा परिवहन विभाग

वाहन चालक का कहना था कि उसे कुछ समय बाद पता चला कि ड्राइविंग लाइसेंस रद्द हो गया है। उच्च न्यायालय ने इस पर परिवहन विभाग से जवाब मांगा। विभाग की तरफ से कहा गया कि मामला बहुत पुराना है। इस मामले से संबंधित कोई जानकारी उनके पास उलब्ध नहीं है। इस पर उच्च न्यायालय ने इस प्रक्रिया को दोबारा अपनाने के निर्देश दिए हैं।

## रोजाना 10 वाहन उठाने का आदेश

**नई दिल्ली, प्र.सं।** दिल्ली की सड़कों पर अवैध पार्किंग करने वालों के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने अभियान तेज कर दिया है। संयुक्त आयुक्त ने क्रेन से रोजाना कम से कम 10 गाड़ी उठाने का आदेश दिया है।

आदेश में कहा गया है कि प्रत्येक क्रेन को 12 घंटे के लिए 2999 रुपये का भुगतान होता है। ऐसे में कम से कम पांच कार और पांच बाइक उठाना अनिवार्य है। अगर क्रेन से गाड़ी उठाने के मामले नहीं बढ़े तो इसे गंभीरता से लिया जाएगा।

क्रेन से दुपहिया वाहन उठाने पर 200 रुपये शुल्क लिया जाता है, जबकि 500 रुपये अवैध पार्किंग का चालान कर अदालत में भेज दिया जाता है। वहीं कार उठाने पर 400 रुपये शुल्क लिया जाता है।

# मुनक नहर में तीन किशोर डूबे, मौत

**दर्दनाक**

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** रोहिणी सेक्टर-15 से गुजरने वाली मुनक नहर में डूबने से तीन किशोरों की मौत हो गई। गोताखोरों ने बुधवार शाम को सभी किशोरों के शव निकाले। केएन काटजू मार्ग थाना पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए बीएसए अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है।

जानकारी के अनुसार, भलस्वा डेरी इलाके के रहने वाले छह-सात किशोर बुधवार दोपहर को मुनक नहर में नहाने गए थे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि नहर के तेज बहाव में आकर अंकित, रेहान और अयान बहने लगे। वहां मौजूद किशोरों के साथियों ने शोर मचाना शुरू किया। इस बीच सूचना मिलने पर बोट क्लब के गोताखोर नहर में उतरकर किशोरों को तलाशने में जुट गए। चूंकि पानी का बहाव तेज था, इसलिए तलाशी अभियान में दिक्कत आ रही थी। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद गोताखोरों ने एक के बाद एक तीन किशोरों को नहर से निकाल लिया। लेकिन तबतक उनकी मौत हो चुकी थी।

**घटनास्थल पर मच गया कोहराम:** इस बीच किशोरों के साथ उनके दोस्तों ने घटना की सूचना तीनों के परिजनों को दे दी। इसके बाद सभी के परिजन मौके पर पहुंच गये और चारों तरफ चीख पुकार मच गई। परिजन वहां मौजूद लोगों से बच्चों को बचाने की गुहार लगा रहे थे। इस बीच दमकल की गाड़ी भी बचाव कार्य के लिए मौके पर पहुंच गई।

### बिना बताए घर से निकले थे

अंकित के पिता रमेश ने बताया कि बेटा बिना बताए नहाने के लिए आया था। वह कक्षा सात का छात्र था। राम नवमी पर छुट्टी होने की वजह से घर पर ही था। दोस्तों के साथ क्रिकेट खेलने के बहाने घर से निकला था। वहीं रेहान के पिता इरशाद ने बताया कि उनका बेटा पढ़ने में होनहार था। बिना बताए बाहर नहीं जाता था। इसलिए जब उन्हें हादसे की सूचना मिली तो पहले विश्वास ही नहीं हुआ।




P.K. UNIVERSITY
SHIVPURI (M.P.)
ADMISSION OPEN 2024-25
अपने करियर की मजबूत नींव रखिए हमारे साथ
विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिभाशाली छात्र/छात्राओं को विशेष छात्रवृत्ति सुविधा
CAMPUS ADDRESS
Shivpuri (M.P.) Pin-473665 | www.pkuniversity.edu.in
CITY OFFICE MATHURA :
PK GROUP OF INSTITUTIONS, (RAYA) MATHURA
Contact : 9634975423




NISSAN MAGNITE TRANSMISSION OPTIONS



MANUAL RANGE STARTS @ ₹5 99 900 | EZ-SHIFT (AMT) RANGE STARTS @ ₹6 59 900 | CVT TURBO RANGE STARTS @ ₹9 99 900



ONE CLASS ABOVE ROOMINESS

TO KNOW MORE CALL: 8879509258

NISSAN PROMISE TO YOU | NISSAN 5 YEAR WARRANTY# 2 years standard + 3 years* extended warranty | 24/7 NISSAN ROADSIDE ASSISTANCE Available @ 1500+ cities | LOWEST COST OF MAINTENANCE (38p/km*) During typical ownership period of 5 years | NISSAN DOORSTEP SERVICE Convenience of service @ doorstep | NISSAN PICK-UP AND DROP-OFF SERVICE Servicing your car now so easy | NISSAN EXPRESS SERVICE Service within 90 mins | NISSAN GENUINE ACCESSORIES 50+ tech, stylish & innovative accessories

TEST DRIVE TO BOOK NOW: 7065233336 | Book Nissan Magnite | www.nissan.in

AUTHORIZED NISSAN DEALERS: DELHI/NCR: OKHLA: YOUWE NISSAN- 9731169831, MOTI NAGAR: JUBILANT NISSAN- 9535947556, PATPARGANJ: BRITE NISSAN- 8448998307, PRASHANT VIHAR: JUBILANT NISSAN- 9731076910, SAFDARJUNG: YOUWE NISSAN- 9731170778, FARIDABAD: YOUWE NISSAN- 9731170445, GHAZIABAD: ADIV NISSAN- 9731043360, GURUGRAM: SECTOR 14: VERTEX NISSAN- 9731169529, GURUGRAM: SOHNA ROAD: VERTEX NISSAN- 9731169773, NOIDA: BRITE NISSAN- 8448998307.

*Terms & conditions apply. All prices ex-showroom Delhi. Features may vary from variant to variant. Colours are indicative only and may vary due to printing constraints. Accessories shown may not be part of standard fitment. **The offer may vary by variant and applicable for purchase on or before 30th April 2024. #Includes 2 years Standard + 3 years Extended Warranty (to be purchased separately). Please visit your nearest Nissan dealer for more information.

NISSAN FINANCE

# यूपीएससी में डीयू का डंका, दिल्ली पुलिसकर्मियों के बच्चे भी आगे

**होनहार**

**नई दिल्ली, प्रमुख संवाददाता।** दिल्ली पुलिसकर्मियों के बच्चों और दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कॉलेजों से पढ़ाई करने वाले छात्रों ने संघ लोक सेवा आयोग की परीक्षा में बेहतर प्रदर्शन किया है। उनकी इस सफलता पर परिवार से लेकर पड़ोसियों तक में खुशी है। दिल्ली पुलिस कमिश्नर की ओर से ट्वीट करके इस पर बधाई दी गई है।

**मिरांडा हाउस की बेटियों ने बाजी मारी :** डीयू के मिरांडा हाउस कॉलेज, राजधानी कॉलेज, सेंट स्टीफंस कॉलेज सहित अन्य कॉलेजों के विद्यार्थियों ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) में बेहतर प्रदर्शन किया है। पहले ही प्रयास में दिल्ली विश्वविद्यालय के मिरांडा हाउस कालेज की छात्रा रहीं डोनुरु अनन्या रेड्डी ने देशभर में तीसरा स्थान हासिल किया।

**नौशीन ने 9वां स्थान हासिल किया :** वहीं, सेंट स्टीफेंस की रुहानी ने पांचवी रैंक हासिल की है। एसजीटीबी खालसा कॉलेज से पढ़ाई करने वाली नौशीन ने 9वां स्थान हासिल किया है। राजधानी कॉलेज के अर्पित कुमार यादव ने 136वीं रैंक हासिल की है। मिरांडा हाउस से कुल पांच छात्राओं ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है। टॉप 50 में चार इसी कॉलेज की हैं। कॉलेज की शिक्षिका डा.हेना सिंह का कहना है कि हमें उम्मीद है कि और छात्राओं ने यह सफलता अर्जित की है। हम उनका डाटा जुटा रहे हैं। दयाल सिंह कॉलेज के एक शिक्षक ने फेसबुक पर लिखा है कि उनके पांच छात्रों ने यह परीक्षा उत्तीर्ण की है।

**प्रतिभा बोलीं, परिवार के साथ से मिली कामयाबी :** दिल्ली पुलिस के एसआई की बेटी 26 वर्षीय प्रतिभा के लिए यह दूसरा प्रयास था। प्रतिभा अपने परिवार के साथ गुरुग्राम में रहती हैं। उनके पिता दिल्ली पुलिस की सुरक्षा इकाई में तैनात हैं जबकि मां हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग में तैनात हैं। प्रतिभा का कहना है कि मैं भाग्यशाली थी कि मेरे परिवार ने बहुत समर्थन किया और हमेशा मुझे अपने घर में पढ़ाई का माहौल दिया। यह मेरा दूसरा प्रयास था और मैं आईपीएस अधिकारी बनना चाहती हूं। उन्होंने अपने भाई के मार्गदर्शन से खुद ही सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी की और 356वीं रैंक हासिल की। उन्होंने गणित में बीएससी और एमएससी की पढ़ाई की है।

## इंटरव्यू से पहले मां का निधन, लेकिन हौसला नहीं टूटा

तिलक मार्ग थाने में तैनात दिल्ली पुलिस के एएसआई की बेटी रूपल राणा ने 26वीं रैंक हासिल की है। वह अपने परिवार के साथ लाजपत नगर पुलिस कॉलोनी में रहती हैं। उनके पिता जसबीर राणा ने कहा कि परीक्षा में सफल होने के लिए वह रोजाना लगभग 12 घंटे पढ़ाई करती थी। यह उसका तीसरा प्रयास था और वह इस साल बहुत आशान्वित थी। उन्होंने कहा, वह जानती थी कि परीक्षा में सफलता हासिल करेगी, लेकिन उसने कभी इतनी अच्छी रैंक की उम्मीद नहीं की थी। यूपीएससी परीक्षा के दौरान रूपल के लिए यह कठिन समय था क्योंकि अंतिम साक्षात्कार से ठीक दो महीने पहले उनकी मां का निधन हो गया था। रूपल की मां की मौत हार्ट अटैक से हुई थी। उनके पिता ने बताया कि मां के निधन के बाद भी बेटी ने उम्मीद नहीं खोई और कड़ी मेहनत से अपनी मां का सपना पूरा किया। उन्होंने कहा कि हमारे परिवार में आज तक कोई भी इतने ऊंचे पद पर नहीं पहुंचा है।



दिल्ली पुलिस के एएसआई जसबीर सिंह राणा बेटी रूपल राणा के साथ।

### सफलता के सूत्र बताए

- समय प्रबंधन, कठिन परिश्रम ही लक्ष्य तक पहुंचाएगा
- सकारात्मक होकर करें तैयारी
- सफलता के प्रति दृढ़ रहें
- अपने सीनियर और शिक्षकों से मार्गदर्शन लेते रहें
- असफलता से निराश न हों, दोगुनी ऊर्जा से करें तैयारी

## बेटी सृष्टि डबास की सफलता पर पिता गदगद



दिल्ली पुलिस के एक अन्य एएसआई की बेटी सृष्टि डबास, जिन्होंने छठी रैंक हासिल की वह भी काफी खुश हैं। ट्रैफिक यूनिट में तैनात एएसआई संजीव डबास ने कहा कि यह मेरी बेटी का पहला प्रयास था और उसने यह परीक्षा पास कर ली। मैं उस पर बहुत खुश और गर्व महसूस कर रहा हूं। अपनी नौकरी करते हुए उसने इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए कुछ ऑनलाइन कक्षाएं लेने के अलावा खुद ही पढ़ाई की।

## पवन ने मेहनत से हासिल किया लक्ष्य

क्राइम ब्रांच में तैनात दिल्ली पुलिस के सब-इंस्पेक्टर पवन कादियान के बेटे उदित कादियान ने 375वीं रैंक हासिल की है और उन्हें आईपीएस अधिकारी बनने की उम्मीद है। दिल्ली के नजफगढ़ के निवासी एसआई पवन ने कहा, उदित हमेशा एक आईपीएस अधिकारी बनना चाहते थे। उन्होंने कहा कि मैं जब भी घर लौटता था तो उसे हमेशा पढ़ाई करते हुए पाता था। कुछ दिनों में वह सुबह 4-5 बजे तक पढ़ाई करता था। द्वारका में सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) के रूप में दिल्ली पुलिस में तैनात अधिकारी मनोज कुमार ने भी सिविल सेवा परीक्षा 2023 उत्तीर्ण की है।

पूर्वी दिल्ली के शकरपुर में दिल दहला देने वाली घटना, आरोपी ने आत्मसमर्पण किया

# विवाद में पत्नी-नाबालिग साले की पेचकस से गोदकर हत्या

**रिश्तों का कत्ल**

**नई दिल्ली, कार्यालय संवाददाता।** 1 पूर्वी दिल्ली के शकरपुर इलाके में बुधवार को दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां पति ने पारिवारिक विवाद में पत्नी और नाबालिग साले की पेचकस से गोदकर हत्या कर दी।

इनकी पहचान शकरपुर स्थित गली संख्या तीन निवासी 30 वर्षीय कमलेश होलकर और 17 वर्षीय रुद्र प्रताप सिंह के रूप में हुई। वारदात के बाद आरोपी फरार हो गया, लेकिन कुछ देर बाद आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस के अनुसार, शकरपुर थाने में बुधवार सुबह करीब 10:11 बजे झगड़े की पीसीआर कॉल मिली थी।

कॉलर रामबीर सिंह ने बताया कि कुछ लोग घायल हैं। सूचना मिलते ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और देखा कि कमलेश और उनके भाई की मौत हो चुकी है। महिला का पति श्रेयांश फरार था। कुछ समय बाद आरोपी पति ने आत्मसमर्पण कर जुर्म कुबूल कर लिया। इसके बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने क्राइम और एफएसएल की टीमों को भी मौके पर बुलाया। सभी ने साक्ष्य एकत्र कर लिए हैं।

वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के अनुसार, शुरुआती जांच में हत्या की वजह पति-पत्नी के बीच पारिवारिक झगड़े सामने आए हैं। दोनों एक-दूसरे के साथ सहज नहीं थे और छोटी-छोटी बातों पर अक्सर झगड़ते रहते थे। मृतकों के शरीर पर पेचकस के अलावा अन्य चोटें भी पाई गई हैं। फिलहाल, पुलिस आरोपी पति, परिजनों, पड़ोसियों से पूछताछ कर रही है।

**भांजे के जन्मदिन पर आया था किशोर :** इमारत के भूतल पर ददिया सास-ससुर, प्रथम तल पर सास-ससुर और दूसरे तल पर श्रेयांश और कमलेश का परिवार रहता था। महिला यूपी के साहिबाबाद स्थित एक विद्यालय में शिक्षिका थी। पति श्रेयांश एमसीए उत्तीर्ण था और रोजगार की तलाश में था। दोनों की करीब तीन साल पहले शादी हुई थी। इनका दो साल का एक बेटा भी है। बेटे का 15 अप्रैल को जन्मदिन था। इसी के चलते महिला का नाबालिग भाई भी आया हुआ था। वह मूलतः मथुरा का रहने वाला था।



पति श्रेयांश के साथ कमलेश होलकर। ● फाइल फोटो

> हत्या के कारणों का पता लगाने के लिए परिवार के लोगों से पूछताछ की जा रही है। महिला के मायके पक्ष के लोगों को भी सूचना दे दी गई है। सभी के विस्तृत बयान और पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मामला स्पष्ट रूप हो पाएगा।
>
> -**अपूर्वा गुप्ता**, पुलिस उपायुक्त, पूर्वी जिला

## लाशों के बीच पोते को देख चीख पड़े श्रेयांश के पिता

आरोपी श्रेयांश के पिता ने बताया कि वह टहलने के लिए बाहर गए हुए थे। जब घर पहुंचे तो बहू व उसके भाई के मौत की बात पता चली। अंदर जाकर देखा तो दरवाजा खुला था और उनका दो साल का पोता (श्रेयांश का बेटा) बिस्तर पर लाशों के पास मौजूद था। घर में बहू की लाश के पास पोते को बैठा देख वो घबराते हुए चीख पड़े। इसके बाद तुरंत मौके पर आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को कॉल किया। इससे अंदाजा लगाया जा रहा है कि आरोपी ने मंगलवार रात या बुधवार तड़के वारदात को अंजाम दिया और फरार हो गया।

## परिजनों ने मारपीट करने का आरोप लगाया

कमलेश के ममेरे भाई विनोद बघेल ने आरोप लगाया कि आरोपी श्रेयांश बेरोजगार था और उनकी बहन स्कूल में शिक्षिका थीं। इसके चलते रुपयों इत्यादि को लेकर आरोपी अक्सर उनकी बहन से लड़ाई झगड़े करता था। उन्होंने बताया कि आरोपी के कुछ नाजायज संबंध इत्यादि भी थे जोकि अक्सर विवाद की वजह बनते थे। श्रेयांश उनकी बहन से फालतू खर्चों के लिए रुपए मांगने के साथ ही दहेज इत्यादि को लेकर भी पीड़िता के साथ मार-पिटाई करता था।

# लूट का विरोध करने पर ली थी कैब चालक की जान

**फॉलोअप**

**नई दिल्ली, व. सं.।** 1 लाल किला के पास कैब चालक की हत्या रोडरेज में नहीं बल्कि लूटपाट का विरोध करने पर हुई थी। उत्तर जिला पुलिस ने मंगलवार को वारदात में शामिल एक महिला समेत तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर मामले का खुलासा किया। मुख्य आरोपी फिरोज अभी फरार है।

डीसीपी मनोज कुमार मीना ने बताया कि रविवार रात को छत्ता रेल लाल बत्ती के पास कैब की टक्कर से ई-रिक्शा पलटने के बाद विवाद हुआ था, इसलिए शुरुआत में मामला रोडरेज का लग रहा था। जांच आगे बढ़ी तो लूटपाट के विरोध में युवक की हत्या की बात सामने आई। लाल किला चौकी प्रभारी एसआई सत्येंद्र सिंह की टीम को सीसीटीवी कैमरे की फुटेज में वारदात के वक्त एक संदिग्ध महिला दिखाई दी, जो एक भिखारी से बात कर रही थी। भिखारी को पकड़कर पूछताछ की तो उसने बताया कि महिला का नाम अनिता है। पुलिस को अनिता से जुड़ा एक फोन नंबर मिला। इसके आधार पर पहले अनिता और फिर साजिद एवं सलमान को गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में पता चला कि यह गिरोह रात में वारदात की फिराक में इकट्ठा हुआ था। अनिता किसी शख्स को हनी ट्रैप कर सुनसान इलाके में ले जाती थी और फिर ये लूटपाट कर भाग जाते थे। घटना वाली रात जब ई-रिक्शा पलटा तो ये सभी मौके पर पहुंचे और मदद के बहाने कैब चालक शाकिब की पिटाई कर उसका पर्स निकाल लिया। शाकिब को जब पर्स निकालने का अहसास हुआ तो उसने शोर मचा दिया। इससे वहां मौजूद लोगों ने उनकी पिटाई करना शुरू कर दिया। अपने आप को बचाने के लिए फिरोज ने फायरिंग कर दी।

# पुलिस जांच में मुसीबत बना आरोपी का खुदकुशी करना

**नई दिल्ली, का. सं.।** 2 ज्योति नगर में मंगलवार को हुई एएसआई दिनेश की हत्या आरोपी मुकेश के खुदकुशी करने से उलझ गई है। एएसआई और मुकेश एक दूसरे के संपर्क में कब और किसके माध्यम से आए? आरोपी मुकेश ने लाखों रुपये क्यों उधार लिए थे? कर्ज में डूबे आरोपी ने महंगी पिस्टल और कारतूस किसके माध्यम से और कैसे जुटाया? इन सवालों के जवाब पुलिस के सामने चुनौती बन रहे हैं।

फिलहाल पुलिस दोनों की सीडीआर, सीसीटीवी कैमरों की फुटेज इत्यादि खंगालकर और उनके परिजनों एवं अन्य लोगों से पूछताछ करते हुए मामले को सुलझाने और उक्त प्रश्नों के जवाब ढूंढने का प्रयास कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक, आरोपी मुकेश की दो पत्नियां ज्योति और मीनू हैं। उसके एक नाबालिग बेटी भी है। मीनू से मुकेश का विवाद चल रहा है। इसके चलते आरोपी नंद नगरी में ही दोनों पत्नियों को अलग-अलग घरों में रखता था। उसे शराब, जुआ इत्यादि खेलने की भी बुरी आदत थी। कर्जे में डूबे होने के बाद भी वह ऐश-ओ-आराम का जीवन बिताता था। आशंका जताई जा रही है कि आरोपी ने इसके चलते ही एएसआई दिनेश से कर्ज लिया था। ब्याज और उधार से छुटकारा पाने के लिए ही उसने हत्या की योजना बनाई थी।

## कार्यालय जाने की बात कहकर निकले थे दिनेश

दूसरी ओर एएसआई दिनेश के परिवार के लोगों को इस बात की भनक तक नहीं है कि वह ब्याज पर रुपये देते थे। वारदात वाले दिन भी एएसआई नवरात्रि की पूजा के बाद मध्य दिल्ली के स्पेशल ब्रांच स्थित अपने कार्यालय जाने की बात कहकर घर से निकले थे, लेकिन फिर आरोपी से कॉल पर बात करने के बाद मुकेश से मिलने मीत नगर फ्लाईओवर पहुंच गए।

**शहर 30s**

## नर्सरी-पहली कक्षा की शुरुआत जल्द

**नई दिल्ली।** ढिचाऊं कलां स्थित राजकीय सर्वोदय बाल विद्यालय में शैक्षणिक सत्र 2024-25 से नर्सरी और पहली कक्षा की शुरुआत करने को लेकर शिक्षा निदेशालय ने आदेश जारी किया है। इस संबंध में जिला उप शिक्षा निदेशक और एस्टेट सहायक निदेशक आवास, फर्नीचर, पानी, बिजली संबंधी दिक्कतों को दूर करने के निर्देश दिए हैं।

## इमारतों में लगी आग, कोई हताहत नहीं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के दो अलग-अलग इलाकों में बुधवार को आग लगने की घटना सामने आई। पहली पश्चिमी दिल्ली के हरि नगर इलाके की है। यहां चार मंजिला इमारत की दूसरी मंजिल पर आग लग गई। वहीं, दूसरे मामले में पूर्वी दिल्ली के प्रीत विहार इलाके में स्थित तीन मंजिला मकान के दूसरी मंजिल पर आग लगी थी। दोनों मामलों में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

## 27 वर्षीय युवक की चाकू गोदकर जान ली

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली में बुधवार को एक युवक की चाकू से गोदकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान त्रिलोकपुरी निवासी अशोक उर्फ टंडा पानी के रूप में हुई है। वह मयूर विहार थाने का घोषित अपराधी था और उसके खिलाफ दिल्ली के विभिन्न थानों में 20 से 21 मामले दर्ज मिले हैं। पुलिस टीम हत्या की धाराओं में मामला दर्ज कर छानबीन कर रही है।

## निवेश के नाम पर ठगने वाला बेंगलुरु से पकड़ा

**नई दिल्ली।** निवेश के नाम पर ठगने वाले जालसाज को साइबर पुलिस ने मंगलवार को बेंगलुरू से गिरफ्तार किया। आरोपी ने एक महिला से करीब 43.76 लाख रुपये ठगे थे। दक्षिणी दिल्ली पुलिस उपायुक्त अंकित चौहान ने बताया कि आरोपी की पहचान कर्नाटक के बेंगलूरू निवासी रमेश कन्ना के रूप में हुई है। उसके पास से दो मोबाइल फोन, दो लैपटॉप आदि सामान बरामद हुआ।

## दुष्कर्म का आरोपी 10 साल बाद हत्थे चढ़ा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच ने नाबालिग को अगवा कर दुष्कर्म करने वाले को 10 साल बाद गिरफ्तार किया। आरोपी शिव शंकर उर्फ सुरेश को सोमवार को उत्तम नगर इलाके से पकड़ा गया। आरोपी पर दुष्कर्म और पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज थे। अदालत ने इसे भगोड़ा भी घोषित किया हुआ था। आरोपी आनंद पर्वत इलाके का रहने वाला है और पीड़िता का करीबी रिश्तेदार है।

## 14 आपराधिक मामलों में संलिप्त लुटेरा गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** विकासपुरी थाना पुलिस ने लूटपाट के एक आरोपी को मंगलवार को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान नांगलोई चंचल पार्क निवासी सोनू के रूप में हुई है। जिला पुलिस उपायुक्त विचित्र वीर ने बताया कि जांच में पता चला कि आरोपी पर 14 आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी से विकासपुरी, बिंदापुर, नांगलोई और निहाल विहार इलाके में हुई वारदात का खुलासा हुआ है।

## उत्पीड़न के आरोप में व्यक्ति को तीन साल कैद

**नई दिल्ली।** अदालत ने वर्ष 2015 में एक नाबालिग लड़की का यौन उत्पीड़न करने के आरोप में 28 वर्षीय एक व्यक्ति को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश बबीता पुनिया की अदालत ने पिछले महीने सजा पर दलीलें सुनी थीं। अब इस मामले में अदालत ने फैसला सुनाया है। अदालत ने पीड़िता को तीन लाख रुपये का मुआवजा भी दिया है।

## कार में लगे जीपीएस की मदद से दो बदमाश पकड़े

**नई दिल्ली।** कापसहेड़ा थाना पुलिस की टीम ने मंगलवार को दो बदमाशों को कार में लगे जीपीएस की मदद से गिरफ्तार किया। उनकी पहचान बिजवासन निवासी 29 वर्षीय गंगा सिंह और कापसहेड़ा निवासी 20 वर्षीय अंशुल सोलंकी के रूप में हुई है। दक्षिण पश्चिमी जिला पुलिस उपायुक्त रोहित मीणा ने बुधवार को बताया कि 13 अप्रैल को एक व्यक्ति से लूटपाट की शिकायत मिली थी।

# बेटे के घूमने से नाराज पति ने पत्नी को मार डाला

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** 2 बुराड़ी इलाके में एक कैब चालक रविवार रात को असमय बेटे के घूमने से नाराज हो गया और पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। इसकी पहचान 43 वर्षीय चांद बाबू के रूप में हुई।

- बुराड़ी में कैब चालक ने दिया वारदात को अंजाम, आरोपी गिरफ्तार

पुलिस अधिकारी ने बताया कि आरोपी परिवार सहित पिंकी चौधरी कॉलोनी में रहता है। परिवार में पत्नी नायब बेगम, 16 साल का बेटा अमन और 15 साल की बेटी जैनब है। बताया जाता है कि अमन पढ़ाई छोड़कर गलत संगत में पड़ गया था। इसके बाद शख्स ने बेटे के बाहर घूमने पर रोक लगा दी थी, लेकिन पिता की अनुपस्थिति में वह बाहर निकल जाता था। रविवार देर रात जब चांद बाबू घर आया तो मालूम हुआ कि बेटा बाहर घूम रहा है। इससे नाराज होकर उसने पत्नी की पिटाई शुरू कर दी। इस दौरान नायब बेगम के सिर पर गहरी चोट लग गई। आनन-फानन में घायल को अरुणा आसफ अली अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां हालत गंभीर होने पर एलएनजेपी अस्पताल रेफर किया गया। केस दर्ज करने के बाद एसआई जितेंद्र सिंह ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। लेकिन, सोमवार को इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई।


## गुमशुदा लड़की की तलाश



परवीन

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम **परवीन पुत्री** मोहम्मद अलाउद्दीन निवासी रवि यादव का मकान गली नं. 11 कापसहेड़ा नई दिल्ली। आयुः लगभग 19 वर्ष, कद 5 फुट 3 इंच, रंग सांवला, शरीर मध्यम, चेहरा गोल, जो काले रंग का टॉप, नीली जींस तथा पैरों में सुनहरे रंग का हील पहने हुए हैं दिनांक 08.04.2024 को अपने घर से लापता है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव प्रयास करने के बावजूद भी इस लड़की के बारे में पता नहीं चल सका है।

इस संदर्भ में डीडी संख्या 60A दिनांक 08.04.2024 को थाना कापसहेड़ा, नई दिल्ली में दर्ज है। यदि किसी व्यक्ति को इस लड़की के बारे में कोई भी जानकारी या सूचना हो तो निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें।

वेबसाइटः http://cbi.nic.in
ईमेलः cic@cbi.gov.in
फैक्सः 011-23011334
फोन नं.: 011-23014046, 23015218

थाना प्रभारी
कापसहेड़ा, नई दिल्ली
फोनः 9717825903, 7065036226

DP/4412/SW/2024

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

(धारा 82 सीआर.पी.सी. देखिए)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **प्रह्लाद** पुत्र पंछी लाल राय निवासी मकान नम्बर एस-26, आर ब्लॉक मस्जिद के पास (बस स्टैंड 912), रघुबीर नगर ख्याला, पश्चिमी दिल्ली ने मुकदमा प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 280/2021 धारा 20/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना कापसहेड़ा, नई दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रह्लाद** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **प्रह्लाद** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 280/2021 धारा 20/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना कापसहेड़ा, नई दिल्ली के उक्त अभियुक्त **प्रह्लाद** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 30.05.2024 को या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भावना कालिया
विशेष न्यायाधीश (एनडीपीएस)-01
द्वारका कोर्ट, नई दिल्ली

DP/4442/SW/2024


# खतरनाक तरीके से स्टंट करने वाले 28 लोग दबोचे

**नई दिल्ली, प्र. सं.।** संसद मार्ग और कर्तव्य पथ पर खतरनाक तरीके से बाइक पर स्टंट करने वाले 28 बाइकर्स के एक समूह के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की। आरोपी बाइकर्स को बुधवार तड़के पेट्रोलिंग कर रही पुलिस टीम ने दबोचा।

डीसीपी देवेश कुमार महला ने बताया कि बुधवार तड़के करीब साढ़े तीन बजे पेट्रोलिंग टीम ने बाइकर्स के एक समूह को स्टंट करते हुए देखा। इसके बाद टीम ने संबंधित इलाके की पुलिस टीम के साथ संपर्क साधा और अपने-अपने इलाके में सतर्क रहते हुए नाकेबंदी करने के निर्देश दिए। इसके बाद 28 दोपहिया वाहनों को उनके सवारों के साथ पकड़ लिया गया। पुलिस ने 24 बाइकर्स के खिलाफ आईपीसी की धारा 279 के तहत संसद मार्ग थाना में मामला दर्ज किया है, जबकि दूसरा मामला कर्तव्य पथ पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया है।

# एसयूवी की टक्कर से स्कूटी सवार महिला की मौत

**नई दिल्ली, वरिष्ठ संवाददाता।** आदर्श नगर इलाके में सोमवार सुबह फुटपाथ से उतारते समय एसयूवी चालक ने स्कूटी सवार महिला को टक्कर मार दी। हादसे में उसकी मौत हो गई। पुलिस ने लापरवाही से मौत की धारा में मुकदमा दर्ज कर महिला चालक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान 26 वर्षीय कमलप्रीत कौर के रूप में हुई।

30 वर्षीय तानिया बंसल पति रचित बंसल और दो बेटियों के साथ केवल पार्क इलाके में रहती थी। रचित मसालों के कारोबार से जुड़े हैं। पुलिस अधिकारी ने बताया कि तानिया स्कूटी से दोनों बच्चियों को स्कूल छोड़ने जाती थीं। वह सोमवार को स्कूटी से जा रही थी। तभी एक युवती फुटपाथ पर खड़ी एसयूवी को उतार रही थी। वाहन ने सामने से गुजर रही महिला की स्कूटी को टक्कर मार दी। हादसे में तानिया कुछ दूर गिर गई और बच्चियां स्कूटी के नीचे दब गईं। सिर पर चोट लगने से महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में फोर्टिस अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

**आरोपी युवती के पास लाइसेंस नहीं :** पुलिस के अनुसार, कार कमलप्रीत के पिता गुरुबचन सिंह की है और वह शास्त्री नगर में रहते हैं। घनी बस्ती होने की वजह से वहां गाड़ी खड़ी करने की जगह नहीं है। इसलिए युवती कार खड़ी करने आदर्श नगर में अपने दोस्त के घर आती थी। वह प्रत्येक दिन दोस्त के साथ शालीमार बाग स्थित पार्क में कुत्ते को घुमाकर वापस घर चली जाती थी। जांच में सामने आया कि आरोपी के पास ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था।

## डंपर से टकराई कार, पांच लोग घायल

**नई दिल्ली।** दक्षिणी दिल्ली के साकेत स्थित पुष्प विहार इलाके में बुधवार को हादसे में पांच लोग घायल हो गए। कार चालक युवक स्कूटी सवार महिला को बचाने के चक्कर में बाइक और स्कूटी सवार को टक्कर मारते हुए सड़क किनारे खड़े डंपर में जा घुसा। सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी को इलाज के लिए एम्स ट्रामा में भर्ती कराया गया। सभी खतरे से बाहर हैं। फिलहाल पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

**आस्था** | दिल्ली के मंदिरों में लाइव प्रसारण की व्यवस्था की गई थी, इस दौरान परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठे, दूसरी ओर आखिरी नवरात्र पर मां के दर्शन के लिए उमड़े भक्त

# रामलला का सूर्य तिलक देखकर मंत्रमुग्ध हुए श्रद्धालु

**नई दिल्ली, का. सं.।** दिल्ली के मंदिरों में बुधवार को रामनवमी उत्सव को लेकर धूम रही। अयोध्या में रामलला के सूर्य तिलक का लाइव प्रसारण देख श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हुए। इस दौरान मंदिर परिसर जय श्रीराम के नारों से गूंज उठे। वहीं, जगह-जगह बैंडबाजे के साथ शोभायात्राएं भी निकाली गईं।

लवकुश रामलीला कमेटी के अध्यक्ष अर्जुन कुमार ने बताया कि सदर बाजार स्थित प्राचीन शनिदेव मंदिर में श्रद्धालुओं को रामलला का सूर्य तिलक दिखाने की व्यवस्था की गई थी। अशोक विहार फेज-1 के जे ब्लॉक में स्थित राम मंदिर समिति के महासचिव अशोक बंसल ने बताया कि रामलला के सूर्य तिलक की अवधि में श्रद्धालुओं को राम द्वार, सीता द्वार और लक्ष्मण द्वार समर्पित किए। अयोध्या के राम मंदिर के तर्ज पर इस मंदिर का निर्माण किया गया है। यमुना बाजार स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर (मरघट वाले बाबा) में भगवान हनुमान का विशेष शृंगार किया गया। आसफ अली रोड स्थित श्रीराम हनुमान वाटिका मंदिर, करोलबाग स्थित लक्ष्मी नारायण मंदिर और प्रीत विहार स्थित गुफा वाले मंदिर में भजन-कीर्तन हुआ। वहीं, रामनवमी के मौके पर श्रद्धालुओं को रोहिणी सेक्टर-25 में नया इस्कॉन मंदिर समर्पित किया गया।

## 10 हजार दीए जलाकर मनाया दीपोत्सव

द्वारका स्थित इस्कॉन मंदिर में दस हजार दीए जलाकर दीपोत्सव मनाया गया। भगवान को 21 हजार भोग अर्पित किए और 51 किलोग्राम का केक भी काटा गया। मिट्टी के बर्तन में भगवान को विभिन्न प्रकार के व्यंजन परोसे गए। फलों के रस से भगवान का अभिषेक किया गया। साथ ही 20 किलोग्राम का लौह धनुष भी प्रदर्शित किया गया। वहीं, रामलीला मैदान में चल रही श्रीराम के जन्म से पूर्व की लीला का बुधवार को समापन हुआ। श्रीराम जन्म महोत्सव लीला समिति की ओर से आयोजित मंचन में भगवान राम के जन्म पर अयोध्यावासियों ने एक-दूसरे को बधाई दी और मिठाई बांटी।



नई दिल्ली में बुधवार को राम कृष्ण मेट्रो स्टेशन के पास रामनवमी पर भगवान राम की झांकी निकाली गई। इस दौरान लोगों ने उनका स्वागत किया। ● संजीव वर्मा

## विधि-विधान के साथ मां सिद्धिधात्री का पूजन

रामनवमी के दिन बुधवार को घर पर कंजक पूजन के बाद मंदिरों में मां दुर्गा के स्वरूप के दर्शन के लिए श्रद्धालु पहुंचे। विधि-विधान के साथ मां सिद्धिधात्री का पूजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं ने सुख, शांति और समृद्धि की कामना की। नवरात्र का आखिरी दिन होने के चलते मंदिरों में श्रद्धालुओं की भीड़ रही। झंडेवाला देवी मंदिर, छतरपुर मंदिर, कालकाजी मंदिर और प्रीत विहार स्थित गुफा वाले मंदिर में दर्शन के लिए तांता लगा रहा। श्रद्धालु कतार में खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करते दिखे। भंडारे का आयोजन भी किया गया। झंडेवाला देवी मंदिर में शाम तक 65 हजार श्रद्धालुओं ने मंदिर में दर्शन किए। कालकाजी मंदिर में 60-70 हजार की संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचे।

मरम्मत के कारण कुछ दिन के लिए नई व्यवस्था बनाई गई, आज से जाम की समस्या बढ़ने की आशंका

# सेक्टर-18 से 61 तक एलिवेटेड रोड बंद

ट्रैफिक अपडेट

**10** दिन के लिए बंद किया गया एलिवेटेड रोड का बड़ा हिस्सा

**07** अप्रैल को इसके मरम्मत का काम शुरू हुआ

**नोएडा, वरिष्ठ संवाददाता।** सेक्टर-18 से 61 की तरफ के हिस्से का एलिवेटेड रोड करीब 10 दस दिन तक बंद रहेगा। बुधवार शाम चार बजे सेक्टर-24 एनटीपीसी के सामने से एलिवेटेड रोड पर चढ़ने वाले लूप को भी बंद कर दिया गया। सेक्टर-18 की तरफ से चढ़ने वाला मुख्य रास्ता 10 दिन पहले से ही बंद है। ऐसे में गुरुवार से जाम की समस्या बढ़ सकती है।

एलिवेटेड रोड की मरम्मत का काम सात अप्रैल से चल रहा है। यह काम सेक्टर-18 की तरफ से शुरू किया गया। गुरुवार शाम तक सेक्टर-24 एनटीपीसी के सामने तक यानि करीब ढाई किलोमीटर हिस्से में बिटुमिन डालने का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसके बाद इस पर मैस्टिक डालने का काम होगा। शुक्रवार सुबह से सेक्टर-24 एनटीपीसी से सेक्टर-61 की तरफ मरम्मत का काम शुरू होगा। इससे पहले बुधवार को यातायात पुलिस ने वाहनों के रास्तों में बदलाव कर दिया। अब तक सेक्टर-18 से 24 एनटीपीसी तक एलिवेटेड रोड का हिस्सा ट्रैफिक के लिए बंद था। एनटीपीसी से एलिवेटेड रोड पर चढ़कर सेक्टर-61 की तरफ वाहन आ रहे थे, लेकिन बुधवार शाम इस हिस्से को भी बंद कर दिया गया। ऐसे में सेक्टर-18 से 61 की तरफ पूरा एलिवेटेड रोड ट्रैफिक के लिए बंद कर दिया गया।

एलिवेटेड रोड बंद होने से सेक्टर-18 से 61 की ओर लोग एलिवेटेड रोड के नीचे से आए, जिससे जाम लगा। हालांकि, बुधवार को छुट्टी का दिन था, ऐसे में ट्रैफिक ज्यादा नहीं था। अब गुरुवार से लोगों को इस रास्ते पर जाम में फंसना पड़ सकता है।

**जरूरत पड़ने पर सेक्टर-31-25 लूप तक ट्रायल होगा :** इस बारे में डीसीपी यातायात अनिल कुमार यादव का कहना है कि बुधवार शाम को एलिवेटेड रोड पर चढ़ने वाले सेक्टर-24 एनटीपीसी लूप को बंद कर दिया गया। अब वाहन सेक्टर-18 से 61 की ओर नहीं आ सकेंगे। यह व्यवस्था करीब एक सप्ताह से दस दिन तक रहेगी। पहले सेक्टर-18 से सेक्टर-31-25 लूप तक एलिवेटेड रोड पर ट्रैफिक चलाने की योजना बनाई गई थी, लेकिन जाम की आशंका को देखते हुए फिलहाल ट्रैफिक नहीं चलाया गया है। जरूरत पड़ने पर इस हिस्से में ट्रायल किया जाएगा। यातायात से संबंधित कोई दिक्कत होने पर वाहन चालक 9971009001 पर संपर्क कर सकते हैं। गौरतलब है कि बिटुमिन के बाद संबंधित हिस्से में मैस्टिक का काम होना है, लेकिन यह काम रात में किया जाएगा। ऐसे में दस दिन बाद एलिवेटेड रोड पर दिन में ट्रैफिक चलाया जा सकता है। नई व्यवस्था लागू होने के बाद जाम की परेशानी बुधवार शाम से ही शुरू हो गई। वाहनों को आगे बढ़ाने के लिए ट्रैफिक पुलिसकर्मी जूझते दिखे।



नोएडा में एनटीपीसी के सामने से एलिवेटेड रोड पर चढ़ने वाले लूप को बंद कर देने से बुधवार को जाम जैसी स्थिति बन गई। • हिन्दुस्तान

### वाहन इन रास्तों से होकर निकलेंगे

- अट्टा पीर, रायरेजीडेंसी चौराहे से एलिवेटेड रोड होकर सेक्टर-61 की तरफ जाने वाले लोग सेक्टर-27 डीएम आवास चौराहा, मोदी मॉल चौराहा, एडोब चौक से सेक्टर-54 पुलिस चौकी तिराहे से जा सकेंगे।
- डीएनडी से रजनीगंधा अंडरपास होकर सेक्टर-19 से यू-टर्न लेकर राय रेजीडेंसी चौराहे से एलिवेटेड रोड होकर जाने वाले वाहन सेक्टर-21 स्टेडियम चौराहा, सेक्टर-12-22-56 तिराहा होकर जा सकेंगे।
- ग्रेटर नोएडा से आकर एलिवेटेड रोड होकर जाने वाले वाहन चालक महामाया फ्लाईओवर से सेक्टर-37, सेक्टर-32 सिटी सेंटर, होशियारपुर होकर गंतव्य को जा सकेंगे।
- कालिंदी कुंज बॉर्डर से सेक्टर-18 होकर एलिवेटेड सड़क के जरिए जाने वाले लोगों को महामाया फ्लाईओवर, सेक्टर-37, सिटी सेंटर, होशियारपुर होकर जाना होगा।
- सेक्टर-21ए नोएडा स्टेडियम चौराहे से मोदी मॉल चौराहे से सीधे डिग्री कॉलेज, शशि चौक की तरफ जाने वाले वाहन सेक्टर-31-25 चौराहे से लेफ्ट टर्न लेकर सर्विस सड़क होकर एनटीपीसी-इस्कॉन मंदिर के सामने से यू-टर्न लेकर जाएंगे।
- एनटीपीसी अंडरपास के ऊपर से गिझौड़ चौराहे तक जाम लगने पर वाहनों को एनटीपीसी अंडरपास से लेफ्ट टर्न कराकर एडोब चौराहा होकर भेजा जाएगा।

## यूनिटेक के पूर्व प्रवर्तकों की जमानत याचिका खारिज

**नई दिल्ली।** अदालत ने कई घर खरीदारों से करोड़ों रुपये की धोखाधड़ी से संबंधित धनशोधन मामले में यूनिटेक के पूर्व प्रवर्तकों संजय चंद्रा और अजय चंद्रा की डिफॉल्ट जमानत याचिका खारिज कर दी है।

प्रवर्तन निदेशालय ने धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश, लोक सेवक को रिश्वत देना सहित विभिन्न अपराधों के लिए आरोपियों के खिलाफ दर्ज 60 से अधिक एफआईआर के आधार पर 2018 में मामला दर्ज किया था। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश धीरज मोर की अदालत ने आदेश में कहा कि जांच निर्धारित सीमा अवधि में पूरी की गई थी, इसलिए आवेदक डिफॉल्ट जमानत के वैधानिक अधिकार के हकदार नहीं हैं।

एनसीआर 30s

## जापानी कंपनियों ने पार्क में रुचि दिखाई

**ग्रेटर नोएडा।** यमुना एक्सप्रेसवे क्षेत्र (यीडा) के सेक्टर-28 में विकसित किए जा रहे मेडिकल डिवाइस पार्क में निवेश को लेकर जापान की दिग्गज कंपनियों ने रुचि दिखाई है। जापान के टोक्यो में आयोजित मेडटेक शो में मेडिकल डिवाइस पार्क का स्टॉल लगाया गया है। यहां आए जापानी कंपनियों के प्रतिनिधियों को यूपी सरकार के प्रतिनिधिमंडल ने पार्क से जुड़ी तमाम जानकारियां दीं।

## नमो भारत का केबल चोरी, ट्रायल प्रभावित

**मेरठ/गाजियाबाद।** नमो भारत ट्रैक का लाखों रुपये का केबल चोरी हो गया। मुरादनगर से मेरठ के बीच अलग-अलग जगहों से यह केबल चोरी हुए, जिसका मुकदमा परतापुर थाने में दर्ज कराया गया है। चोरी की तीन घटनाएं हुई और इससे ट्रायल प्रभावित हुआ। एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि संभवत: यह काम उस गिरोह का है जो कॉपर के लिए तारों को चुराने का काम करते हैं।

## अस्पताल पर 35 लाख का जुर्माना लगाया

**ग्रेटर नोएडा।** गांव कुलेसरा के बाबा मोहन लाल अस्पताल में 95 किलोवाट की बिजली चोरी बुधवार को पकड़ी गई। आरोपियों पर 35 लाख रुपये का जुर्माना लगाने के साथ एंटी पावर थेफ्ट थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई है। कनेक्शन होने के बाद भी बिजली चोरी की जा रही थी। नोएडा पावर कंपनी लिमिटेड की विजिलेंस टीम ने एडवांस मीटर डेटा एनालिसिस के जरिए चोरी पकड़ी है।

# नोएडा एयरपोर्ट पर रूस से आया रडार सिस्टम लगेगा

प्रोजेक्ट अपडेट

**ग्रेटर नोएडा, कार्यालय संवाददाता।** विमानों की उपस्थिति और स्थिति का पता लगाने के लिए रडार सिस्टम रूस से भारत पहुंच गया है। इसे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लगाया जाएगा। विमानों की उड़ान शुरू करने के लिए इसका लंबे समय से इंतजार हो रहा था। इसके लगने से रोजाना 150 से अधिक विमान उड़ान भर सकेंगे।

एयरपोर्ट पर सर्विलांस रडार (एआरएस) उत्तर और एयरपोर्ट सर्विलांस रडार (एआरएस) दक्षिण का काम रूका हुआ था। रूस से रडार सिस्टम आने में हो रही देरी के कारण अधिकारियों ने इसके विकल्प पर विचार शुरू कर दिया था, लेकिन काम अब रफ्तार पकड़ेगा। सितंबर में प्रस्तावित उड़ान पर भी मुहर लग गई है। दूसरी ओर, एयरपोर्ट पर 3900 मीटर लंबा रनवे बनकर तैयार हो गया। चुनाव के बाद विमानों को उतारने का ट्रायल शुरू करने की तैयारी है। टर्मिनल बिल्डिंग का ढांचा बनकर तैयार हो गया है। एयर ट्रैफिक कंट्रोल टावर का काम भी लगभग पूरा होने को है। निर्माण का काम भी पूरा हो चुका है। बिल्डिंग में शीशे लगाने का काम अंतिम चरण में है। साथ ही, टावर के लिए जरूरी मशीन, तकनीक और उपकरणों की खरीद हो गई है।

### मौसम बताने वाला उपकरण शुरू

एयरपोर्ट की साइट पर मौसम संबंधी जानकारी देने के लिए लगाया गया उपकरण विंटर फाग एक्सपेरिमेंट शुरू हो गया है। इसे भारत मौसम विज्ञान विभाग के सहयोग से स्थापित किया गया है। उड़ानों का ट्रायल शुरू होने से पहले ही दृश्यता संबंधी आंकड़े मिलने शुरू हो गए हैं।












भाजपा प्रत्याशी सतीश गौतम लगातार दो बार जीते, सपा-कांग्रेस गठबंधन से बिजेंद्र सिंह और बसपा से हितेंद्र उपाध्याय दे रहे चुनौती

# ताला नगरी में हर दल तलाश रहा जीत की चाबी

वीआईपी सीट
अलीगढ़

■ राकेश तिवारी

**अलीगढ़।** उत्तर में गंगा और पश्चिम के किनारे को छूकर कल-कल बहती यमुना के बीच बसी ताला नगरी के चुनावी समर में सभी दल जीत की चाबी की तलाश में कमर कसकर जुटे हैं। भाजपा यहां से तीसरी बार जीत का परचम लहराने को बेताब है तो विपक्षी दल अपने-अपने सोशल इंजीनियरिंग के फॉर्मूले के आधार पर चुनावी रण में मजबूती से डटे हैं।

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के रूप में तालीम की दुनिया में अलग पहचान रखने वाले अलीगढ़ में इस बार त्रिकोणीय मुकाबले के प्रबल आसार दिख रहे हैं। इस सीट पर भाजपा के सतीश गौतम ने 2014 में बसपा के अरविंद कुमार सिंह और 2019 में सपा-बसपा-रालोद के संयुक्त प्रत्याशी अजीत बालियान को पराजित किया था। भाजपा ने तीसरी बार भी सतीश गौतम को मैदान में उतारा है।

**भाजपा अंतर्विरोध में उलझी, अन्य पार्टियों ने खेला दांव :** गौतम को तीसरी बार टिकट मिलने को लेकर पार्टी में अंदरखाने विरोध के स्वर उभर रहे हैं। यही कारण है कि बसपा ने भाजपा का खेल बिगाड़ने के लिए गुफरान नूर का टिकट काटकर ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए हितेंद्र उपाध्याय को मैदान में उतारा है। वहीं सपा-कांग्रेस गठबंधन ने पुराने जाट नेता चौधरी बिजेंद्र सिंह पर भरोसा जताया है। गठबंधन यहां मुस्लिम-यादव-जाट फॉर्मूले के साथ चुनावी समर में उतरा है, वहीं बसपा ब्राह्मण-दलित-मुस्लिम टिकटों के आधार पर 2009 के नतीजों को दोहराने के फेर में लगी है।

दूसरे चरण में 26 अप्रैल को होने वाले मतदान में एक सप्ताह से कुछ दिन अधिक का समय ही बचा है, लेकिन मतदाता अपने दिल की थाह नहीं दे रहे हैं। भाजपा विकास और उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था के आधार पर जनता के बीच जा रही है। उधर, विपक्ष के प्रत्याशी महंगाई, रोजगार, किसान के मुद्दे पर जनता की नब्ज टटोलने की कोशिश कर रहे हैं।

**छह बार भाजपा, चार बार कांग्रेस जीती :** अलीगढ़ लोकसभा सीट सबसे ज्यादा छह बार भाजपा तो चार बार कांग्रेस ने जीत दर्ज की। वर्ष 1989 के बाद से इस सीट पर सबसे ज्यादा चार बार भाजपा के टिकट पर शीला गौतम यहां से संसद पहुंचीं। 2004 में कांग्रेस के टिकट पर बिजेंद्र सिंह ने शीला गौतम को हरा दिया था।

वर्ष 2009 के चुनाव में बसपा की राजकुमारी चौहान को यहां से जीत मिली थी। सपा का यहां से कभी खाता नहीं खुला। सत्यपाल मलिक 1989 में जनता दल के टिकट पर यहां से सांसद बने थे।

अलीगढ़ ने देश में चली राजनीतिक बयार के अनुसार अपने को बदला है। 2014 और 2019 के चुनाव में भाजपा का इस सीट पर कब्जा रहा और बसपा दूसरे नंबर पर रही। ब्राह्मण, मुस्लिम, जाट, ठाकुर और वैश्य मतदाता बाहुल्य इस सीट पर इस बार मुकाबला रोचक होने जा रहा है।

## सीट पर मतदाता




कुल मतदाता 19,84,362
थर्ड जेंडर 113
पुरुष मतदाता 10,55,985
महिला मतदाता 9,28,264

अलीगढ़ में विधानसभा क्षेत्र
खैर, बरौली, कोल, अलीगढ़, अतरौली

**2019**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सतीश गौतम | भाजपा | 6,56,215 | 56.72% |
| अजीत बालियान | बसपा | 4,26,954 | 36.9% |

**2014**

| | | | |
|---|---|---|---|
| सतीश गौतम | भाजपा | 5,14,622 | 48.4% |
| अरविंद कुमार | बसपा | 2,27,866 | 21.4% |

### सीट क्यों है खास

अलीगढ़ के अतरौली से विधायक चुने गए कल्याण सिंह दो बार प्रदेश में मुख्यमंत्री रहे। वह राजस्थान के राज्यपाल भी रहे। इसके अलावा चार बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे चंद्रभानु गुप्त का जन्म भी अलीगढ़ के बिजौली में हुआ था।

## कब कौन जीता

| वर्ष | निर्वाचित | दल |
|---|---|---|
| 1952 | चांद सिंघल | कांग्रेस |
| 1957 | नरदेव | कांग्रेस |
| 1962 | बुद्ध प्रिया मौर्य | आरपीआई |
| 1967 | शिव कुमार शास्त्री | भारतीय क्रांति दल |
| 1971 | शिव कुमार शास्त्री | भारतीय क्रांति दल |
| 1977 | नवाब सिंह चौहान | जनता पार्टी |
| 1980 | इंद्रा कुमारी | जनता पार्टी |
| 1984 | ऊषा रानी तोमर | कांग्रेस |
| 1989 | सत्यपाल मलिक | जनता दल |
| 1991 | शीला गौतम | भाजपा |
| 1996 | शीला गौतम | भाजपा |
| 1998 | शीला गौतम | भाजपा |
| 1999 | शीला गौतम | भाजपा |
| 2004 | चौ. बिजेंद्र सिंह | कांग्रेस |
| 2009 | राजकुमारी चौहान | बसपा |
| 2014 | सतीश कुमार गौतम | भाजपा |
| 2019 | सतीश कुमार गौतम | भाजपा |

### दूसरे चरण में होना है मतदान

अलीगढ़ लोकसभा सीट के लिए दूसरे चरण में मतदान होना है। यहां 26 अप्रैल को मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

### भाजपाः हैट्रिक लगाने की तैयारी में सतीश



भाजपा उम्मीदवार सतीश गौतम अपनों के विरोध के बीच हैट्रिक की तैयारी में हैं। एएमयू में जिन्ना की तस्वीर को लेकर बयानबाजी को लेकर चर्चाओं में आए सतीश गौतम जिल के ही दामोदरपुर गांव के रहने वाले हैं। राष्ट्रवादी मुद्दों पर खुलकर बोलने वाले गौतम संसद की कार्यवाही में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं।

### सपा-कांग्रेस : पूर्व सांसद बिजेंद्र फिर मैदान में



पूर्व सांसद एवं वरिष्ठ सपा नेता चौधरी बिजेंद्र सिंह इस बार गठबंधन उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं। दो साल पहले कांग्रेस छोड़कर सपा में पहुंचे बिजेंद्र सिंह ने एक बार सांसद और चार बार विधायक रहे हैं। वह लंबे समय तक कांग्रेस में रहे। 2004 में जीतने के बाद वह 2009, 2014 व 2019 के चुनाव में कोई करिश्मा नहीं कर पाए।

### बसपाः पहली बार चुनावी रण में हितेंद्र उपाध्याय



बसपा से पहली बार हितेंद्र उपाध्याय बंटी लोकसभा चुनाव लड़ रहे हैं। इस चुनाव से पहले वह भाजपाई थे। बसपा ने पहले मुस्लिम उम्मीदवार गुफरान नूर को टिकट दिया था, लेकिन हितेंद्र को टिकट दिया गया। हितेंद्र को भाजपा के एक कद्दावर नेता का खास माना जाता है।

## ‘बंगाल के राज्यपाल कूचबिहार न जाएं’

**कोलकाता, एजेंसी।** निर्वाचन आयोग ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल को लोकसभा चुनाव के पहले चरण की पूर्व संध्या पर कूचबिहार का अपना प्रस्तावित दौरा रद्द करने की सलाह दी है क्योंकि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कूचबिहार में 19 अप्रैल को पहले चरण में मतदान होना है और चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी 48 घंटे की अवधि बुधवार शाम से शुरू हो गई। सूत्रों ने कहा कि पश्चिम बंगाल के राज्यपाल सी वी आनंद बोस के 18 और 19 अप्रैल को कूचबिहार के प्रस्तावित दौरे के बारे में पता चलने पर निर्वाचन आयोग ने उन्हें दौरा रद्द करने की सलाह दी है क्योंकि यह आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होगा।

आयोग ने राज्यपाल कार्यालय को भेजे गए अपने पत्र में कहा कि आदर्श आचार संहिता के चलते राज्यपाल के लिए कोई भी स्थानीय कार्यक्रम आयोजित नहीं किया जा सकता।

## टीएमसी के घोषणापत्र में सीएए रद्द करने का वादा

**कोलकाता, एजेंसी।** ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को लोकसभा चुनाव 2024 के लिए अपना घोषणापत्र जारी कर दिया। टीएमसी ने वादा किया है कि केंद्र में ‘इंडिया गठबंधन’ की सरकार बनने पर सीएए (नागरिकता संशोधन अधिनियम) को रद्द कर दिया जाएगा। पार्टी ने वादा किया कि एनआरसी (राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर) की प्रक्रिया रोक दी जाएगी।

घोषणापत्र जारी करते हुए टीएमसी के वरिष्ठ नेता डेरेक ओ ब्रायन ने कहा कि हम जो भी वादे कर रहे हैं उन्हें इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर पूरा करेंगे। टीएमसी ने सत्ता में आने पर पेट्रोल और डीजल की कीमतों को कम करने का वादा किया है। पार्टी ने बीपीएल परिवारों के लिए दरवाजे पर राशन और 10 मुफ्त रसोई सिलेंडर उपलब्ध कराने का भी वादा किया। घोषणापत्र में राज्यपालों की नियुक्ति राज्य विधानसभाओं के परामर्श से करने के लिए अनुच्छेद 155 में एक संवैधानिक संशोधन लाने की बात की गई है।

घोषणापत्र में टीएमसी ने रेल बजट को केंद्रीय बजट से अलग करने का भी वादा किया है।

### भाजपा सिर्फ जुमलेबाजी करती है : ममता बनर्जी

**सिलचर।** पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा ने पूरे देश को डिटेंशन कैंप बना दिया है। अगर इंडिया की सरकार आई तो सीएए और एनआरसी को खत्म कर दिया जाएगा। ममता ने कहा कि अगर इस बार भाजपा फिर सत्ता में आई तो फिर कभी चुनाव नहीं होंगे, संविधान की रक्षा के लिए टीएमसी को जिताना होगा। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ गारंटी देने वाली पार्टी है, करती कुछ नहीं है। वह सिर्फ जुमलेबाजी करती है।

## विपक्ष की टूट से भाजपा को लाभ की आस

विश्लेषण

■ रामनारायण श्रीवास्तव

■ महाराष्ट्र में 25 से ज्यादा उम्मीदवार घोषित कर चुकी पार्टी, तीस सीटों पर लड़ने की तैयारी

**नई दिल्ली।** भाजपा को इस लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र में इस बार सीट व वोट दोनों के बढ़ने की उम्मीद है। शिवसेना और राकांपा का विभाजन उसके लिए बेहद मुफीद रहा है और इससे न केवल वह राज्य में अपने गठबंधन की सरकार बनाने में सफल रही, बल्कि अब लोकसभा में भी वह कम से कम अपनी पुरानी गठबंधन संख्या बरकरार रखने की स्थिति में है।

भाजपा और शिवसेना (उस समय एकजुट थी) ने मिलकर 48 में से 41 सीटें जीती थीं। महराष्ट्र भाजपा के एक प्रमुख नेता ने कहा है कि इस बार भी भाजपा गठबंधन का जीत का आंकड़ा लगभग वही रहेगा, बल्कि तीन-चार सीटें बढ़ ही सकती है, लेकिन इस बार गठबंधन में भाजपा ज्यादा सीटें लड़कर ज्यादा सीटें जीतेगी।

**पांच सीटों पर पेच फंसा :** राज्य में अभी पांच सीटों पर पेंच फंसा है। भाजपा भी 25 से ज्यादा उम्मीदवार घोषित कर चुकी है वह लगभग तीस सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी में है। पिछली बार उसने 23 सीटें और शिवसेना ने 18 सीटें जीती थी।

**एक-दो सीट पर ही मुकाबले का दावा :** भाजपा का दावा है कि उसके हिस्से में आने वाली एक-दो सीट पर ही मुकाबला होगा, बाकी पर उसकी जीत लगभग तय है। दरअसल भाजपा ने इस चुनाव में राज्य के सारे राजनीतिक समीकरण अपने पक्ष में किए हुए हैं। उद्धव ठाकरे वाली शिवसेना के पास नाम व चुनाव चिन्ह तक नहीं बचे हैं। भाजपा के साथ खड़ी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे वाली शिवसेना ही असली शिवसेना है और तीर कमान भी उसके पास है। यही स्थिति राकांपा की है। चाचा-भतीजे यानी शरद पवार व अजित पवार ने पार्टी बांट ली है और ननद-भाभी यानी शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले और अजित पवार की पत्नी आमने सामने हैं। भाजपा ने राज ठाकरे की मनसे को भी साधा हुआ है जो लोकसभा में चुनाव न लड़कर भाजपा का साथ देगी और विधानसभा चुनाव में मैदान में रहेगी।

**कांग्रेस को भी झटका दिया :** भाजपा ने कांग्रेस को भी झटके दिए हैं। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण को अपने साथ लाकर उसने नांदेड़ क्षेत्र में खुद को मजबूत किया है। अपने अंदरूनी झगड़ों को निपटाया है और मराठा आरक्षण के मुद्दे को भी फिलहाल थाम रखा है।

राज्य में साल के अंत में विधानसभा चुनाव भी होने हैं। ऐसे में लोकसभा टिकट से निराश नेताओं के सामने विधानसभा का भी विकल्प खुला हुआ है। ऐसे में विवाद व बगावत को ज्यादा मौका नहीं मिल पा रहा है। दूसरी तरफ कांग्रेस, शरद पवार व उद्धव ठाकरे अपने अपने दलों में टूटन व आवाजाही से परेशान है।

## सियासत 30s



असम के नगांव में पहले चरण की वोटिंग से पहले बुधवार को ईवीएम व अन्य चुनाव सामग्री के साथ मतदान अधिकारी चुनाव ड्यूटी के लिए रवाना हुए। • प्रेट्र

### पीडीएम ने बरेली से प्रत्याशी बदला

**लखनऊ।** असदुद्दीन ओवैसी और पल्लवी पटेल द्वारा बनाए गए पीडीएम न्याय मोर्चा से बरेली से घोषित प्रत्याशी को बदल दिया गया है। अब इस सीट से रियासत यार खां को प्रत्याशी घोषित किया गया है। पूर्व में यहां से पीडीएम से सुभाष पटेल को प्रत्याशी घोषित किया गया था। पीडीएम के कार्यालय सचिव मोहम्मद आशिक ने यह जानकारी दी है।

### भाजपा ने मणिपुर में नेता को निष्कासित किया

**इंफाल।** लोकसभा चुनाव के तहत पहले चरण के मतदान से सिर्फ दो दिन पहले भाजपा ने मणिपुर में पार्टी के नेता हे दिजमणि सिंह को बुधवार को छह साल के लिए दल से निष्कासित कर दिया। भाजपा की मणिपुर इकाई की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि पार्टी के हियांगलम मंडल के नेता सिंह को पार्टी के नियम-कायदों का उल्लंघन करने के आरोप में दल से निकाला गया है।

### राजद नेता राधाकृष्ण किशोर ने पार्टी छोड़ी

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के वरिष्ठ नेता सह पूर्व मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बुधवार को पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। मेदिनीनगर में उन्होंने अपने समर्थकों के साथ राजद छोड़ने और स्वतंत्र होकर काम करने की घोषणा की। किशोर ने अपना इस्तीफा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष सह पूर्व विधायक संजय कुमार सिंह यादव को भेज दिया है।

### आयोग से ममता बनर्जी की शिकायत की

**कोलकाता।** भाजपा ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई और आरोप लगाया कि उन्होंने एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए मतदाताओं को हिंसा के लिए उकसाने की कोशिश की। बनर्जी ने मंगलवार को जलपाईगुड़ी जिले के मयनागुड़ी में एक चुनावी रैली को संबोधित किया था।

## चुनावी प्रश्नोत्तरी

■ **चुनाव प्रक्रिया के दौरान किस समय के बाद सार्वजनिक सभाएं एवं जुलूस आयोजित नहीं किए जा सकते हैं ?**

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 के अनुसार, मतदान की समाप्ति के लिए नियत किए गए समय से 48 घंटे पूर्व की अवधि के दौरान सार्वजनिक सभाएं एवं जुलूस आयोजित नहीं किए जा सकते।

■ **मतदाता की सहमति के बावजूद क्या कोई दूसरे व्यक्ति के नाम पर मतदान कर सकता है ?**

मतदान के दिन वोटर की सहमति के बावजूद कोई भी दूसरे व्यक्ति के नाम पर मतदान नहीं कर सकता। यदि वह ऐसा करता है तो यह भारतीय दंड संहिता की धारा 171घ के अधीन एक अपराध है।


www.livehindustan.com
चुनावी खबरें
चुनाव से जुड़ी खबरों को विस्तार से पढ़ने के लिए QR कोड स्कैन करें।


## आज का फोटो | सियासत से पहले सामाजिकता



रामनवमी के मौके पर नागपुर में बुधवार को आयोजित एक धार्मिक कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के साथ केंद्रीय मंत्री और भाजपा नेता नितिन गडकरी और कांग्रेस नेता और नागपुर सीट से पार्टी प्रत्याशी विकास ठाकरे ने हिस्सा लिया। लोकसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के तहत नागपुर में शुक्रवार को वोट डाले जाएंगे। राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के बीच सामाजिक आयोजन में नेताओं के बीच सद्भाव नजर आया। • प्रेट्र

# पोरबंदर से पहली बार लोकसभा के रण में स्वास्थ्य मंत्री

मैदान के महारथी
मनसुख मंडाविया

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** पहली बार लोकसभा चुनाव लड़ने जा रहे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया को गुजरात की पोरबंदर सीट पर कांग्रेस के प्रमुख नेता ललित बसोया से कड़ी चुनौती मिलने की उम्मीद है। हालांकि पोरबंदर के कांग्रेस के प्रमुख नेता रहे अर्जुन मोढवाडिया भाजपा में शामिल हो गए हैं। इससे समीकरण भाजपा के पक्ष में दिखाई दे रहे हैं। भाजपा ने यहां पर अपने मौजूदा सांसद रमेश भाई लवजी भाई धांधुक का टिकट काटकर मनसुख मंडाविया को उतारा है।

गुजरात भाजपा का गढ़ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह का गृह राज्य होने से यहां पर भाजपा निश्चिंत रहती है। बीते दो लोकसभा चुनाव से उसने राज्य की सभी 26 सीटों पर जीत दर्ज की है। बीते दिसंबर में हुए विधानसभा चुनाव में भी उसने बड़ी जीत दर्ज कर प्रमुख विरोधी कांग्रेस को साफ कर दिया कि फिलहाल उसके लिए वापसी का कोई रास्ता नहीं है। राज्य में अपनी जगह बनाने के लिए कड़ी मेहनत करने वाली आम आदमी पार्टी भी प्रभाव नहीं छोड़ पाई।

**पोरबंदर भाजपा का गढ़ बना:** पोरबंदर देश के इतिहास में महात्मा गांधी से जुड़ा होने के कारण विख्यात है। कभी यह कांग्रेस का गढ़ था, लेकिन अब भाजपा का गढ़ बन गया है। यहां के कांग्रेस के बड़े नेता अर्जुन मोढवाडिया के भाजपा में आने के बाद भाजपा के लिए यहां की सीट ज्यादा आसान दिख रही है। हालांकि मनसुख मंडाविया का पहला लोकसभा चुनाव होने और सामने कांग्रेस के यहां से सक्रिय नेता ललित बसोया के होने से मुश्किलें भी है। मंडाविया का अधिकतर दारोमदार मोदी लहर पर ही टिका है।

**2012 में राज्यसभा सदस्य बने:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पसंद माने जाने वाले मंडाविया को साल 2012 में राज्यसभा में भेजा गया।

केंद्र में मोदी सरकार बनने पर वह 2016 में बतौर राज्यमंत्री सरकार में शामिल हुए। तब से लगातार मंत्री हैं। उन्हें 2021 में पदोन्नत कर कैबिनेट मंत्री बनाया गया और स्वास्थ्य जैसा अहम मंत्रालय सौंपा गया। चूंकि पार्टी ने इस लोकसभा चुनाव में दो बार राज्सभा सांसद रह चुके कई नेताओं को लोकसभा चुनाव लड़ाने का फैसला किया है तो मंडाविया भी लोकसभा की जंग में उतरे हैं।

मंत्री बनने के बाद शपथ ग्रहण करते ही अपने दफ्तर साइकिल पर जाने के कारण भी मनसुख मंडाविया काफी चर्चा में रहे हैं।

### सोशल मीडिया फॉलोवर्स

एक्स 6.45 लाख | फेसबुक 10.2 लाख

■ मंत्री बनने के बाद साइकिल से दफ्तर जाने के कारण चर्चा में रहे

### परिचय

आयु : 51 वर्ष,
शिक्षा : एमए, पीएचडी
परिवार : नीताबेन मंडाविया,
बच्चे : पवन, दिशा



### गुजरात विधानसभा के सबसे कम उम्र के सदस्य बने

मंडाविया भाजपा के उन नेताओं में हैं जो युवा अवस्था में ही काफी आगे बढ़ गए। वह 2002 में पहली बार विधायक बने थे तो गुजरात विधानसभा के सबसे युवा विधायक थे। किसान परिवार और ग्रामीण पृष्ठभूमि से आने वाले मंडाविया ने अपनी राजनीतिक यात्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरू की थी। बाद में वह युवा मोर्चा में रहे और 2013 में गुजरात भाजपा के प्रदेश सचिव भी रहे। 2010 में उनको गुजरात एग्रो इंडस्ट्रीज का अध्यक्ष बनाया गया।

रिपोर्ट | निर्वाचन आयोग के अनुसार इस चुनाव में पहली बार वोट डालेंगे 1.8 करोड़ युवा मतदाता, कोटा में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बिहार के एक छात्र ने अपना नजरिया साझा किया

# युवाओं की नजर में बेरोजगारी और खराब शिक्षा व्यवस्था सबसे बड़ी समस्या

■ संजुती सेनगुप्ता

**कोटा।** देश में पहले चरण के मतदान में एक दिन शेष हैं। चुनाव आयोग के अनुसार इस बार 1.8 करोड़ युवा मतदाता पहली बार अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान को बेकरार युवा मतदाता खराब शिक्षा व्यवस्था और बेरोजगारी को सबसे बड़ी समस्या मानते हैं। वे चाहते हैं कि इसका समय रहते निदान हो और सभी को बेहतर अवसर मिल सके।

कोटा में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे एक छात्र ने अपना नजरिया बताया कि युवा मतदाता क्या राय रखते हैं और इस चुनाव को लेकर उनका क्या सोचना है। बिहार के कैमूर जिले के निवासी 18 वर्षीय सौरभ राज नीट परीक्षा की तैयारी के लिए कोटा में रह रहे हैं। वह बताते हैं कि उनके पिता सरकारी स्कूल में शिक्षक हैं, लेकिन वह खुद नहीं चाहते कि मैं कभी शिक्षक बनूं। ऐसा इसलिए क्योंकि मैं जहां का रहने वाला हूं वहां कोई शिक्षकों को सम्मान नहीं देता। डॉक्टर को लोग सम्मान भी देते हैं और पैसा भी देते हैं। शायद मैं भी यही पाने के लिए कोटा में नीट परीक्षा की तैयारी कर अपनी किस्मत आजमा रहा हूं। सौरभ बताते हैं कि मैंने 15 साल की उम्र में घर छोड़ दिया था क्योंकि मुझे वही रुतबा चाहिए जिसकी समाज में इज्जत है। एक बड़ी आबादी ऐसा सोच रही है, मुझे लगता है कि इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

### युवा मतदाताओं का ग्राफ बढ़ा




**02** करोड़ के करीब मतदाता जुड़े 18 से 29 वर्ष के बीच के

**27** बच्चों ने वर्ष 2023 में कोटा में आत्महत्या की थी

### कहां कितने युवा मतदाता पंजीकृत

| | |
|---|---|
| दिल्ली | 21% |
| उत्तर प्रदेश | 23% |
| उत्तराखंड | 35% |
| बिहार | 17% |
| हरियाणा | 35% |

### पहली बार मतदान करने मतदाता बढ़े

| राज्य | मतदाता |
|---|---|
| झारखंड | 3% |
| राजस्थान | 2.9% |
| मध्य प्रदेश | 2.8% |

(स्रोत : चुनाव आयोग)

### अवसरों की कमी बड़ी बाधा

सौरभ बताते हैं कि अगर अच्छी शिक्षा व्यवस्था और रोजगार के अवसर बिहार में होते तो मैं कभी भी यहां नहीं आता। ऐसा ही दूसरे छात्र सोचते हैं। अनजान शहर में जिन परेशानियों और चुनौतियों से जूझ रहे हैं उन्हें ही वे चुनावी मुद्दा मानते हैं।

### अत्यधिक दबाव में टूट रहे बच्चे

युवा पीढ़ी अत्यधिक दबाव में टूटती भी नजर आ रही है। वर्ष 2023 में कोटा में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले 27 बच्चों ने अपनी जीवन लीला खत्म कर ली जो बीते आठ वर्षों में सबसे अधिक है। इस साल भी छह मौतें हो चुकी हैं।

### युवा वोट के बदले क्या चाहता है

- सरकार राज्यों में उद्योग धंधे विकसित करे
- युवाओं को अच्छी नौकरी का अवसर मिले
- सरकारी नौकरियों में लंबे समय से रिक्त पदों को भरा जाए
- सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की पर्याप्त नियुक्ति हो
- मूलभूत ढांचे को बेहतर ढंग से विकसित किया जाए
- सरकार के पास बेहतर आर्थिक नीति होना जरूरी है

### तंगहाल कमरे में गुजर रही जिंदगी

कोटा में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों की जिंदगी तंगहाल कमरे में गुजर रही है। सौरभ जिस तीन मंजिला हॉस्टल में रहते हैं वहां प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले 35 छात्र रहते हैं। कमरा इतना छोटा कि जहां नजर जाती है वहां सिर्फ किताबें ही दिखती हैं। सो कर उठते हैं कि सामने किताबों का पहाड़ दिखता है। जिंदगी का हर पल पढ़ाई, नोट्स और मॉक पेपर की तैयारी में गुजर रहा है, अपने लिए बस उतना ही समय निकलता है जितना जरूरी है।

Hindustan Times

आयाराम-गयाराम

## सांसद संगन्ना कांग्रेस में शामिल

**बेंगलुरु, एजेंसी।** भाजपा के सांसद कराडी संगन्ना बुधवार को कांग्रेस में शामिल हो गए। कोप्पल लोकसभा सीट से दो बार के सांसद संगन्ना इस बार टिकट कटने के बाद भाजपा नेतृत्व से नाराज थे। मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी.के. शिवकुमार ने संगन्ना का पार्टी में स्वागत किया। शिवकुमार कांग्रेस की राज्य इकाई के प्रमुख भी हैं।

वहीं, बेंगलुरु के पुलकेशीनगर विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस के पूर्व विधायक आर. अखंड श्रीनिवास मूर्ति बुधवार को भाजपा में शामिल हो गए। पिछले वर्ष विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए टिकट नहीं मिलने के बाद उन्होंने कांग्रेस छोड़ दी थी।

### कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा-पार्टी तय करेगी कि वह अमेठी से चुनाव लड़ेंगे या नहीं

# महंगाई पर सरकार मौन : राहुल

**घेराबंदी**

**गाजियाबाद, विशेष संवाददाता।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि देश में बेरोजगारी और महंगाई बड़ा मुद्दा है, पर सरकार का इस पर ध्यान नहीं है। उन्होंने कहा कि पार्टी तय करेगी कि वह अमेठी से चुनाव लड़ेंगे या नहीं। वह बुधवार को गाजियाबाद में इंडिया गठबंधन की संयुक्त प्रेस वार्ता में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ मीडिया से बात कर रहे थे।

राहुल गांधी ने कहा कि यह चुनाव विचारधारा का है। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी 150 सीटों में निपट जाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा लोकतंत्र और संविधान को खत्म करने की कोशिश कर रही है, वहीं कांग्रेस इसकी रक्षा के लिए प्रयासरत है। राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री महंगाई और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर कुछ नहीं बोलते हैं, बल्कि लोगों का ध्यान भटकाने के लिए कभी समुद्र में चले जाते हैं तो कभी आकाश में। उन्होंने कहा कि चुनावी बांड को सही बताया जा रहा है, यदि ऐसा है तो उच्चतम न्यायालय ने इसे रद्द क्यों कर दिया। जिन लोगों ने चंदा दिया। तारीखें क्यों नहीं बताई गईं। उन्होंने चुनावी बांड को वसूली का माध्यम बताया।

राहुल गांधी ने कहा कि नोटबंदी और गलत जीएसटी लागू होने से देश में रोजगार का संकट है। इंडिया गठबंधन की सरकार आने पर देश में गरीबी हटाने के लिए हम तीस लाख सरकारी नौकरियां देंगे। हर स्नातक को अप्रेंटिस का अधिकार देंगे। इस दौरान उसे एक साल में एक लाख रुपये देंगे। हर गरीब परिवार की किसी एक महिला को हर महीने 8,500 रुपये देंगे। साथ ही, किसानों को एमएसपी की गारंटी देंगे।



गाजियाबाद में बुधवार को संयुक्त प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा नेता अखिलेश यादव। • प्रेट्र

## किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई : अखिलेश यादव

**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने प्रेस वार्ता के दौरान भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा के सभी वादे झूठे निकले। ना किसानों की आय दोगुनी हुई और ना ही नौजवानों को रोजगार मिला। विकास के सपने अधूरे हैं। चुनावी बांड ने पोल खोलकर रख दी है। सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि यूपी के पहले चरण का मतदान प्रदेश और देश का चुनाव तय करता है। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि एनडीए का सफाया पीडीए करेगा। हर लोकसभा में पेपर लीक से परेशान युवा और उनके परिवारजन चुनाव पर असर डालेंगे।

# सात साल बाद भी आसान नहीं इम्तिहान

■ सुहेल हामिद

**नई दिल्ली।** पूरे सात साल बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव एक बार फिर साथ नजर आए। उत्तर प्रदेश में पहले चरण की आठ सीट पर प्रचार खत्म होने से ठीक पहले यूपी के लड़कों ने एकजुटता दिखाते हुए पार्टी नेताओं, कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को संदेश देने की कोशिश की। वक्त गुजरने के साथ दोनों लड़के और ज्यादा साथ नजर आ सकते हैं।

यह पहला मौका है, जब कांग्रेस और समाजवादी पार्टी गठबंधन में लोकसभा चुनाव लड़ रही है। इससे पहले 2017 विधानसभा चुनाव में दोनों पार्टियां साथ आई थीं, पर कोई खास कमाल नहीं हुआ था। इसमें तत्कालीन समाजवादी पार्टी सरकार के खिलाफ नाराजगी के साथ 2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद भाजपा के पक्ष में बने माहौल की बड़ी भूमिका थी।

**जमीनी स्तर पर तालमेल जरूरी :** राजनीतिक जानकार मानते हैं कि इस वक्त स्थिति अलग है। भाजपा केंद्र में 10 और प्रदेश में सात वर्ष से सत्ता में है। ऐसे में मतदाताओं के एक तबके में कुछ मुद्दों को लेकर नाराजगी हो सकती है। इंडिया गठबंधन को इस नाराजगी को वोट में बदलना होगा। इसके लिए जमीनी स्तर पर मजबूत संगठन और तालमेल जरूरी है। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय में राजनीतिक शास्त्र के प्रोफेसर राजेंद्र शर्मा कहते हैं कि चुनावी गठबंधन भले ही प्रदेश में सबसे बड़ी पार्टी के वर्चस्व की सीधी चुनौती नहीं दे पाए, पर कई सीट पर तालमेल काफी असरदार साबित होता है क्योंकि, गठबंधन में शामिल पार्टियों का अपना वोट बैंक और कुछ समुदायों में असर होता है। शर्मा मानते हैं कि जीत की दहलीज तक पहुंचने के लिए एक-दूसरे को अपना वोट स्थानांतरित होना बेहद जरूरी है। सपा के पास प्रदेश में 20 से 25 फीसदी और कांग्रेस के पास सात प्रतिशत वोट हैं।

### कांग्रेस-सपा को बढ़ाना होगा मत प्रतिशत

वर्ष 2014 के मुकाबले 2019 में सपा और कांग्रेस का वोट प्रतिशत कम हुआ है। प्रदेश कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि इस बार चुनाव में पिछले दो चुनाव जैसा माहौल नहीं है। ऐसे में भाजपा के सामने उत्तर प्रदेश में अपना प्रदर्शन दोहराने की चुनौती है पर इससे ज्यादा बड़ा इम्तिहान इंडिया गठबंधन का है क्योंकि गठबंधन को अपना वोट प्रतिशत भी बढ़ाना है।

# भगवान राम का विरोध करने वालों का हुआ पतन : राजनाथ

**निशाना**

**कासरगोड (केरल), एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने बुधवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि दोनों दल भगवान राम या रामनवमी के महत्व को नहीं समझते। हम सबको मालूम है कि भारत में जिसने भी भगवान राम का विरोध किया, उसका पतन हुआ। यही देश में कांग्रेस और माकपा के साथ हुआ।

राजनाथ सिंह ने दावा किया कि कांग्रेस अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का विरोध कर रही थी और आज देश में उसकी हालत देखिए। उन्होंने कहा, वामपंथी दल भारत में केवल कुछ ही इलाकों में सिमट गए हैं।

कासरगोड जिले में जनसभा को संबोधित करते हुए सिंह ने माकपा के घोषणा पत्र में देश में परमाणु हथियार नष्ट करने के बारे में किए गए वादे पर कांग्रेस से स्पष्टीकरण मांगा। सिंह ने कहा कि देश के परमाणु हथियारों को नष्ट करने की बात करना राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ करने जैसा है।

उन्होंने कहा कि भारत ने दुनिया के 11 परमाणु शक्ति संपन्न देशों में से एक बनने के लिए कड़ी मेहनत की है और अपने परमाणु हथियारों को नष्ट करने से देश कमजोर हो जाएगा, जबकि उसके पड़ोसी देश पाकिस्तान और चीन परमाणु शक्ति संपन्न हैं। वे बोले, देश को कमजोर करने के लिए विपक्षी पार्टियों द्वारा गहरी साजिश रची जा रही है।

**राजग सरकार ने अपने सभी वादे पूरे किए :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि राजग सरकार ने अपने 10 साल के शासन के दौरान अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, तीन तलाक को खत्म करने और राम मंदिर बनाने के अपने पिछले वादों को पूरा किया है। अगर भाजपा फिर से सत्ता में आती है, तो मोदी की सभी गारंटी को पूरा किया जाएगा। हम अगले पांच वर्षों में समान नागरिक संहिता लागू करने के लिए भी प्रतिबद्ध हैं।

### रक्षा मंत्री बोले, मोदी की सभी गारंटी होगी पूरी



कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों की कथनी और करनी में अंतर होने का आरोप लगाने के साथ ही सिंह ने यह भी दावा किया कि भाजपा देश की सबसे विश्वसनीय राजनीतिक पार्टी है। वे बोले, कांग्रेस और कम्युनिस्ट दलों की कथनी और करनी अलग-अलग थी इसलिए, इसके परिणामस्वरूप भारतीय राजनीति में विश्वसनीयता का संकट पैदा हो गया। इस संकट को भाजपा ने एक चुनौती के रूप में लिया और अतीत में किए गए अपने चुनावी वादों को पूरा किया है। राजनाथ ने कहा कि मोदी की सभी गारंटी पूरी होगी।

# आयोग ने 'एक्स' से चार पोस्ट हटवाई

■ सोशल मीडिया कंपनी ने कहा, आयोग के फैसले से हम असहमत

■ कांग्रेस और आप ने आयोग के फैसले पर उठाया सवाल

**नई दिल्ली, वि.सं./एजेंसी।** केंद्रीय निर्वाचन आयोग ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' को चार चुनावी पोस्ट हटाने का आदेश दिया। इनमें वाईएसआर कांग्रेस, आम आदमी पार्टी (आप), तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू और बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के पोस्ट शामिल हैं।

चुनाव आयोग का कहना है कि इन पोस्टों ने आचार संहिता का उल्लंघन किया है। हालांकि, मंगलवार को जारी आदेश पर 'एक्स' ने कहा कि हमने आदेशों को मानते हुए चुनाव की शेष अवधि के लिए इन पोस्ट को हटा रहे हैं, लेकिन हम आयोग के इस फैसले से असहमत हैं। 'एक्स' का कहना है कि अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के तहत इन पोस्ट और सामान्य रूप से राजनीतिक भाषण की अनुमति होनी चाहिए। दरअसल, निर्वाचन आयोग ने इस संबंध में दो अप्रैल और तीन अप्रैल को आदेश जारी किए गए थे। आयोग द्वारा 10 अप्रैल को इस संबंध में एक और ई-मेल भेजा गया था, जिसमें आयोग ने कहा था कि 'एक्स' द्वारा इन चार पोस्ट को नहीं हटाने पर इसे जानबूझकर आचार संहिता के उल्लंघन का मामला माना जाएगा।

**कांग्रेस बोली, क्या चुनावी बॉन्ड पर बात करना आपत्तिजनक है:** 'एक्स' को दिए आदेश पर कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने चुनाव आयोग को आड़े हाथ लिया है। कांग्रेस का आरोप है कि सरकार अपने आलोचकों और सवाल पूछने वालों को प्रताड़ित कर रही है। पार्टी प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा, कोई व्यक्ति हेट स्पीच (नफरत भरा भाषण) दे रहा है, धर्म का इस्तेमाल कर रहा या किसी व्यक्ति के खिलाफ भद्दी टिप्पणियां कर रहा है तो चुनाव आयोग को पूरा अधिकार है कि कार्रवाई करे, पर चुनावी बॉन्ड के बारे में बात करना क्या आपत्तिजनक है।

श्रीनेत ने कहा कि 'एक्स' ने एक खबर साझा की है, जिसमें उन्होंने कहा कि आयोग की तरफ से चार हैंडल के पोस्ट को हटाने का निर्देश आया है। वहीं, आपकी मुख्य राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग भाजपा की एक शाखा के तौर पर काम कर रहा है।

**सियासत 30 S**

### राजौरी से चुनाव नहीं लड़ेंगे गुलाम नबी

**श्रीनगर।** डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद जम्मू-कश्मीर की अनंतनाग-राजौरी सीट से लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उनकी पार्टी ने बुधवार को यह जानकारी दी। डीपीएपी के कश्मीर क्षेत्र के अध्यक्ष मोहम्मद अमीन भट ने कहा कि पार्टी ने अब अपने नेता मोहम्मद सलीम पर्रा को सीट से मैदान में उतारने का फैसला किया है।

### राहुल देश के पीएम बनने जा रहे : रेड्डी

**वायनाड।** तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के देश का अगला प्रधानमंत्री बनने पर भरोसा जताया। रेड्डी ने कहा, 'राहुल गांधी इस देश के प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। पिछले 10 वर्षों से प्रधानमंत्री वाराणसी से रहे हैं और आने वाले 20 वर्षों के लिए प्रधानमंत्री वायनाड से होंगे।' रेड्डी वायनाड में राहुल गांधी के लिए प्रचार करने आये थे।

### अग्निवीर योजना पर केंद्र सरकार को घेरा

**हल्द्वानी।** कांग्रेस के स्टार प्रचारक एवं राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने कहा कि भाजपा को अपने लिए 15 साल चाहिए और दिन रात मेहनत कर देश की रक्षा के लिए जान देने की चाहत रखने वाले युवाओं को अग्निवीर बनाकर 4 साल में घर भेज देना चाहती है। इसलिए सभी और खासकर युवाओं को इस बार सोच समझ कर वोट करना होगा।

### तेजस्वी का काम देश में नजीर बना : लालू

**छपरा।** राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने कहा कि 17 वर्षों में जो कार्य सूबे के मुखिया नीतीश कुमार नहीं कर पाए उसे तेजस्वी यादव ने 17 माह में कर दिखाया। रोजगार की ऐसी लकीर खींची कि पूरे देश में नजीर बना है। बुधवार की देर शाम छपरा में इंडिया गठबंधन के कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए लालू यादव ने यह बातें कहीं।

# देश सत्य की पूजा करता है, सत्ता की नहीं : प्रियंका

**सहारनपुर, कार्यालय संवाददाता।** कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने बुधवार को सहारनपुर में कांग्रेस प्रत्याशी इमरान मसूद के समर्थन में रोड शो किया। डेढ़ घंटे तक चले रोड शो में उन्होंने भाजपा सरकार पर हमला बोलते हुए कहा कि इस देश ने सत्ता को नहीं, सत्य को पूजा है, लेकिन आज सत्य को नहीं, सत्ता को पूजा जा रहा है। भारी भीड़ के साथ हुए रोड शो का जगह-जगह पुष्पवर्षा के बीच स्वागत किया गया।

2019 की ही तरह प्रियंका गांधी ने चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सहारनपुर के मतदाताओं को रोड शो के माध्यम से साधा। प्रियंका गांधी का रोड शो शहर की गोल कोठी से शुरू होकर थाना कुतुबशेर चौराहे तक निकाला गया। इस दौरान जगह-जगह प्रियंका गांधी ने जनता को संबोधित किया। प्रियंका ने रामनवमी पर्व का जिक्र करते हुए कहा कि भगवान राम ने भी सत्य की लड़ाई लड़ी थी। जब उनके सामने रावण युद्ध करने के लिए आया तो सारी शक्ति रावण के पास थी, लेकिन भगवान राम ने नौ व्रत रखकर सारी शक्ति अपने पास ले ली थी। इसके बाद रावण से युद्ध किया और सत्य की जीत हुई।



सहारनपुर में बुधवार को रोड शो के दौरान कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी।

# पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्रियों की किस्मत दांव पर

**21** राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीटों पर पहले चरण में होगा मतदान

**19** अप्रैल को होने वाले चुनाव में दो पूर्व मुख्यमंत्रियों के भाग्य का भी होगा फैसला

**नई दिल्ली, एजेंसी।** 21 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की 102 लोकसभा सीटों के लिए प्रचार बुधवार शाम समाप्त हो गया। इन सीटों के लिए पहले चरण में 19 अप्रैल को मतदान होगा। चुनाव प्रचार खत्म होने से पहले सभी दलों ने मतदाताओं को अपने पक्ष में करने के लिए हर तरह के सियासी दांव चले। पहले चरण में राजग और इंडिया गठबंधन के कई बड़े नेताओं के भाग्य का फैसला होगा।

पहले चरण में आठ केंद्रीय मंत्री, दो पूर्व मुख्यमंत्री और एक पूर्व राज्यपाल भी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। इनमें से केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी नागपुर लोकसभा क्षेत्र से जीत की हैट्रिक लगाने की आस लगाये बैठे हैं, तो वहीं केंद्रीय मंत्री किरण रीजीजू अरुणाचल पश्चिम सीट से चुनाव मैदान में हैं। सर्बानंद सोनोवाल, संजीव बलियान, जीतेंद्र सिंह, भूपेन्द्र यादव, अर्जुन राम मेघवाल और एल मुरुगन के भाग्य का फैसला भी पहले चरण के चुनाव में होने वाला है। इसके अलावा दो पूर्व मुख्यमंत्री, बिप्लब कुमार देब (त्रिपुरा) और नबाम तुकी (अरुणाचल प्रदेश) और पूर्व राज्यपाल तमिलिसाई सौंदर्यराजन (तेलंगाना) भी मैदान में हैं। 2019 में यूपीए ने इन 102 सीटों में से 45 और एनडीए ने 41 सीटें जीती थीं।

DPauls.com
it's all about holidays
#DekhoMyIndia




STANDARD ₹14,999/- | STANDARD + ₹15,999/- | GOA ON THE BEACH ₹17,999/-
WHITEWOODS RESORT STONEWOODS RESORT & SPA ~~₹16,999/-~~ ₹15,999/-
4th Night OR 3 Dinners FREE & Get Discount of ₹1,000/-
Holiday Inn
HOLIDAY INN GOA CANDOLIM ₹24,999/-
3Nts + 1Nt Free with Breakfast. Pay in 6 NO COST EMI of ₹4166/-
Includes: Airfare, 3 Nts Stay, Breakfast & GST. Travel valid till May 2024. June Packages also Available

Package Includes: Airfare, Stay, Sightseeings, Meals, Transfers, GST.
KERALA 4 Nts — Starting from ₹24,999/- — 2 Nts Munnar, 1 Nt Thekkady, 1 Nt Alleppey — Travel valid May & Jun 2024
NORTH EAST 4 Nts — Starting from ₹28,999/- — 2 Nts Gangtok, 2 Nts Darjeeling — Travel valid till Jun 2024
KASHMIR 4 Nts — Starting from ₹28,999/- — 3 Nts Srinagar, 1 Nt Pahalgam — Travel valid till Jun 2024
LEH LADAKH 5 Nts — Starting from ₹41,999/- — 3 Nts Leh, 1 Nt Nubra Valley, 1 Nt Pangong — Travel valid May & Jun 2024

Book Now & Get Discount Upto ₹44,000/-
Pay through UPI & Get Cashback up to ₹5,000/-
Package Includes: Airfare, Stay, Sightseeings, Meals, Transfers, VFS Charges, Tip & GST.
Spain Value Pack worth ₹13,999 in just ₹9,999: •River Cruise at Seville •Lisbon Tram Ride •Flamenco Show •Montserrat Rail Tour
London Value Pack worth ₹15,999 in just ₹10,999: • London Eye • Visit Tower of London • Madam Tussauds • 1 Dinner
Euro Value Pack worth ₹30,999 in just ₹24,999: • Mt. Jungfrau Tour with Interlaken • Mt. Titlis Tour with Ice Flyer & Lucerne Tour • Paris Illumination Tour
EASTERN EUROPE 7 Nts — SUPERIOR PACKAGE ~~₹1,89,999/-~~ ₹1,60,999/- — 1 Nt Salzburg, 2 Nts Vienna, 1 Nt Budapest, 2 Nts Prague, 1 Munich
JEWELS OF EUROPE 7 Nts — SUPERIOR PACKAGE ~~₹1,94,999/-~~ ₹1,68,999/- — 3 Nts Switzerland, 1 Nt Germany, 1 Nt Netherlands, 2 Nts Paris
CLASSICAL SPAIN & PORTUGAL 9 Nts — SUPERIOR PACKAGE ~~₹2,09,999/-~~ ₹1,73,999/- — 2 Nts Madrid, 2 Nts Lisbon, 1 Nt Seville, 1 Nt Granada, 1 Nt Valencia, 2 Nts Barcelona
BEST OF SCANDINAVIA 9 Nts — SUPERIOR PACKAGE ~~₹2,54,999/-~~ ₹2,15,999/- — 2 Nts Copenhagen, 1 Overnight on Cruise Ferry, 1 Nt Bergen, 1 Nt Geilo, 2 Nts Oslo, 2 Nts Stockholm
UK, SCOTLAND & IRELAND 9 Nts — SUPERIOR PACKAGE ~~₹2,84,999/-~~ ₹2,35,999/- — 3 Nts London, 1 Nt Lake District, 2 Nts Scotland, 1 Nt Belfast, 2 Nts Dublin
JAPAN & SOUTH KOREA 10 Nts — SUPERIOR PACKAGE ~~₹2,99,999/-~~ ₹2,59,999/- — 3 Nts Osaka, 1 Nt Hiroshima, 3 Nts Tokyo, 1 Nt Busan, 2 Nts Seoul, Breakfast, 9 Dinner, Sightseeing Tours, Visa, Transfers, Airfare, Tip & GST.
Optional Tours: • Full Day Universal Studios Tour @ ₹9,999/- • Full Day Tokyo Disneyland Tour @ ₹14,999/-

Book Today & Get Discount Up To ₹10,000/-
PATTAYA & BANGKOK 5 Nts — Starting from ~~₹40,999/-~~ ₹36,999/- — 3 Nts Pattaya, 2 Nts Bangkok, Breakfast, Coral Island Tour, Bangkok City Tour, Transfers, Airfare & GST. Travel valid till Jul 2024
PHUKET 5 Nts — Starting from ~~₹48,999/-~~ ₹40,999/- — 5 Nts Phuket, Breakfast, Half Day City Tour, Transfers, Airfare & GST. Travel valid till Jul 2024
PHUKET & KRABI 5 Nts — Starting from ~~₹50,999/-~~ ₹42,999/- — 3 Nts Phuket, 2 Nts Krabi, Breakfast, Half Day Phuket City Tour, Transfers, Airfare & GST. Travel valid till Jul 2024
SINGAPORE 5 Nts — Starting from ~~₹58,999/-~~ ₹56,999/- — 5 Nts Singapore, Breakfast, Singapore City Tour, Singapore Visa, Transfers, Airfare & GST. Travel valid 29th Apr - 17th May 2024
KUALA LUMPUR with SINGAPORE 6 Nts — Starting from ~~₹78,999/-~~ ₹68,999/- — 3 Nts Kuala Lumpur, 3 Nts Singapore, Breakfast, City Tour of Singapore & Kuala Lumpur, Singapore Visa, Transfers, Airfare & GST. Travel valid in Jun 2024
EXPLORE ASIAN NEIGHBOURS 6 Nts — Starting from ~~₹80,999/-~~ ₹73,999/- — 3 Nts Singapore, 3 Nts Phuket / Bangkok, Breakfast, Singapore City Tour, Bangkok/Phuket City Tour, Singapore Visa, Transfers, Airfare & GST. Travel valid till May 2024
SPICES OF THE FAR EAST 8 Nts — Starting from ~~₹86,999/-~~ ₹79,999/- — 3 Nts Bangkok, 2 Nts Kuala Lumpur, 3 Nts Singapore, Breakfast, City Tour of Bangkok, Singapore & Kuala Lumpur, Singapore Visa, Transfers, Airfare & GST. Travel valid till May 2024
SINGAPORE with CRUISE 5 Nts — Starting from ~~₹88,999/-~~ ₹81,999/- — 3 Nts Singapore with Breakfast, 2 Nts Stay on Resort World Cruise (Inside Stateroom), All Meals on Cruise, Singapore City Tour, Singapore Visa, Transfers, Airfare & GST. Cruise Gratuity directly payable on board. | Travel valid till 17th May 2024
BALI 5 Nts — Starting from ~~₹54,999/-~~ ₹47,999/- — 5 Nts Bali, Breakfast, Full Day Kintamani Volcano Tour with Ubud Village (Includes- Mount Batur viewing only, Tegenungan Waterfall & Bali Swing- Alas Harum Agro wisata), Transfers, Airfare & GST. Travel valid till Sep 2024
DUBAI 5 Nts — Starting from ~~₹68,999/-~~ ₹54,999/- — 5 Nts Dubai, Breakfast, Desert Safari with Dinner, Marina Dhow Cruise with Dinner, Dubai City Tour, Visa, Transfers, Airfare & GST. Travel valid 14th May till 13th Sep 2024
BHUTAN 7 Nts — Starting from ~~₹69,999/-~~ ₹62,999/- — 1 Nt Phuentsholing, 2 Nts Thimpu, 1 Nt Punakha, 2 Nts Paro, 1 Nt FREE Jaldapara, Breakfast & Dinner, Sightseeing Tours, Transfers, Airfare & GST. Travel valid till Jun 2024
MAURITIUS 6 Nts — Honeymoon Special — 6 Nts Mauritius, Breakfast, Dinner, 3 Full Day Sightseeing Tours i.e. North Tour, South Tour & Ile Aux Cerfs (East Tour), Transfers, Airfare & GST. Travel valid till 10th May 2024
Tarisa Resort ₹89,999/- | The Ravenala Attitude ₹1,12,999/-
Pearle Beach ₹96,999/- | InterContinental Resort ₹1,19,999/-
Anelia Resort ₹96,999/- | OUTRIGGER Beach Resort ₹1,24,999/-
SCAN NOW TO VIEW MORE DETAILS ABOUT PACKAGES.

NO HIDDEN COST ALL ABOVE MENTIONED INTERNATIONAL PACKAGES INCLUDE: AIRFARE, STAY, BREAKFAST, TRANSFERS & GST.
DPauls.com it's all about holidays | 011 - 66 777 466 | 09212 647 120 | Mail us: info@dpauls.com Visit: www.dpauls.com
B-39 & B-40, Shivalik, Malviya Nagar, New Delhi - 110017
*TCS extra shall be applicable on International package cost. Surcharge extra on selected dates. Discount being offered shall be adjusted at the time of final payment from the total amount of the package being booked by you. *Offers valid for limited period, limited seats and are subject to change without prior notice. All rates on twin share per person basis else specified. *The cost of outbound package tour is payable in convertible foreign exchange (subject to RBI/GOI regulation) except cost of ticket. * T&C Apply.

SAMAARA Holidays Pvt. Ltd.
from anywhere to everywhere...

DUBAI 5 Days Rs. 47,999/-
BALI 7 Days Rs. 62,999/-
EASTERN EUROPE 10 Days Rs. 1,49,999/-
3 Nights Vienna, 3 Nights Prague, 3 Nights Budapest
LONDON, SCOTLAND 7 Days Rs. 1,49,999/-
4 Nights London, 2 Nights Edinburgh
SWISS, PARIS 7 Days Rs. 1,49,999/-
3 Nights Swiss, 3 Nights Paris
GREECE 8 Days Rs. 1,54,999/-
3 Nights Athens, 2 Nights Santorini, 2 Nights Mykonos
All Packages Includes : Airfare, Accommodation, Breakfast, Transfers & Sightseeing.

4 Days GOA Rs. 15,999/- Package Includes : Airfare, Accommodation
4 Days KATHMANDU Rs. 24,999/- Packages Includes : Airfare, Accommodation, Breakfast, Transfers & Sightseeing. (Valid on 04 Pax)
5 Days SRINAGAR Rs. 31,999/- Package Includes : Airfare, Accommodation, Daily Sightseeing, Breakfast, Dinners & Transfers. Departure: Apr, May & June
6 Days DARJEELING GANGTOK Rs. 34,499/- Package Includes : Airfare, Accommodation, Breakfast, Transfers & Sightseeing. (Valid on 04 Pax)
6 Days LEH Rs. 44,599/- Package Includes : Airfare, Accommodation, Breakfast, Dinner, Transfers & Sightseeing. (Valid on 04 Pax)
5 Days KERALA Rs. 31,499/- Package Includes : Airfare, Accommodation, Breakfast, Transfers & Sightseeing. (Valid on 04 Pax)
Packages not valid for Peak Period & Long Weekend.
Visa, Travel Insurance, GST, TCS is extra. *T&C apply

VIETNAM 8 Days Rs. 1,14,999/-
Ho Chi Minh City + Da Nang + Hanoi
Package Includes : Airfare, 5 Star Accommodation, Sightseeing, Breakfast, Dinners, Transfers, Visa.
Group Departure : June
GEORGIA (TBILISI) 5 Days Rs. 77,999/-
Package Includes : Airfare, Accommodation, Sightseeing, Breakfast, Dinners, Transfers, Visa.
Group Departure : June
AZERBAIJAN (BAKU) 6 Days Rs. 74,999/-
Package Includes : Airfare, Accommodation, Sightseeing, Breakfast, Dinners, Transfers, Visa.
Group Departure : May & June
PHUKET 6 Days Rs. 54,999/-
Package Includes : Airfare, Accommodation, Sightseeing, Breakfast, Transfers.
Departure: May & June
BANGKOK, PATTAYA 5 Days Rs. 36,999/-
Valid on 04 Pax
Package Includes : Airfare, Accommodation, Breakfast, Transfers & Sightseeing.
FASCINATING EUROPE
Paris, Switzerland, Austria, Germany
9 Days Rs. 1,69,999/-
Group Departure : May To October
EXCLUSIVE EUROPE
France, Switzerland, Austria, Italy
11 Days Rs. 1,98,499/-
Group Departure : May To October
Packages Includes : Stay in 4 Star + Hotels, All Meals, Coach and Guided Tours from Day 1 - Day Last, All Sightseeings. (Airfare, Visa & Insurance Extra)
Above packages are not valid for Peak Period.

C-21, RAJA GARDEN, RING ROAD, OPPOSITE CROMĀ, NEW DELHI-110015
Rates are per person on twin sharing basis. Rates are subject to availability, may vary at the time of booking.
Ph: 011-4556 4556
96157 96157
We are hiring, send your resume to sameer@samaaratravel.com

हिन्दुस्तान
1936
सत्य • सार्थक • सदैव

# प्रचार का पहला चरण

अठारहवीं लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रथम चरण वाले क्षेत्रों में चुनाव प्रचार थम गया है और 19 अप्रैल को 102 लोकसभा सीटों पर मतदान के साथ ही देश में 18 प्रतिशत मतदान या चुनाव संपन्न हो जाएगा। इतनी ज्यादा सीटों वाला यह सबसे बड़ा चुनावी चरण है और इसमें 10 छोटे-बड़े राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में मतदान पूरी तरह संपन्न हो जाएगा। शुक्रवार को तमिलनाडु की सभी लोकसभा सीटों पर मतदान होना है। तमिलनाडु में विपक्षी गठबंधन मजबूत है, जबकि भाजपा पहली बार सशक्त स्थानीय प्रत्याशियों के दम पर दो-दो हाथ कर रही है। तमिल मतदाता राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक के नेतृत्व वाले गठबंधन को ज्यादा पसंद करते हैं या अन्नाद्रमुक के पक्ष में जाते हैं, इससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि यहां से भाजपा को कितनी सीटें मिलेंगी? यहां भाजपा के पक्ष में हवा बनाने की कोशिश करने वाले तमिलनाडु भाजपा प्रमुख के अन्नामलाई (कोयंबटूर) का भाग्य भी कल इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन में बंद हो जाएगा।

देश में लोकसभा चुनाव के साथ ही अरुणाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम में विधानसभा के लिए भी चुनाव हो रहे हैं। शुक्रवार को पहले चरण में सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश की अपनी-अपनी विधानसभाओं के लिए मतदान संपन्न हो जाएगा। उत्तराखंड की सभी पांच सीटों- टिहरी-गढ़वाल, गढ़वाल, अल्मोड़ा, नैनीताल-उधमसिंह नगर और हरिद्वार पर भी प्रचार समाप्त हो चुका है। उत्तर प्रदेश में भी खास आठ सीटों- पीलीभीत, सहारनपुर, कैराना, मुजफ्फरनगर, बिजनौर, नगीना, मुरादाबाद, रामपुर में प्रत्याशियों का भाग्य ईवीएम में कैद हो जाएगा। इनमें से ज्यादातर सीटों पर मुकाबला बहुकोणीय है, जहां दो से ज्यादा प्रत्याशी पूरी मजबूती से जीत का दावा कर रहे हैं। इनमें से ज्यादातर सीटों पर भाजपा की मजबूती का इतिहास है, इसलिए विपक्षी दलों को पुरजोर प्रयास करना पड़ रहा है। बिहार में भी औरंगाबाद, गया, जमुई, नवादा में चुनाव प्रचार थम गया है। राजस्थान में भी पहले चरण में 12 सीटों पर मतदान होने वाला है। लगभग इन सभी क्षेत्रों में पिछली बार कमल खिला था, पर इस बार देखना है कि मतदान किस ओर जाता है? मणिपुर, पश्चिम बंगाल और जम्मू-कश्मीर में ज्यादा सावधानी की जरूरत है। छत्तीसगढ़ में भी सुरक्षा बलों को मुस्तैद रहना होगा, क्योंकि 29 नक्सली मारे गए हैं और बस्तर सीट पर मतदान है।

**देश में 102 लोकसभा क्षेत्रों में चुनाव प्रचार थम गया है, वहीं सिक्किम और अरुणाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव के लिए जारी प्रचार भी संपन्न हो चुका है।**

बहरहाल, पहले चरण में जिन नेताओं के भाग्य का फैसला हो जाएगा, उसमें सबसे प्रमुख नाम केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का है। गडकरी का नाम ऐसे मंत्रियों में शुमार रहा है, जिनका काम साफ तौर पर दिखता है। गडकरी के अलावा केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू, जीतेंद्र सिंह, कांग्रेस नेता गौरव गोगोई जैसे कद्दावरों के भी भाग्य का फैसला 19 अप्रैल को हो जाएगा। बहरहाल, चुनाव खर्च की सीमा की वजह से चुनाव प्रचार विशेष रूप से बड़े शहरों में उतना नहीं दिख रहा है, जितना छोटे शहरों, कस्बों और गांवों में, पर चुनाव लड़ने वाले बहुत सक्रिय हैं और बड़े पैमाने पर धन भी खर्च हो रहा है। चुनाव आयोग बेहिसाब धन की बरामदगी कर रहा है, मतलब, एक चुनाव हमारी आंखों के सामने है और उसका एक स्याह पहलू परदे के पीछे जमीन-आसमान एक किए हुए है। बेशक, यह जागरूकता के साथ अपने भविष्य को देखने का समय है। ऐसे प्रत्याशियों का ही चयन होना चाहिए, जो प्रतिनिधि अपना कर्तव्य निभाने में कोई कसर न छोड़ते हों।

## हिन्दुस्तान Hindustan | 75 साल पहले 18 अप्रैल, 1949

### अफ्रीकी भारतीयों की चिंता

केपटाउन, १७ अप्रैल। दक्षिण अफ्रीका के सरकारी कमीशन ने, जिसने पिछली जनवरी में अफ्रीकी-भारतीय दंगों की जांच की थी, आज यह चेतावनी दी है कि हो सकता है अफ्रीकी अपना हिसाब चुकता करने के लिए भारतीयों पर एक और आक्रमण कर दें। कमीशन इस निष्कर्ष पर पहुंचा कि कुछ यूरोपियन थे, जिन्होंने सक्रिय रूप से अफ्रीकियों को भारतीयों के विरुद्ध हिंसात्मक कार्रवाइयों के लिए भड़काया, परन्तु कमीशन को संतोष है कि ये यूरोपियन अपवाद रूप में थे। दो दिन के दंगों में १४२ व्यक्ति मारे गए और १०८७ जख्मी हुए थे । कमीशन ने दंगों के सम्बन्ध में जो रिपोर्ट प्रकाशित की है, उसमें दंगों के कारणों पर प्रकाश डालते हुए बताया गया है कि जब तक स्थिति पर ध्यानपूर्वक निगाह नहीं रखी जाती और सार्वजनिक हिंसा के सभी प्रदर्शन सख्ती के साथ नहीं दबा दिये जाते यह हो सकता है कि अफ्रीकी लोग अपना हिसाब चुकता करने के लिए भारतीयों पर फिर आक्रमण कर दें। रिपोर्ट में कहा गया है कि डरबन पर, जहां जातीय दंगे हुए थे, बराबर निगाह रखने की आवश्यकता है।

कमीशन ने अपनी रिपोर्ट में कहा है कि अफ्रीकियों और भारतीयों में जो संघर्ष हुआ, वह बहुत आकस्मिक था। उसके लिए अधिकारियों को दोष नहीं दिया जा सकता। इस संघर्ष के कई कारण हैं, जिनमें मकान की समस्या एक है। डरबन के छोर पर बसे गंदी झोंपड़ियों वाले क्षेत्र किसी भी सभ्य समाज के लिए कलंक हैं। परन्तु इसके लिए डरबन कारपोरेशन को दोष नहीं दिया जा सकता। दूसरा कारण बड़ी संख्या में अफ्रीकी पुरुषों का कम्पाउंडों में रहना बताया गया है। इन लोगों ने दंगों में बहुत भाग लिया। कमीशन ने कहा है कि अफ्रीकियों के मस्तिष्क पर सबसे बुरा प्रभाव इस तथ्य का पड़ा है कि दक्षिण अफ्रीका के प्रति विदेशी पत्रों में बड़ा आक्रमणात्मक रुख है। गलत जानकारी रखने वाले आलोचक पार्थक्य और जातीय मताधिकार की नीति के विरुद्ध जल्दी में अफ्रीकियों की हिमायत को दौड़ पड़ते हैं। दक्षिण अफ्रीका के समाचार पत्र इन विकारों को दोहराते हैं और सब ओर से अफ्रीकियों के मस्तिष्क में यही आवाज आती है कि उसे शिकायतें हैं। ऐसी स्थिति में वह शांत कैसे रहे?

# सत्ता संग्राम में सितारों का सिलसिला

**हिंदी पट्टी के मतदाताओं का अनुभव स्टारडम वाले जन-प्रतिनिधियों के साथ बहुत अच्छा नहीं रहा है, जबकि दक्षिण भारत में सितारे ईमानदारी से सेवा करते दिखते हैं।**



यहां स्कैन करें

राज कुमार सिंह | वरिष्ठ पत्रकार



चुनावी राजनीति जनसंपर्क से जब रोड शो बन जाए, तो तरह-तरह के सितारों, यानी सेलिब्रिटीज की दरकार होगी ही। दशकों पुराने निष्ठावान नेताओं को पीछे छोड़कर ये सितारे टिकट की बाजी मार ले जाते हैं। इनके स्टारडम का जादू जनता के सिर चढ़कर बोलता है और ये चुनाव जीतकर संसद-विधानसभा में पहुंच जाते हैं। 2024 का लोकसभा चुनाव भी अपवाद नहीं है, बल्कि हो सकता है कि इस बार चुनावी रण में सितारों की संख्या और भी ज्यादा हो जाए। भारत का संविधान हर नागरिक को चुनाव लड़ने का अधिकार देता है, पर वैसा करने वालों से यह अपेक्षा अनुचित तो नहीं कि वह जनता और उसकी समस्याओं को समझते हुए राजनीति को गंभीरता से लें। बेशक सुनील दत्त सरीखे कुछ सितारे राजनीति में भी मिसाल साबित हुए, पर ज्यादातर हिंदी क्षेत्र के सितारे इसे भी चमक-दमक का ही खेल मान लेते हैं।

ताजा उदाहरण मेरठ से प्रत्याशी अरुण गोविल का है। चुनाव प्रचार में एक पत्रकार ने जब उनसे क्षेत्र के मुद्दों की बाबत सवाल पूछा, तो बोले, पहले चुनाव हो जाए, फिर लोगों से बात करके समझेंगे। वैसे, वह मेरठ के ही मूल निवासी हैं। वह अच्छे नेता या अपवाद साबित हो सकते हैं, पर हिंदी पट्टी के मतदाताओं का अनुभव स्टारडम वाले जन-प्रतिनिधियों के साथ अच्छा नहीं रहा है। यही कारण है कि अक्सर अगले चुनाव में राजनीतिक दलों को अपने सितारों का विकल्प ढूंढ़ना पड़ जाता है। जैसे, इस बार पंजाब की गुरदासपुर सीट पर सनी देओल का ढूंढ़ना पड़ा या इसके पहले उनके पिता धर्मेंद्र का बीकानेर में ढूंढ़ना पड़ा था। दोनों के ही क्षेत्र में 'गुमशुदा सांसद' के पोस्टर लगने की नौबत आ गई थी। वैसे इसी परिवार की सदस्य हेमा मालिनी मथुरा से लगातार तीसरी बार चुनाव लड़ रही हैं। गिनती के लिहाज से तो शत्रुघ्न सिन्हा भी पीछे नहीं, मगर भाजपा से शुरू कर कांग्रेस से होते हुए वह तृणमूल कांग्रेस में पहुंच गए हैं। राजनीतिक सीढ़ियां चढ़ने के लिए दलबदल का सहारा लेने वाले शत्रुघ्न सिन्हा अकेले नहीं हैं। दिल्ली से फिर चुनाव लड़ रहे भोजपुरी कलाकार मनोज तिवारी ने भी समाजवादी पार्टी से शुरुआत की थी। राज बब्बर भी सपा से ही कांग्रेस में आए।

भारत में राजनीति और सितारों के रिश्ते की शुरुआत 1960 के दशक से मानी जा सकती है, जब पृथ्वीराज कपूर को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया गया था। दरअसल राज्यसभा में मनोनीत सदस्यों की श्रेणी है ही ऐसे नामचीन लोगों के लिए, जिन्होंने अपने पेशेवर क्षेत्र में देश और समाज के लिए विशिष्ट योगदान दिया है, पर बाद के दशकों में लोकप्रियता भुनाने की सोच ऐसी हावी हुई कि मौके तलाशे जाने लगे। इस तलाश में विचारधारा या छवि भी बाधक नहीं बनी। मसलन, जिस *रामायण* सीरियल के राम अरुण गोविल अब चुनाव लड़ रहे हैं, उसी सीरियल में सीता और रावण की भूमिका निभाने वाले दीपिका चिखलिया और अरविंद त्रिवेदी को भी भाजपा 1991 में गुजरात से लोकसभा भेज चुकी है। भाजपा ने *महाभारत* सीरियल के कृष्ण नीतीश भारद्वाज को भी संसद भेजा था, पर इनमें से कोई भी अपनी खास राजनीतिक पहचान और समर्थक वर्ग नहीं बना पाया।

दरअसल, यही सवाल सितारों और उन्हें राजनीति में लाने वाले दलों को कठघरे में खड़ा करता है और यह धारणा बनती है कि दोनों ही लोकप्रियता को शॉर्टकट की तरह इस्तेमाल करते हुए मतदाताओं को छलते हैं। अपने-अपने क्षेत्र में इन सितारों ने जो सफलता हासिल की है, उससे इनके बड़ी संख्या में प्रशंसक बन ही जाते हैं, जो प्रशंसक इनकी एक झलक पाने को बेताब रहते हैं, वे चुनाव लड़ने पर इनके लिए वोट न करें, यह कैसे संभव है? मगर एक बार जीत गए, तो ज्यादातर सितारे चुनाव क्षेत्र के लिए भी ईद के चांद बन जाते हैं। आपको याद होगा कि हैदराबाद के मूल निवासी, भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे मोहम्मद अजहरुद्दीन को कांग्रेस ने मुरादाबाद से लोकसभा चुनाव लड़वाया। जीत भी गए, पर उन्होंने लोगों के लिए क्या किया? पिछली बार दिल्ली से सांसद चुने गए गौतम गंभीर को यह एहसास करने में पांच साल लग गए कि वह क्रिकेट पर फोकस करना चाहते हैं। इतना ही समय गोविंदा को लग गया था, पर वह फिर भी दौड़ में आने को बेताब हैं। पहले पंजाब से कांग्रेस के टिकट पर विधानसभा चुनाव हार चुके हंसराज हंस को 2019 में दिल्ली से टिकट दिया गया, तो इस बार पंजाब भेजना पड़ गया।

विडंबना यह है कि ऐसे तमाम सितारों का संसद-विधानसभाओं में भी प्रदर्शन प्रायः निराशाजनक रहता है। 17 वीं लोकसभा के कामकाज के आंकड़े भी इस बात की पुष्टि करते हैं कि ज्यादातर सितारे उपस्थिति से लेकर प्रश्न पूछने और चर्चा में भाग लेने तक हर कसौटी पर फिसड्डी ही साबित हुए। शत्रुघ्न सिन्हा और सनी देओल के डॉयलॉग उनके किरदार से भी ज्यादा लोकप्रिय हुए, पर 17वीं लोकसभा में इन दोनों ने एक भी प्रश्न नहीं पूछा। सनी देओल की तो उपस्थिति भी मात्र 18 प्रतिशत रही। मानो लोकसभा में भी गेस्ट एपीयरेंस दे रहे हों। अमिताभ बच्चन बॉलीवुड के महानायक कहे जाते हैं, पर उनका राजनीतिक अनुभव बेहद निराशाजनक रहा। अपने मित्र राजीव गांधी की मदद के लिए 1984 में इलाहाबाद से चुनाव लड़कर हेमवती नंदन बहुगुणा जैसे दिग्गज को हराने वाले अमिताभ को संसद और राजनीति, दोनों से हटना पड़ा। बेशक उनकी पत्नी जया बच्चन समाजवादी पार्टी से पांचवीं बार राज्यसभा के लिए चुनी गई हैं। वैसे, सितारों या कलाकारों की सही जगह राज्यसभा ही है।

बहरहाल, हिंदी क्षेत्र में सितारों की वैसी चमक नहीं दिखी है, जैसी दक्षिण भारत में दिखती रही है। दक्षिण में कम से कम तीन सितारे अलग राजनीतिक दल बनाकर मुख्यमंत्री पद तक पहुंचे। हिंदी पट्टी में बस एक अभिनेता देव आनंद ने राजनीतिक दल का गठन किया था, जो चल न पाया। दक्षिण में पहले अभिनेता एमजी रामचंद्रन तमिलनाडु के मुख्यमंत्री बने और फिर उनकी विरासत को आगे बढ़ाते हुए अभिनेत्री जयललिता तो छह बार मुख्यमंत्री रहीं। आंध्र प्रदेश में भी अभिनेता नंदमुरी तारक रामाराव ने 1982 में तेलुगु देशम पार्टी बनाई और तीन बार मुख्यमंत्री बने।

दरअसल, राजनीति में आने वाले सितारों को एमजीआर, एनटीआर और जयललिता से सीखना चाहिए, जो लोकप्रियता भुनाने के लिए पैराशूट प्रत्याशी बनकर चुनाव मैदान में कूदने के बजाय अपने समर्थकों और उनके सरोकारों से हमेशा हर स्तर पर जुड़े रहे। इसीलिए वे न सिर्फ जीवनकाल में, बल्कि दुनिया से जाने के बाद भी लोगों के दिलों पर राज करते हैं।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# लोकतंत्र की राह पर अभी बहुत आगे जाएगा अपना देश



यहां स्कैन करें

अश्वनी कुमार | अधिवक्ता व पूर्व केंद्रीय मंत्री

भारत की स्वतंत्रता के 77 वर्षों में देश की अनेक उपलब्धियां प्रत्येक भारतीय को गर्व से भर देती हैं। जिस देश में 22 प्रमुख भाषाएं और 19,500 से अधिक उप-भाषाएं हों; जहां अनेक धर्मों का श्रद्धा के साथ पालन होता हो और विभिन्न जातियों का सहस्तित्व हो, ऐसे राष्ट्र को एकजुट रखना अपने आप में अनूठी उपलब्धि है। भारत विश्व में विविधता में एकता की गौरवमयी बेमिसाल पहचान है। विशेषज्ञों के अनुसार, 2035 में भारत का विश्व की तीसरी बड़ी आर्थिक शक्ति के रूप में उभरना तय है। भारत विश्व की चौथी बड़ी सैन्य शक्ति है। अंतरिक्ष में चांद को छूने और विश्व में 'वैक्सीन' का सबसे बड़ा उत्पादक होने का गौरव भी देश को प्राप्त है। 2004 के बाद 40 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी रेखा से ऊपर उठाकर देश के मध्यम वर्ग में शामिल करना, भारतीय अर्थव्यवस्था की विशेष प्राप्ति है।

हालांकि, जहां राष्ट्र की इन प्राप्तियों पर सभी को गर्व है, वहीं हृदय में कुछ पीड़ा की अनुभूति भी है। स्वतंत्रता के 77 वर्ष उपरांत भी लाचारी, दरिद्रता, शोषण, बेरोजगारी, सामाजिक अन्याय, आर्थिक असमानता और विघटनकारी राजनीति की सच्चाई जग-जाहिर है। सांविधानिक मर्यादाओं का हनन, प्रतिशोध व घृणा से दूषित सार्वजनिक संवाद और धर्म व जात-पात पर आधारित देश को विभाजित करने वाली प्रवृतियां चिंताजनक हैं। अधिकांश राजनेताओं में विवेक का अभाव, व्यक्तिगत शत्रुता को जन्म देने वाली राजनीतिक प्रतिस्पर्द्धा, उद्योगपतियों के काले-सफेद चंदे पर निर्भर चुनाव प्रक्रिया, चारों ओर धन का प्रलोभन, अमीर का अहंकार, निर्धन का दुत्कार, सत्ता का पूजन, असहायों के प्रति असंवेदनशीलता, किसी उत्कृष्ट लोकतंत्र का दर्शन तो नहीं हो सकते। जिस तरह अभद्र टिप्पणियों एवं अप्रमाणित आरोपों द्वारा हर दिन नेताओं व अन्य लोगों के सम्मान की धज्जियां उड़ाई जा रही हैं और सिद्धांतहीन गठबंधन को केवल सत्ता प्राप्ति के लिए उचित ठहराया जा रहा है, उससे हमारी सामाजिक, न्यायिक और राजनीतिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न लग रहा है।

**सिद्धांतहीन गठबंधनों को सत्ता के लिए उचित ठहराया जा रहा है, हमारी सामाजिक, न्यायिक, राजनीतिक व्यवस्था पर प्रश्नचिह्न है।**

ऐसा सामाजिक वातावरण, जिसमें कर्म, फर्ज और त्याग की भावना को भौतिक लाभ एवं नुकसान के तराजू में तौला जाए, किसी सभ्य समाज और गरिमामय चलन का दर्शन तो नहीं है। क्यों प्रेमियों के जज्बात की पवित्रता और औचित्य का 'सर्टिफिकेट' और उनकी निजता का मानवीय अधिकार तंत्र का मोहताज है? क्यों लोकशक्ति अनेक मौकों पर आमजन के सम्मान को सुनिश्चित रखने में विफल हो जाती है? क्यों नीची राहें हैं ऊंचाइयों की? जिस देश में अभी भी अनेक बच्चे शिक्षा से वंचित रहकर दरिद्रता के बोझ से दबकर अपनी बेबसी की नुमाइश के लिए मजबूर हों, वह देश बापू के सपनों का भारत नहीं हो सकता। अटल बिहारी वाजपेयी की इस संवेदनशील पीड़ा की अभिव्यक्ति को सलाम करता हूं- *टूटे हुए सपनों की कौन सुने सिसकी,/ अंतर को चीर व्यथा, पलकों पर ठिठकी।*

ऐसे प्रश्नों का मकसद किसी व्यक्ति विशेष या राजनीतिक दल को दोषी ठहराना नहीं है। सवाल, सत्य और अपनी सामूहिक जिम्मेदारी को स्वीकार करने का है, ताकि इन त्रुटियों और चुनौतियों से जूझा जा सके। लोकतांत्रिक मर्यादा का तकाजा है कि जनादेश का आदर हो, चाहे वह किसी भी दल या गठबंधन के पक्ष में हो और निष्पक्ष चुनावों द्वारा चुनी हुई सरकारें सभी का प्रतिनिधित्व करें और सर्वस्व के हित में समर्पित हों। आम जनता की अपेक्षा है कि भविष्य में बनने वाली केंद्र व राज्य सरकारें सभी के लिए और कल्याणकारी सिद्ध हों। देशवासियों की इस परख पर हमारे राजनेता पूरा उतरेंगे या नहीं, इस प्रश्न का उत्तर भारतीय लोकतंत्र एवं हमारी कल्पना के न्यायसंगत राष्ट्र का भविष्य तय करेगा।

इतिहास गवाह है कि अंततः आदर्शवाद व आशावाद की विजय निश्चित है। प्रगतिशील भारत निराशाजनक नहीं हो सकता। वह सुनहरी सुबह जिसका इंतजार है, जल्द आएगी और हम सब मिलकर उस सुबह को लाएंगे। रामधारी सिंह 'दिनकर' की इस रचना से लेख को समाप्त कर रहा हूं- *हो तिमिर कितना भी गहरा,/ हो रोशनी पर लाख पहरा,/ सूर्य को उगना पड़ेगा,/ फूल को खिलना पड़ेगा।*

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

## मनसा वाचा कर्मणा

# बड़ा बनिए और बड़ा बनाइए

रामजी अपने पिता के वरदान-स्वरूप जंगल जा रहे थे। उन्हें वनवासी होने का वरदान दिया गया था। कैकेयी ने मांगा था, रामजी को 14 वर्षों का वनवास होगा और भरत को राजा बनाया जाएगा। राम वनवासी वेश धारण करके वन की ओर निकल गए। उस पूरी वन-यात्रा में, पिता-आज्ञा के पालन की यात्रा में रामजी ने संपूर्ण मानवता को लाभ पहुंचाया।

यात्राओं का एक विशेष स्वरूप होता है। जैसे, वनस्पति वैज्ञानिकों की यात्रा, खनिज वालों की यात्रा, राजनेताओं की यात्रा। राजनेता यात्रा करता है, तो अपने वोट बैंक को मजबूत करता है। खनिज पदार्थों का अन्वेषण करने वाले यह पता लगाते हैं कि कहां-कहां खनिज तत्व हैं। रामजी भी वनवास यात्रा पर निकले, तो वहां उन्होंने केवल अपने वनवासी स्वरूप को ही नहीं बनाए रखा, बल्कि संपूर्ण संसार को वनवासी होने की प्रेरणा भी वह दे सके। रामभाव में आने की प्रेरणा दे सके। वनवासी होने का अभिप्राय है, भौतिक जीवन से संन्यासी जीवन की ओर बढ़ना। बालों को जटा बना लिया, शैंपू-साबुन की जरूरत नहीं। पैरों में जूते की जरूरत नहीं। कोई शृंगार नहीं, कोई आडंबर, कोई दिखावा नहीं; वृक्ष के नीचे रहना, गांव में भी नहीं जाना है। ऋषियों के बीच रहना, अच्छी संगत में रहना है, वनवासी जातियों की परंपराओं से जुड़ना है। उन्होंने 14 वर्षों के वनवास काल में संपूर्ण संसार को वनवासी जीवन का आदर्श दिया।

केवट वाला प्रसंग आप सबको सुनाना चाहता हूं। रामजी केवट के पास गए कि मुझे नदी पार जाना है। केवट ने कहा कि पहले मैं आपके चरण धोऊंगा। केवट को वनवासी से क्या लेना-देना? उसका काम तो नाव चलाना और अपनी मजदूरी लेना है। अब रामजी से अच्छा ग्राहक कौन मिलेगा? अगर अभी नगद भुगतान नहीं होगा, तो उधारी ही लिखवा लेता। उसको क्या कहा जाएगा कि जो रोज कमाता है, रोज खाता है। जिसका जीवन रोज सूर्योदय से सूर्यास्त तक अर्जन और भोग का माध्यम है। वह कौन-सा प्रयास था, कौन-सी बात थी कि केवट ने चरण धोने की बात कही? उसमें ऐसा परिवर्तन हुआ रामजी को देखकर, रामजी को छूकर, उनसे बातें करके कि जब रामजी मजदूरी देने लगे, तो उसने कहा, अब मुझे कुछ नहीं चाहिए।

**रामजी भी वनवास यात्रा पर निकले, तो वहां उन्होंने केवल अपने वनवासी स्वरूप को ही नहीं बनाए रखा, बल्कि संपूर्ण संसार को वनवासी होने की प्रेरणा भी वह दे सके।**

एक व्यक्ति अपने पिता की आज्ञा से राजा होते-होते जंगल जा रहा है। जंगल जाते-जाते भी छोटे से छोटे कर्म और छोटी से छोटी सोच, छोटी शिक्षा वालों को भी रामभाव में लाने के प्रयास में जुटा है। जब रामजी केवट को मजदूरी दे रहे हैं, तो उत्तर सुनिए, *नाथ आजु मैं काह न पावा। मिटे दोष दुःख दारिद दावा। बहुत काल मैं कीन्हि मजूरी। आजु दीन्ह बिधि बनि भलि भूरी। अब कछु नाथ न चाहिअ मोरें। दीन दयाल अनुग्रह तोरें।*

**रामानंदाचार्य स्वामी श्रीरामनरेशाचार्य**

**पोप फ्रांसिस | धर्मगुरु**



**अपनी प्रार्थनाओं में हमें उन लाखों बच्चों की दारुण पुकार को जरूर शामिल करना चाहिए, जिन्हें त्याग दिया गया है, जो हाशिये पर हैं या जिनको स्वास्थ्य देखभाल व स्कूली शिक्षा तक मयस्सर नहीं!**

# संहिता की धज्जियां उड़ा रहे राजनेता

देश में साफ-सुथरा चुनाव कराने के लिए दशकों पहले निर्वाचन आयोग ने एक आदर्श आचार संहिता बनाई थी। आम चुनाव की तिथियों की घोषणा के साथ ही यह संहिता देश भर में लागू हो जाती है। विधानसभा चुनाव के मामले में संबंधित राज्य में ऐसा होता है। इस संहिता के मुताबिक, इसके लगने के बाद न तो किसी तरह की सरकारी घोषणाएं की जा सकती हैं और न कोई शिलान्यास या उद्घाटन किया जा सकता है। सरकारें बगैर आयोग की अनुमति के अधिकारियों के तबादले तक नहीं कर सकतीं। सरकारी गाड़ी, बंगले और विमान का उपयोग भी चुनाव प्रचार के लिए नहीं किया जा सकता। किसी भी प्रत्याशी के लिए रैली या जुलूस निकालने से पहले स्थानीय पुलिस की अनुमति जरूरी है। कोई भी राजनीतिक दल धर्म या जाति के आधार पर वोट नहीं मांग सकता और न ही इनके ऐसे कार्यक्रमों में शामिल हो सकता है, जिनसे सामाजिक तनाव पैदा हो। इसी तरह, किसी के मकान पर बगैर अनुमति नारे लिखने या झंडे लगाने की मनाही है। वोटरों को शराब या पैसे का वितरण प्रतिबंधित है। और भी बहुत कुछ है।

ये सारे प्रावधान वाकई काफी अच्छे हैं और अगर इनको जमीनी स्तर पर लागू कर दिया जाए, तो हमारे देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को दुनिया भर के लिए उदाहरण बनने से कोई नहीं रोक सकता। मगर वास्तव में हो क्या रहा है? जिस आयोग पर इसे लागू करने की जिम्मेदारी है। उस पर ही तमाम तरह के आरोप लग रहे हैं। एक समय था कि आचार संहिता लगने के बाद चुनावी सर्वे पर पूर्णतः रोक लग जाती थी। आज फर्जी सर्वे के जरिये वोटरों को गुमराह करने का काम धड़ल्ले से हो रहा है और आयोग इसके खिलाफ न अदालत की शरण ले रहा है और न ही खुद अपनी तरफ से कोई कार्रवाई कर पा रहा है। कई नेता और प्रत्याशी तो खुलेआम भगवान की तस्वीरें लेकर वोट मांग रहे हैं, और आयोग मूकदर्शक बना हुआ है।

चुनाव आयोग को वैसी ही सख्ती दिखानी होगी, जैसी कभी टीएन शेषन, जेएम लिंगदोह और टीएस कृष्णमूर्ति के समय उसने दिखाई थी। उसी दौर में हमने देखा-सुना कि नफरती भाषण के लिए बाल ठाकरे से वर्षों तक मतदान का अधिकार छीन लिया गया। उप-प्रधानमंत्री आडवाणी को जिला कलेक्टर ने रात 10 बजे के बाद सभा को संबोधित करने से विनम्रतापूर्वक रोक दिया था। पर आज किसी पार्टी को आयोग का कोई डर नहीं। आचार संहिता की धज्जियां उड़ रही हैं।

मेघना राय, टिप्पणीकार

## अनुलोम-विलोम

### आदर्श आचार संहिता




# चुनाव आयोग की भूमिका सराहनीय

आदर्श आचार संहिता का मकसद है, भारतीय लोकतंत्र में सभी दलों को समान अवसर मुहैया कराना। इसीलिए सत्ताधारी लोगों के लिए इस समय चुनाव प्रचार के वास्ते सरकारी साधनों के इस्तेमाल पर रोक लगा दी गई है। आयोग की सख्ती के कारण ही इस बार भी सभी नेता निजी साधनों का उपयोग करते हुए चुनाव प्रचार कर रहे हैं। बल्कि पिछले चुनावों के मुकाबले इस बार अब तक आपत्तिजनक बयान या नफरती बोल भी कम ही सुनने को मिले हैं और जैसे ही इस किस्म की शिकायत मिली, आयोग ने त्वरित कार्रवाई की। चाहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के हेलिकॉप्टर की जांच हो या पार्टी के सांसद रणदीप सिंह सुरजेवाला के चुनाव प्रचार पर 48 घंटों के लिए रोक लगाने का मामला या फिर केंद्रीय मंत्री व भाजपा नेता शोभा करंदलाजे के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश हो या पश्चिम बंगाल के राज्यपाल के कूच बिहार के दौरे पर रोक लगाने की बात, चुनाव आयोग आदर्श आचार संहिता की पालना को लेकर काफी गंभीर है, और पुख्ता सबूत मिलने पर वह कार्रवाई से पीछे नहीं हट रहा। हां, जिस शिकायत के बारे में उसे ऐसा लगता है कि यह बहुत गंभीर आरोप नहीं, उसमें वह आरोपी को हिदायत देकर छोड़ देता है। यह आम बात है कि चुनाव के समय कई शिकायतें महज राजनीतिक आरोप होती हैं।

कुछ विपक्षी पार्टियां चाहती हैं कि चुनाव आयोग ईडी, सीबीआई आदि की कार्रवाई पर भी रोक लगा दे, लेकिन आयोग ने साफ कर दिया है कि वह आपराधिक मामलों में कोई हस्तक्षेप नहीं कर सकता। चुनाव आयोग का यह तर्क बिल्कुल सही है। आखिर ये जांच एजेंसियां किसी राजनीतिक मामले में हस्तक्षेप नहीं करतीं, बल्कि वे तो आर्थिक या सिविल अपराधों से जुड़े मामलों की जांच कर रही हैं। ऐसी जांच से लोकतंत्र की प्रक्रिया बाधित नहीं होती, क्योंकि वे तो व्यक्ति विशेष के खिलाफ अपना कार्य कर रही हैं। इसलिए उन पर दबाव बनाने का कोई औचित्य समझ में नहीं आता।

भारतीय लोकतंत्र की मजबूती और प्रतिष्ठा को लेकर हमारा चुनाव आयोग पूरी तरह सतर्क है। और ऐसा टीएन शेषन के बाद से ही देखने को मिला है। इसलिए उस पर अनावश्यक तंज-तीर बरसाने से कुछ नहीं होने वाला। अगर कोई नेता आचार संहिता का उल्लंघन करता है, तो पुख्ता सबूत के साथ आयोग के संज्ञान में लाने का काम करना चाहिए। कुछ लोग इसमें बेजा अदालत को घसीटने की कोशिश कर रहे हैं।

विकास शर्मा, टिप्पणीकार



# इस बार सबसे अधिक होगी मतदाताओं की भागीदारी

लोकसभा चुनाव के पहले चरण का प्रचार बुधवार शाम को थम गया। इस बार देश में 96.9 करोड़ मतदाता आम चुनावों के लिए पंजीकृत हैं। 2024 में मतदाताओं की संख्या पिछली बार के लोकसभा चुनाव की 91.2 करोड़ की संख्या से 6.25 फीसदी अधिक है। वहीं इस बार कुल जनसंख्या में मतदाताओं की भागीदारी सबसे ज्यादा है। कुल मतदाताओं की हिस्सेदारी जनसंख्या के हिसाब से 67 फीसदी रहेगी। इसके अलावा इस साल लिंग अनुपात भी सबसे कम देखने को मिलेगा। पेश है पिछले चुनावों की तुलना और पहली बार मतदाता के आधार पर इस साल के आम चुनाव में होने वाले बदलाव पर निशांत रंजन की रिपोर्ट।

## 67 फीसदी आबादी करेगी मतदान 2024 में

1 पिछले साल संयुक्त राष्ट्र की विश्व जनसंख्या रिपोर्ट के अनुसार, भारत की जनसंख्या 1 जुलाई, 2024 तक 1.44 अरब होने की उम्मीद है। यानी कुल मतदाताओं की हिस्सेदारी जनसंख्या के हिसाब से 67 फीसदी रहेगी। रिपोर्ट के अनुसार, कुल जनसंख्या में मतदाताओं की हिस्सेदारी इस बार सबसे ज्यादा है। मौजूदा आंकड़ों के मुताबिक, प्रतिशत में उल्लेखनीय वृद्धि 1989 के चुनावों के दौरान हुई, जब पूर्व पीएम राजीव गांधी ने न्यूनतम मतदान आयु 21 वर्ष से घटाकर 18 वर्ष कर दी थी। हालांकि, अब तक के चुनाव में 1962 में सबसे कम 46.3 फीसदी हिस्सेदारी देखने को मिली थी। अगर आंकड़ों पर नजर डालें तो यह संख्या बताती है कि 18 वर्ष से कम उम्र वालों की भारत की कुल जनसंख्या में गिरावट हो रही है।

## राज्यों में मतदाता-जनसंख्या अनुपात अलग-अलग

2 राज्यों की जनसांख्यिकीय रूपरेखा में अंतर होने से मतदाता-जनसंख्या अनुपात बड़ा दिखता है। राज्यों में 1991 और 2024 के चुनावों के बीच कम से कम 10 लोकसभा सीटों से पता चलता है कि यह अनुपात संख्या सभी राज्यों में बढ़ी है। आंध्र प्रदेश में सबसे ज्यादा 16.5 प्रतिशत की वृद्धि देखने को मिली। वहीं पश्चिम बंगाल और कर्नाटक में 15.4 और 14.7 फीसदी का अंतर रहा। इस दौरान बिहार में सबसे कम 2.1 प्रतिशत की बढ़ोतरी देखने को मिली। वहीं पंजाब में यह 3.9 फीसदी और राजस्थान में 4.5 फीसदी रहा।

**कुल जनसंख्या में राज्यवार मतदाताओं का प्रतिशत** — नोट :स्रोत-ईसीआई, राष्ट्रीय जनसंख्या आयोग




## 53 साल में सबसे संतुलित मतदाता लिंगानुपात

3 मतदाता लिंग अनुपात (ईजीआर) की तुलना से पता चलता है कि 1971 के बाद से इस साल चुनाव में मतदाता लिंगानुपात 948 है, जो 53 साल में सबसे ज्यादा है। पिछली बार आम चुनाव में आंकड़ा 926 था। रिपोर्ट में पता चलता है कि 12 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में ईजीआर एक हजार से अधिक है या बराबर है। हालांकि, ईजीआर बीच-बीच में बढ़ता रहा है।




## ग्राउंड रिपोर्ट

देश का हर कोना लोकतंत्र के सबसे बड़े उत्सव के रंग में सराबोर है। पहाड़ से लेकर मैदान तक सियासी हवा के चलने का दौर जारी है। उत्तराखंड की गढ़वाल लोकसभा सीट पर मुकाबला इस बार इसलिए रोचक है क्योंकि यहां से चुनाव लड़ रहे दोनों उम्मीदवार पहली बार मैदान में हैं। इसी तरह दलित वोटों के कारण सुर्खियों में रहने वाली यूपी की नगीना सीट पर भी कांटे का मुकाबला संभव है क्योंकि सभी दल नगीना को बेहतर बनाने का दावा कर रहे हैं, देखते हैं मतदाता किसको अपना नेता चुनते हैं।

# गढ़वाल में अनिल बलूनी के बड़े कद का इम्तिहान

**गढ़वाल सीट**

■ गिरीश गुरुरानी

**श्रीनगर।** अलकनंदा की लहरों की तरह गढ़वाल के चुनावी रण में खूब हलचल है। स्टार प्रचारकों की धुआंधार रैलियों की धमक राज्य की इसी सीट पर सर्वाधिक सुनाई दी। दलबदल की चौंकाने वाली उथल-पुथल यहां प्रचार के बीच नजर आई।

भाजपा के कद्दावर नेता अनिल बलूनी के चलते यह सीट सुर्खियों में है। उनके सामने कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल हैं। भाजपा का प्रचार अभियान विकास योजनाओं की गिनती और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इर्द-गिर्द रहा। वहीं कांग्रेस ने स्थानीय मुद्दों को धार देने की कोशिश की। एक तरफ स्टार प्रचारकों की बड़ी फौज के साथ बलूनी के बड़े कद का इम्तिहान है और दूसरी ओर गोदियाल के सामने खुद को अपने दम पर साबित करने की चुनौती खड़ी है।

**पहली बार मैदान में दोनों प्रत्याशी:** भाजपा और कांग्रेस दोनों के प्रत्याशी लोकसभा का चुनाव पहली बार लड़ रहे हैं। मोदी और शाह के करीबी माने जाने वाले अनिल बलूनी की मौजूदगी से इस सीट पर सबकी नजरें टिकी हैं।

**भाजपा के लिए सीट बनी प्रतिष्ठा:** भाजपा ने इस सीट को प्रतिष्ठा से जोड़ लिया है। लिहाजा उत्तराखंड में सबसे ज्यादा स्टार प्रचारक इसी सीट पर उतारे गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 11 अप्रैल को गढ़वाल सीट से सटे ऋषिकेश में रैली की। इसके अलावा बलूनी के समर्थन में भाजपा के दिग्गज और केंद्रीय मंत्री अमित शाह, राजनाथ सिंह समेत अन्य ने रैलियां कीं। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी इस संसदीय क्षेत्र में छह जनसभाएं और कई रोड शो कर चुके हैं। भाजपा दिग्गज केंद्र में सरकार बनने पर बलूनी को मंत्रिमंडल में शामिल करने का संकेत दे चुके हैं। भाजपा हाईकमान से बलूनी की नजदीकी जगजाहिर हैं, स्टार प्रचारकों ने प्रदेश में सबसे ज्यादा तवज्जो बलूनी को ही दी।

वहीं दूसरी ओर गणेश गोदियाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके हैं और पार्टी के वरिष्ठ नेता हैं। वे थलीसैंण की चुनावी जंग में भाजपा के ताकतवर नेताओं में शुमार डा. रमेश पोखरियाल निशंक को पराजित कर विधानसभा पहुंचकर चर्चा में आए थे। हरीश रावत के करीबी माने जाने वाले गोदियाल के पक्ष में कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी रामनगर में चुनाव रैली कर चुकी हैं।

**मैदान में उम्मीदवार**



अनिल बलूनी, भाजपा



गणेश गोदियाल, कांग्रेस

कुल मतदाता 14,01946

पुरुष मतदाता 6,98,025

महिला मतदाता 6,68,942

सर्विस वोटर 34963

**2019**

| प्रत्याशी | दल | वोट |
|---|---|---|
| तीरथ रावत | भाजपा | 4,87,612 |
| मनीष खंडूड़ी | कांग्रेस | 2,02610 |



### मैदान में 13 प्रत्याशी

गढ़वाल संसदीय सीट पर कुल 13 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। इनमें अनिल बलूनी भाजपा, गणेश गोदियाल कांग्रेस, धीर सिंह बसपा, आशुतोष नेगी उक्रांद, सुरेशी देवी पीपुल्स पार्टी आफ इंडिया डेमोक्रेटिव, श्याम लाल बहुजन मुक्ति पार्टी, विनोद कुमार शर्मा उत्तराखंड समानता पार्टी, रेशमा पंवार सोशलिस्ट यूनिटी सेंटर आफ इंडिया कम्युनिस्ट, डा. मुकेश पंत सैनिक समाज पार्टी, अर्जुन सिंह अखिल भारतीय परिवार पार्टी, सोनू कुमार, मुकेश प्रकाश व दीपेंद्र सिंह नेगी निर्दलीय शामिल हैं।

### भौगोलिक परिस्थिति विकट

सीट की दो विधानसभा कोटद्वार व रामनगर ही मैदानी हैं, अन्य क्षेत्रों में मतदाता तक पहुंचने के लिए प्रत्याशियों को मेहनत करनी पड़ रही है। इस सीट का एक सिरा कोटद्वार तो दूसरा थराली है जो कुमाऊं मंडल के बागेश्वर से लगा है। रामनगर विधानसभा सीट नैनीताल और देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र टिहरी जिले का हिस्सा है।

### दलबदल: कांग्रेस को चुनाव से पहले झटका

कांग्रेस को चुनाव पूर्व तब बड़ा झटका लगा, जब पिछला लोकसभा चुनाव कांग्रेस के टिकट पर लड़ने वाले मनीष खंडूड़ी ने पार्टी छोड़ भाजपा का दामन थाम लिया। चुनाव की घोषणा के बाद पिछले विधानसभा चुनाव में पौड़ी से कांग्रेस के टिकट पर लड़े नवल किशोर, यमकेश्वर से लड़े शैलेंद्र रावत और चौबट्टाखाल से लड़े केशर सिंह नेगी भी कांग्रेस छोड़ भाजपा में चले गए। इसके बाद कांग्रेस के प्रचार में लगे बदरीनाथ के विधायक राजेंद्र भंडारी भी अचानक भाजपाई हो गए। इस चुनाव के दौरान उत्तराखंड में सबसे ज्यादा दलबदल इसी सीट पर हुआ। कांग्रेस के लिए यह बड़ा झटका इसलिए भी था कि पांच जिलों में फैली इस संसदीय सीट की 14 विधानसभ सीटों में से बदरीनाथ में ही कांग्रेस के अकेले विधायक थे और वह भी भाजपाई हो गए।

# इस बार किसकी अंगूठी में सजेगा 'नगीना'

**नगीना सीट**

■ युवराज त्यागी

**बिजनौर।** बिजनौर जिले की नगीना सीट पर 'नगीना' बदलता रहा है। इस आरक्षित सीट का इतिहास पुराना नहीं है। 2009 में अस्तित्व में आई यह सीट दलित राजनीति के चलते सुर्खियों में आई। इस बार दलित-मुस्लिम गठजोड़ की सबसे बड़ी परीक्षा है। चुनाव प्रचार बंद हो गया है। अब देखना यह है कि किस दल की 'अंगूठी' में नगीना जड़ता है।

**नोएडा से सुंदर बनाएंगे नगीना:** उत्तर प्रदेश और उत्तराखंड दो राज्यों के बीच आने वाली इस सीट पर मुद्दे भी अलग-अलग हैं। नगीना को अलग जिला बनाने से लेकर उत्तराखंड में कुछ हिस्सों में मिलाने से लेकर कई मुद्दे चुनाव में उठे। पहली बार लोकसभा का चुनाव लड़ रहे आजाद समाज पार्टी (आसपा) के प्रमुख चंद्रशेखर कहते हैं कि वह नगीना को नोएडा से भी सुंदर बनाएंगे।

**दलित और मुस्लिम वोट को लेकर लड़ाई:** बसपा समन्वयक आकाश आनंद ने नगीना में अपनी पश्चिम की पारी का आगाज किया तो मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, पूर्व मुख्यमंत्री मायावती और अखिलेश यादव ने भी इस सीट जनता को मथा। असल लड़ाई दलित और मुस्लिम वोटों को लेकर ही है। इस सीट पर दलित और मुस्लिम का अनुपात लगभग बराबर है। पिछली बार बसपा के हाथ में सीट थी। वह इसे खोना नहीं चाहती।

**वर्तमान सांसद को बसपा ने दिया बुलंदशहर से टिकट:** वर्ष 2019 में बसपा ने वेस्ट यूपी में तीन सीटें जीती थीं। इनमें नगीना, सहारनपुर और अमरोहा शामिल थीं। इनमें से सिर्फ नगीना सांसद ही दोबारा टिकट पाने में सफल रहे हैं। सहारनपुर सांसद फजलुर्रहमान की जगह पार्टी ने माजिद अली को उतारा है। अमरोहा सांसद को दानिश को पार्टी से निलंबित कर दिया था। अब वह कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं। नगीना के सांसद गिरीश चंद्र पिछली बार डेढ़ लाख मतों से चुनाव जीते थे। बसपा ने अब उनको बुलंदशहर से मैदान में उतारा है। नगीना के लोगों का मानना है कि स्थानीय सांसद न होने के कारण यहां की समस्याएं हल नहीं हो पातीं। यहां अभी तक तीन चुनाव हुए हैं और हर चुनाव में बाहर के प्रत्याशी ही जीते हैं। नगीना से बीटीसी कॉलेज और होम्योपैथिक कालेज शिफ्ट होने से लोगों में रोष है।

**मैदान में उम्मीदवार**



ओम कुमार, भाजपा



चंद्रशेखर, आसपा



मनोज कुमार, सपा-कांग्रेस गठबंधन



सुरेंद्र पाल सिंह, बसपा

कुल मतदाता 16,38,329

पुरुष मतदाता 8,69,226

महिला मतदाता 7,68,997

सर्विस वोटर 34,963



**2019**

| प्रत्याशी | दल | वोट |
|---|---|---|
| गिरीशचंद | बसपा/ गठबंधन | 5,68,378 |
| डॉ यशवंत सिंह | भाजपा | 4,01,546 |

### वर्ष 2009 में बनी सीट

पहले नगीना बिजनौर संसदीय क्षेत्र का हिस्सा था। 2008 में बिजनौर से अलग निर्वाचन क्षेत्र बना। इससे पूर्व बिजनौर जिले की सात विधानसभा सीटें थी। सात में बिजनौर लोकसभा क्षेत्र में अफजलगढ़,नगीना, नजीबाबाद, बिजनौर व चांदपुर विधानसभा क्षेत्र शामिल थे। स्योहारा और धामपुर विधानसभा क्षेत्र अमरोहा लोकसभा क्षेत्र में आते थे।

### आजाद समाज पार्टी के आने से चुनाव दिलचस्प

चंद्रशेखर ने 15 मार्च 2020 को आसपा का गठन किया। बिहार विधानसभा चुनाव में ताल ठोकी। इसके बाद पार्टी को मजबूत करते रहे। 2022 में यूपी विधानसभा चुनाव में सीएम योगी के सामने गोरखपुर से विधानसभा चुनाव लड़े। हार का सामना करना पड़ा।

### तीनों आम चुनावों में तीन पार्टियां जीतीं

2019 के चुनाव से पहले अखिलेश यादव और मायावती के बीच सियासी गठजोड़ हुआ। नगीना सीट बहुजन समाज पार्टी के खाते में आ गई। बसपा ने भाजपा को मात देते हुए यह सीट अपने नाम की। बसपा के गिरीश चंद्र ने 5,68,378 वोट हासिल किए तो बीजेपी के यशवंत सिंह को 4,01,546 वोट मिले. गिरीश चंद्र ने 1,66,832 मतों के बड़े अंतर से चुनाव जीत लिया। 2014 के चुनाव में यहां से भाजपा के यशवंत सिंह ने सपा के यशवीर सिंह को हराकर 92 हजार 390 मतों से जीत हासिल की थी। 2009 में सपा के यशवीर सिंह को जीत मिली थी। इस बार बसपा ने अपने सांसद गिरीश चंद्र को बुलंदशहर शिफ्ट कर दिया है।

## वे दिन — किस्सा : 1990 का

# अपनी गाड़ी में माफिया को देख पैदल चलने लगे थे राजीव गांधी

**लखनऊ।** यह वाकया 12 अक्तूबर 1990 का है। वर्ष 1989 के लोकसभा चुनाव में पार्टी की हार के बाद पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी सद्भावना यात्रा पर फैजाबाद पहुंचे थे। चार्टर्ड प्लेन से हवाई पट्टी पर उतरने के बाद रोड शो करते हुए उन्हें अयोध्या तक जाना था। फैजाबाद के पूर्व सांसद निर्मल खत्री एवं आसपास के कांग्रेस नेताओं की अगुवाई में बड़ी संख्या में जुटे उत्साही कार्यकर्ताओं के साथ लंबा काफिला लेकर राजीव गांधी अयोध्या की तरफ बढ़े। इस बीच अपने खुद के वाहन पर पूर्वांचल के एक बड़े माफिया को देखकर वह नीचे उतर गए और कार्यकर्ताओं के साथ पैदल ही चलने लगे।

हालांकि, वह माफिया कांग्रेस का ही विधायक था। लगभग दो किलोमीटर तक वह पैदल ही चलते रहे। तब तक पार्टी के बड़े नेताओं को उनकी नाराजगी की वजह पता चल चुकी थी।

कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रताप सिंह बताते हैं कि यह वाकया हरिशंकर तिवारी को लेकर था। बहुत मनाने पर राजीव गांधी दोबारा वाहन पर खड़े होने को तैयार हुए। विधायक को राजीव गांधी के आसपास भी न दिखाई देने की हिदायत दी गई। खुली जीप में चल रहे राजीव गांधी को देखने वालों की इतनी भीड़ जुटती गई और उन्हें अयोध्या के नया घाट तक पहुंचते-पहुंचते शाम हो गई। इसका परिणाम यह हुआ कि उन्हें हनुमानगढ़ी में दर्शन का अपना कार्यक्रम स्थगित करना पड़ा, क्योंकि उस समय रोशनी कम होने पर हवाई पट्टी से प्लेन के 'टेक ऑफ' कर पाने की व्यवस्था नहीं थी।

## बायस्कोप

# जब 51 लाख रुपए देकर मुलायम से बोले ताऊ... तेरा तुझको अर्पण



**कानपुर।** 1989 में मुलायम सिंह यादव ने कानपुर में बड़ी किसान रैली की। हरियाणा के तत्कालीन मुख्यमंत्री ताऊ देवीलाल को मुख्य अतिथि बनाया। रैली के संयोजक रहे पूर्व विधानसभा अध्यक्ष हरिकिशन श्रीवास्तव के बेटे अशोक बताते हैं कि रैली में किसानों से चंदे में मिले 51 लाख रुपये चौधरी देवीलाल को भेंट किए गए थे। उन्होंने रुपए मुलायम को सौंपते हुए कहा था- तेरा तुझको अर्पण, यह 51 लाख लो और यूपी में जमो। माना जाता है कि उसके बाद ही मुलायम यूपी में जनता दल के सबसे ताकतवर नेता मान लिए गए। साभारः अशोक श्रीवास्तव

## चुनावी चकल्लस

# जब भतीजे ने सगे चाचा को दी मात

**लखनऊ, विशेष संवाददाता।** यूपी की सियासत में चाचा-भतीजे की जोड़ी के तौर पर अखिलेश व शिवपाल यादव का नाम ही जेहन में आता है। पर, सत्तर के दशक में एक और चाचा-भतीजे आमने-सामने आ चुके हैं। हालांकि, अखिलेश व शिवपाल यादव ने एक दूसरे के सामने चुनाव नहीं लड़ा है। बात गोंडा के 1971 के लोकसभा चुनाव की है। राजा मनकापुर आंनद सिंह कांग्रेस सिंडीकेट गुट से मैदान में उतरे तो उनके सगे चाचा देवेंद्र प्रताप सिंह उर्फ लल्लन भारतीय जनसंघ से चुनाव लड़े। आनंद सिंह को 100180 वोट मिले। जबकि चाचा 99549 वोट पाकर हार गए। असल में मनकापुर के शाही परिवार की आंतरिक सियासत के कारण चाचा-भतीजा आमने सामने आए थे। जीत के बाद आनंद सिंह का रुतबा बढ़ता गया, वे इसके बाद कई बार सांसद रहे। विधायक भी रहे और यूपी सरकार में कृषि मंत्री भी बने। उनके बेटे व भाजपा के मौजूदा सांसद कीर्तिवर्धन सिंह फिर गोंडा से प्रत्याशी हैं।

## रोजनामचा



पं. राघवेन्द्र शर्मा
ज्योतिषाचार्य

**मेष :** पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। आय में वृद्धि होगी। वाहन के रखरखाव पर खर्च।

**वृष :** आत्मविश्वास रहेगा। नौकरी के लिए साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**मिथुन :** वाणी में मधुरता। फिर भी धैर्यशीलता बनाए रखें। कारोबार के विस्तार के लिए बहन-भाई से धन मिल सकता है। कारोबार में भागदौड़ अधिक रहेगी।

**कर्क :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में संयत रहें। नौकरी के लिए परिश्रम और साक्षात्कार आदि कार्यों में सफलता मिलेगी। विदेश जाने के अवसर मिलेंगे।

**सिंह :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। किंतु मन परेशान हो सकता है। आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**कन्या :** मन प्रसन्न रहेगा, लेकिन आत्मविश्वास कम रहेगा। व्यर्थ के क्रोध से बचें। सेहत का ध्यान रखें। मित्रों के साथ यात्रा पर जा सकते हैं। यात्रा लाभप्रद रहेगी।

**तुला :** आशा-निराशा के भाव मन में हो सकते हैं। परिवार का साथ मिलेगा। सेहत का ध्यान रखें। चिकित्सा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि।

**वृश्चिक :** आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। परंतु मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। नौकरी में बदलाव की संभावना बन रही है। तरक्की के अवसर मिलेंगे। सेहत का ध्यान रखें।

**धनु :** शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। किसी मित्र के सहयोग से आय वृद्धि होगी।

**मकर :** मन प्रसन्न रहेगा। दांपत्य सुख में वृद्धि होगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा से लाभ के अवसर मिल सकते हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन अव्यवस्थित।

**कुंभ :** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। पिता का सान्निध्य मिलेगा। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। परंतु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

**मीन :** किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं। किसी पैतृक संपत्ति पर विवाद से बचें। बातचीत में संतुलित रहें। पिता से धन प्राप्ति हो सकती है। सेहत का ध्यान रखें।

**स्कैन करें**
भविष्यफल और व्रत-त्योहार जानने के लिए

### व्रत और त्योहार | पंचांग | पं. ऋभुकांत गोस्वामी

18 अप्रैल, गुरुवार, 29 चैत्र (सौर) शक संवत् 1946, 06 वैशाख मास प्रविष्टे 2081 (पंजाब पंचांग), 08 शव्वाल सन् 1445, चैत्र शुक्ल दशमी सायं 05.32 मिनट तक, मघा नक्षत्र, गंड योग रात्रि 12.43 मिनट तक उपरांत वृद्धि योग, गर करण, चंद्रमा कर्क राशि में प्रातः 07 बजकर 57 मिनट तक उपरांत सिंह राशि में।

**सूर्य उत्तरायण।** सूर्य उत्तर गोल। वसंत ऋतु। दोपहर 01 बजकर 30 मिनट से अपरान्ह 03 बजे तक राहुकालम्। नवरात्र व्रत पारण। गंडमूल विचार।

### वास्तु सलाह | आचार्य मुकुल रस्तोगी

मेरे संबंध बन तो अच्छे जाते हैं, पर लंबे समय तक टिक नहीं पाते हैं। कृपया कोई उपाय बताएं। बलदेव, सहारनपुर

- आप अपने घर की पूर्व दिशा की जांच करें। यदि इस दिशा में कोई काला या नीला, सलेटी रंग हो तो उसे हटा दें।
- यहां पर यदि खिड़की हो तो उसे रोजाना सुबह के समय खोलें।
- यदि खिड़की न हो तो एक खिड़की का चित्र यहां लगाएं।
- यदि इस दिशा में बालकनी हो तो उसमें बहुत भारी सामान न रखें। यहां पर हरे पौधे लगाएं, किंतु कांटे वाले न हों। सूरजमुखी एवं गेंदे का फूल अवश्य लगाएं।

### वर्ग पहेली : 7576



**बाएं से दाएं**
3. कार्यालय का एक भाग; महकमा; अध्याय (3)
5. अचेत; व्याकुल; शिथिल; श्रांत (5)
8. झेलना; बर्दाश्त करना; सहना (3,3)
11. 'ठनठन' करके बजना; रुक-रुक कर पीड़ा होना; शंका होना (4)
12. खौफ खाना; पलायन करना; भयभीत हो जाना; सशंक होना (2,2)
14. झटका लगना; आघात पहुंचना (3,3)
17. आने-जाने का मार्ग रोकना; नाका बांधना; रास्ता रोकना (2,3)
18. मानदंड; स्तर (3)

**ऊपर से नीचे**
1. मनुष्य; मानव; व्यक्ति; पति; स्वामी (3)
2. निवास; घर; गृह (3)
4. भाव विह्वल करना; भावों में बहाना; संवेदनशील करना (3,3)
6. अकस्मात; अचानक; एकाएक (3)
7. तैयार; पकाया हुआ (2,3)
9. मिलाप; वर वधू को गांठ लगाने की रस्म (5)
10. खतरनाक समय का; दुर्गम स्थिति का; संकट काल का (6)
13. दौड़ना; डरना; बचना; जान छुड़ाना (3)
15. खराब; नाकाम; निकम्मा; बुरा (3)
16. आटा छानने पर छलनी में बचा अवशेष; छिलका; भूसी (3)

हरीश चन्द्र सन्सी, विविधा विधा, दिल्ली
(उत्तर अगले अंक में)

### वर्ग पहेली 7575 का उत्तर



### सुडोकू : 7560

* आसान

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5 | 9 | | 7 | 6 | | | 3 |
| | | | 1 | | | | | |
| | | 7 | | | 3 | | | 4 |
| 3 | 8 | | | 5 | | 2 | | |
| | | 4 | | | | 5 | | |
| | | 5 | | 2 | | | 7 | 1 |
| 8 | | | 6 | | | 4 | | |
| | | | | | 8 | | | |
| 5 | | | 2 | 3 | | 1 | 8 | 9 |

**खेलने का तरीका :** दिमागी खेल और नंबरों की पहेली है यह। ऊपर नौ-नौ खानों के नौ खाने दिए गए हैं। आपको 1 से 9 की संख्याएं इस तरह लिखनी हैं कि खड़ी और पड़ी लाइनों के हरेक खाने में 1 से 9 की सभी संख्याएं आएं। साथ ही 3x3 के हरेक बक्से में भी 1 से 9 तक की संख्याएं हों। पहेली का हल हम कल देंगे।

### हल : सुडोकू नं.7559

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 4 | 5 | 1 | 7 | 8 | 3 | 2 | 9 |
| 3 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 1 | 6 | 4 |
| 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 |
| 5 | 3 | 4 | 8 | 1 | 7 | 6 | 9 | 2 |
| 9 | 1 | 8 | 6 | 3 | 2 | 5 | 4 | 7 |
| 2 | 7 | 6 | 5 | 9 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 8 | 5 | 1 | 7 | 4 | 9 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 9 | 3 | 2 | 8 | 6 | 4 | 5 | 1 |
| 4 | 6 | 2 | 3 | 5 | 1 | 9 | 7 | 8 |

# जनम लियो रघुरइया, अवध में बाजे बधइया



अयोध्या में रामलला का औषधियुक्त जल, पंचामृत से अभिषेक हुआ।



अयोध्या में रामनवमी के मौके पर बुधवार को दिव्य धाम में रामलला के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। • हिन्दुस्तान

**अयोध्या में बुधवार को भगवान श्रीराम का जन्मोत्सव मना। भगवान के अवतरण के ठीक दो मिनट पहले राम मंदिर के गर्भगृह की रोशनी बंद कर दी गई और सूर्य के प्रकाश में रामलला प्रकट हुए। प्रभु के ललाट पर लगे चंदन को साफ कर दिया गया और सूर्यदेव उनके ललाट को अपने तेज के तिलक से सुशोभित करने लगे। अवध में सोहर गूंजने लगे। घरों-मंदिरों से जनम लियो रघुरइया, अवध में बाजे बधइया...के स्वर सुनाई देने लगे।**

**अयोध्या, वसं।** रामनवमी के अवसर के लिए मुख्य द्वार समेत पूरा जन्मभूमि मंदिर परिसर फूलों से सजाया गया था। दर्शनार्थियों की सुविधा के लिए भगवान की मंगला आरती भोर में साढ़े चार के बजाय सवा तीन बजे तड़के की गई। इसी के साथ दर्शन शुरू हो गया।

मंगला आरती के बाद विविध औषधियुक्त जल एवं पंचामृत (दूध, दही, घी, मधु व शक्कर) से वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान का अभिषेक शुरू हुआ। इसके बाद रामलला के ललाट पर रामानंदीय तिलक लगाया गया, जिसमें हीरा-पन्ना, माणिक्य व पुखराज समेत अन्य रत्नों का चूर्ण था। केसर-कुमकुम युक्त मलयागिरि चंदन भी लगाया गया। प्राकट्योत्सव पर उन्हें नया पीताम्बरी धारण कराया गया।

प्रभु श्रीराम को सोने के मुकुट, कुंडल, किरीट, कर्णफूल, हाथों में कड़ा व कंठाहार से सजाया गया। बाएं कंधे पर कोदंड व दाएं में तीर धारण कराया गया। रामलला का यह स्वरूप देखकर हर कोई भावविभोर हो उठा।

**पहली बार रामलला के पीछे मैरून पर्दा :** रामलला की प्राण प्रतिष्ठा से पहले उनके आसन के पीछे जिस पर्दे को लगाने की बात चल रही थी, वह प्राण प्रतिष्ठा के 86 दिनों बाद रामनवमी पर लगाया गया। इसके लिए पीछे स्टील की पाइप लगाकर पर्दे को सिलवाकर पहनाया गया। यह पर्दा मैरून रंग का है। उधर, रामनवमी पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से अलग-अलग प्रसाद का वितरण किया गया। धनिया-पंजीरी व इलायची दाना का ही ज्यादातर भक्तों को प्रसाद वितरित हुआ। हालांकि सुबह कुछ समय तक पहले लड्डू के प्रसाद का वितरण हुआ। फिर इलायची दाना और रामलला के प्राकट्य के बाद पंजीरी का प्रसाद वितरित किया गया।

**रात एक बजे से ही शुरू हो गया था स्नान :** सरयू नदी के एक दर्जन से अधिक घाटों पर रात एक बजे से ही रामभक्तों ने स्नान करना शुरू कर दिया था। डीएम नितीश कुमार ने बताया कि सात लाख से अधिक भक्तों ने पवित्र डुबकी लगाई, जबकि शाम तक 1.90 लाख भक्त दर्शन कर चुके थे। दूसरी ओर अयोध्या धाम के सात हजार से अधिक मंदिरों में रामभक्तों ने जन्मोत्सव के लिए पूजा-पाठ शुरू कर दिया था। दोपहर तक प्रमुख मंदिरों कनक भवन आदि में धूमधाम से जन्मोत्सव मनाया गया।

### 03 लाख से ज्यादा भक्तों ने रामनवमी पर रात 9 बजे तक किए रामलला के दर्शन

### कतारबद्ध दर्शन किए

पुलिस प्रशासन द्वारा इन स्थलों पर भीड़ रोकने के लिए पहले ही तैयारियां की गई थीं। खासतौर से हनुमानगढ़ी और रामजन्मभूमि में दर्शनार्थियों के लिए कतार बद्ध के लिए रेलिंग की व्यवस्था की गई थी।

### अयोध्या की सीमाओं पर सख्त नाकेबंदी रही

अयोध्या की सीमाओं पर पुलिस की सख्त नाकाबंदी रही। बड़े वाहनों का अयोध्या धाम शहर में किसी भी तरह से प्रवेश नहीं था। अयोध्या कैंट शहर हो या बूथ नम्बर चार। इन दोनों रास्तों से श्रद्धालुओं के कदम रफ्ता-रफ्ता अयोध्या धाम में पड़ते रहे।

### कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं श्रीराम: योगी

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि श्रीराम के आदर्श हजारों वर्षों बाद आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने त्रेतायुग में थे। उनके द्वारा स्थापित आदर्श हम सभी को पारिवारिक, सामाजिक और राष्ट्रीय कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देते हैं।

# रामनवमी पर अतुलनीय आनंद में अयोध्या नगरी : प्रधानमंत्री

**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को देशवासियों को रामनवमी पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि अयोध्या नगरी अतुलनीय आनंद में है क्योंकि वहां राम मंदिर बनने के बाद यह पहली रामनवमी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के बाद पहली रामनवमी मील का एक पत्थर है जो सदियों की भक्ति को आशा और प्रगति के एक नए युग से जोड़ता है। यह वह दिन है जिसका करोड़ों भारतीयों को इंतजार था। उन्होंने कहा कि यह देशवासियों की वर्षों की मेहनत और बलिदान का फल है।

मोदी ने कहा कि प्रभु श्री राम का आशीर्वाद हम पर हमेशा बना रहे और हमारे जीवन को ज्ञान और साहस से रोशन करते हुए हमें धर्म और शांति की ओर ले जाएं। मोदी ने कहा कि इस पावन अवसर पर मेरा मन भावविभोर और कृतार्थ है। ये श्रीराम की परम कृपा है कि इसी वर्ष अपने देशवासियों के साथ मैं अयोध्या में प्राण-प्रतिष्ठा का साक्षी बना।



असम के नलबाड़ी में बुधवार को एक रैली को संबोधित करने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ऑनलाइन माध्यम से भगवान राम का सूर्य तिलक देखा।

### शाह ने रामनवमी की शुभकामनाएं दीं

**नई दिल्ली।** गृह मंत्री अमित शाह ने राम नवमी पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। शाह ने 'एक्स' पर पोस्ट में कहा कि अयोध्या में प्रभु श्री राम का सूर्य तिलक किया गया। हम सब सौभाग्यशाली हैं कि हमें प्रभु का 500 सालों बाद अपने जन्मभूमि के मंदिर में सूर्य तिलक देखने को मिला।

# सीता की जन्मभूमि से मायके तक उत्सव

- जनकपुरधाम के जानकी मंदिर में भव्य कार्यक्रम
- सीतामढ़ी में कोटबाजार मंदिर से निकाली शोभायात्रा

**सीतामढ़ी, कार्यालय संवाददाता।** मां सीता की जन्मभूमि सीतामढ़ी और मायके जनकपुर में राम जन्मोत्सव की धूम है। बुधवार सुबह से ही श्रद्धालु और साधु-संत उत्साहित दिखे। मंदिरों में भजन-कीर्तन शुरू हो गया था। बधईया गाए जा रहे थे। फूलों की बारिश के बीच पाहुन के जन्मोत्सव पर श्रद्धालु झूम रहे थे। आस्था और उत्साह से पूरा वातावरण सराबोर हो रहा था।

जनकपुरधाम के जानकी मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पूजा-अर्चना के बाद तक शोभायात्रा निकाली गई। शाम में रंगोली सजायी गयी और मंदिरों को दीपों के साथ बिजली के रंग-बिरंगे बल्बों से सजाया गया था। जनकपुर के अन्य मंदिरों में भी भव्य तरीके से जन्मोत्सव मनाया गया। कीर्तन और भजन के बाद मिठाइयां बांटी गईं। सीतामढ़ी में कोटबाजार मंदिर से भी सुबह में शोभायात्रा निकाली गई।

सीतामढ़ी के पुनौराधाम स्थित जानकी मंदिर में महंत कौशल किशोर दास के नेतृत्व में भजन-कीर्तन का दौर सुबह से शुरू हो गया था। दोपहर में जन्मोत्सव मनाने तक पूरा मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से भर गया। दोपहर में षोड्षोपचार विधि से पूजन किया गया। आरती हुई और सियाराम को भोग लगाया गया।


# हिन्दुस्तान क्लासीफाइड

www.livehindustan.com

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
1800 103 1800

## आवश्यकता

### इंजीनियर/उत्पादन/तकनीकी

**REQUIRED IN** Jhandewalan Delhi, 1) Mechanical Engineer for Sale of Hydraulics, 2) Electronic Engineer for Sale of Telecom Products. Prefer Minimum 3yrs relevant Sales Experience & Ability to work independently and achieve Sales Targets Contact: 9987755999

### सिक्योरिटी

**REQUIRED SECURITY** Services in Supermart Market, DLF Phase -4, Sector 27, Gurugram, Apply on or before 21 April 2024 Only those agencies having experience to manage market need to apply. (mailsupermart@gmail.com) SMCA. General Secretary Call: 9891092684

### चिकित्सा एवं स्वास्थ्य श्रेणियां

### स्वास्थ्य देखभाल




## नाम परिवर्तन

**I, HITHERTO** known as Rajat Kumar Jain alias Rajat Jain S/o Pramod Kumar Jain R/o C-55, Near Gemini School Nandnagri, Modinagar, Ghaziabad Uttar Pradesh - 201204 have changed my name and shall hereafter be known as Rajat Jain.

**I, CHANDER** Mohan S/o Shri Pindi Das R/o 447, Bhera Enclave, Paschim Vihar, New Delhi-110087 have changed my name to Chander Mohan Lamba for all future purposes.

**I, MADHU** Bala Tandon W/o Hitesh Dhingra R/o K Block 12/6, Gali No-18, Gangotri Vihar, West Ghonda, Maujpur, Delhi-110053 have changed my name to Madhu Dhingra.

**I SHWETA** W/o Asmeet Singh Saini R/o 1/5, Opp. Flyover, Tilak Nagar, Delhi-110018 have changed my name to Shweta Saini for all purposes.

## नाम परिवर्तन

**IT IS** for general information that I, Mehtabb Khan S/O Md Afaqe Khan R/O B-3/154, Sultan Puri, Sultanpuri C Block, North West Delhi-110086 declare that name of my father and my mother has been wrongly written as Md Afaque Khan and Shayha in my 10th Class Educational Documents. The actual name of my father and mother are Md Afaqe Khan and Shahana, which may be amended accordingly.

**IT IS** for general information that I Mansoor S/o Abdul Rahman Kunju, R/o 138, G/F, Pocket-B, DDA Flats, Sukhdev Vihar, South Delhi, Delhi - 110025, declare that the name of my minor son s Mohammad Nuraiz has been wrongly written as Mohammad Noraiz aged 11 years, in the passport (T3210398). The actual name of my son is Mohammad Nuraiz which may be amended accordingly.

**I, APARNA** Srivastava W/O Manoj Kumar R/o Villa No.E-188 Paramount Golfforeste Opposite Sector-ZETA, Greater Noida (U.P.), My husband is Serving in NTPC Ltd (Public Sector Undertaking) In My husband's Service Records my name is wrongly mentioned as Smt Aparna But my actual and Correct name is Aparna Srivastava for all purpose

**I MD** Pravej Khan S/o Md Ataul Khan R/o C56,DDA Janta Flat,Rampura, Delhi 110035 name of mine, my wife and my minor son aged 16 years wrongly written as Md Parvez Khan, Rakeeba Khatoon and Md Furkan in his 10th Class Certificate.actual name of mine, my wife and my minor son is Md Pravej Khan, Rakeeba Khatun and Md Furkan Khan.

**I, PARMEET** Singh Arora S/o Tavinder singh R/o PD 115 B Pitampura Delhi 110088 have changed my name to parmeet Singh for all purposes

**I, POOJA** D.O.B. 25/09/1986, D/O Shri Nath Ram Tura R/O Flat No. 704, Sneh Kunj Apartments, Plot No. C-58/13, Sector-62, Noida, Gautam Buddha Nagar, U.P. have changed my name from Pooja to Pooja Tura for all future purposes.

**I SAVITRI** Banyal W/o Rasil Singh Banyal R/o H.No. B-2, Pocket-B, DDA Flats, Phase-IV, Ashok Vihar, Delhi-52 have changed my name to Savitri Rani for all purposes.

**I, LAKHAN** Lal Bairwa S/o Barasya Bairwa Plot No.40A, Jain Colony, Part III, Uttam Nagar, New Delhi-110059 have Changed my name to Lakhan for all purpose

**I, JASBIR** Singh Saluja R/o. H.No. 2, Road No. 64, West Punjabi Bagh,New Delhi - 110026 have changed my minor daughter's name from Gurpratit Saluja to Gurpratit Kaur Saluja for all future purposes.

**मैं प्रभा** कटोच पुत्री कुलदीप सिंह कटोच निवासी 291, श्याम विहार, दिल्ली ने सभी भविष्य के प्रयोजनों के लिए अपना नाम प्रभा देवी कटोच से बदलकर प्रभा कटोच कर लिया है।

**मैं स्मिता** माइक पत्नी श्री उपेंद्र मलिक निवासी 769/5, वसुंधरा गाजियाबाद, यूपी ने भविष्य के सभी उद्देश्यों के लिए अपना नाम स्मिता मलिक कर लिया है।

**मैं, विपिन** सिंघल पुत्र मुकेश कुमार, पताः डी-192, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद, अपनी पुत्री का नाम भविष्य में सभी कार्यों हेतु परी सिंघल से बदलकर अन्वी सिंघल रख लिया है

## नाम परिवर्तन

**I, SANDEEP** Kumar Mittal S/o Shri Inderjit Mittal R/o A-70,Ground Floor (Back side),Ashoka Enclave II, Sector 37, Amarnagar,Faridabad-121003 have changed my name from Sandeep Kumar/Sandeep Mittal to Sandeep Kumar Mittal for all future purposes. And same shall be corrected in all relevant documents accordingly.

**I, PRATIBHA** Mittal W/o Shri Sandeep Kumar Mittal R/o A-70, Ground Floor (Back side), Ashoka Enclave II, Sector 37, Amarnagar, Faridabad-121003 have changed my name from Pratibha / Pratibha Singhal to Pratibha Mittal for all future purposes. And same shall be corrected in all relevant documents accordingly.

**I DEEPAK** Kumar Gupta S/O, Suresh Chand R/o Flat No. 53 , Vidya Vihar Apartment , Sector - 9, Rohini, Delhi - 110085 have changed my name to Deepak Gupta.

**I MD** Pravej Khan S/o Md Ataul Khan R/o C56,DDA Janta Flat,Rampura, Delhi 110035 name of mine and my wife wrongly written as Md Parvez Khan and Rakiba Khatoon in my minor son Md Maruf Khan aged 17 years in his 10th Class Certificate. actual name of mine and my wife is Md Pravej Khan and Rakeeba Khatun

**I NITIN** Sharma S/o Virender Kumar R/o Plot No. 174A, Kh. No. 28/2, Prem Ngr Ph-IV, Najafgarh, ND-43, declare that in my academic & other records my father's name is wrongly written as Virender Singh whereas his actual & correct name is Virender Kumar.

**I, SUSHMA** Sanduja W/O Harish Sanduja R/O A-323, Vijay Vihar, Phase-1, Rohini, Delhi- 110085. Have Changed My Name to Sushma Harish Sanduja.

**I, DEEPAK** kumar S/o Late Sh. Arun Kumar Sharma R/o H.No. 156/1, Ambedker Basti, Vill. Uncha Gaon, Ballabgarh, Faridabad have changed my name to Deepak Kumar Sharma for all purposes.

**I HITHERTO** known as Kuldeep S/o Namdev Katkade residing at House No. 676, saini mohalla, nangloi, west delhi, delhi- 110041, have changed my name and shall hereafter be known as Kuldeep Katkade.

**I, JASBIR** Singh Saluja R/o. H.No. 2, Road No. 64, West Punjabi Bagh, New Delhi - 110026 have changed my minor daughter's name from Gurprajas Saluja to Gurprajas Kaur Saluja for all future purposes.

**I KAJAL** Thukral W/O Paras Thukral R/O House No. 419/20 Gali No. 7 Arjun Nagar Gurugram Haryana Have changed my name from Kajal Bhutany to Kajal Thukral for all purposes.

**मैं राजेश** कुमार निवासी ए-46/1, गली-1, वेस्ट विनोद नगर, मंडावली फाजलपुर ने अपनी नाबालिग बेटी का नाम जानन्वी से बदलकर जाहन्वी सिंह कर लिया है।

**I RAJOO** Khan S/o Hafiz Khan R/o C-16, C-Block, JJ Colony, Sector-7, Dwarka, Delhi-110075, Have Changed My Name To Raju Khan For All Purpose.

**I, INDRAJ** Singh S/o Dharambir R/o H.No-36/1, Behrampur, Gurgaon, Haryana-122011, I Have Changed My Name To Inder Raj For All Purpose

## नाम परिवर्तन

**I, SEEMA** Maheshwari W/o Sh. Arvind Maheshwari R/o, 805, Azure Shipra Krishna, Kaushambi, Ghaziabad, U.P. 201010 have changed my name from Seema Maheshwari to Malvika Maheshwari and my correct Date of birth is 10.07.1967 for all future purposes.

**I, DILIP** Singh, father of Ritik, residing at H.No.-1612, St.No.- 53/2, Molarband Extn, Badarpur Border, New Delhi-110044, have changed my name from Dilip Singh to Dilip Kumar vide Affidavit No. IN-DL55831352659735W Dtd. 08.03.2024 at New Delhi.

**I, MD** Yaqib S/o Alahnoor R/o H. No. 198, Tawli Muzaffarnagar have changed my name to Yakub

**I, AJITA** W/o Shri Rakesh Kumar R/o 26/122A, West Patel Nagar, New Delhi-110008 declare that Ajita and Anita are the same person, in the future, I will be known by my actual name which is Ajita.

**मैं आकाश** यादव पुत्र विजय सिंह, निवासी मकान नंबर 306, गली नंबर 12, संगम विहार, न्यू दिल्ली 110080, ने अपना नाम आकाश से बदलकर आकाश यादव रख लिया है।

**I, MUNAWAR** Lal S/o Late Bal Mukand Duggal R/o 54 A, Block-K, Chanakya Place Part-II, New Delhi-110059 have changed my name to Munawar Lal Duggal.

**I PARAS** Thukral S/O Sh. Gobind Lal R/O House No. 419/20 Gali No. 7 Arjun Nagar Gurugram Haryana Have changed my name from Paras to Paras Thukral for all purposes.

**I JAS** Jot Singh S/o Surinder Pal Singh Kalra R/o T-21 1st Floor Rajouri Garden New Delhi 110027 Has changed my name to Jasjot Singh Kalra for all future purposes.

**I, MOHAMMAD** Afsar S/o Mohd Mansoor Qureshi R/o R-2/48-A Gali No-21 Brahampuri Seelampur Delhi-110053 have changed my name to Mohd Afsar Qureshi for all Purposes.

**I ADITI** Kapoor W/O, Mahesh Jhamb R/o 30(h), 1st Floor, Nehru Nagar Iii-e, Ghaziabad -201001 (uttar Pradesh) have changed my name to Aditi Jhamb.

**I ASMEET** Saini S/o Sh. Bakhshish Singh Saini R/o H.No.D-10/13, Third Floor, Model Town, Delhi -110009 have changed my name to Asmeet Singh Saini for all purposes.

**I, JITENDER** S/o, Dharmender Yadav R/o H.No. 476, V&p.o. Lilodh, Tehsil - Kosli, District - Rewari, Haryana - 123303 have changed my name to Jitender Dagar for all purposes.

**I GURSIMRAN** S/O, Kulpreet Singh R/o 1863 Tri Nagar Onkar Nagar North West Delhi Delhi 110035 have changed my name to Gursimran Singh.

**I, MEHEK** Karanjawala, D/O Farhiz Nogi Karanjawala, R/O D-46 Saket, New Delhi-110017, have changed my name to Mahek Karanjawala permanently.

**I, SURESH** Kumar S/O, Beli Ram Goyal R/o Bj-53,west West Shalimar Bagh First Floor,delhi-110088 have changed my name to Suresh Kumar Goyal for all purposes.

**I, RAHUL** Singh R/o VPO kharainti, Rohtak PIN: 124514, Haryana have changed my minor son s name from Ridit to Ridit Gill

## नाम परिवर्तन

**I, ARVIND** Kumar Maheshwari S/o Sh. Prabhat Kumar Maheshwari R/o, 805, Azure Shipra Krishna, Kaushambi, Ghaziabad, U.P. 201010 have changed my name from Arvind Kumar Maheshwari to Arvind Maheshwari and my correct Date of birth is 05.11.1965 for all future purposes.

**I, KRISHN** Kumar S/o Ved Parkash R/o H.no.- 432 Ishwar Colony. Bawana Delhi-110039 have changed my name to Krishan for all purposes.

**I, RAMESH** Chand S/o Sh. Bhagirath R/o 100 1st Floor, Pocket-C, Janta Flats, Group-1, Hastsal, Uttam Nagar, West Delhi-110059 have changed my name from Ramesh Chand to Ramesh Chander for all future purposes.

**I HITHERTO** known as Aman S/O Amar Singh, residing at 17/272 Second Floor, New Moti Nagar, Karam pura, Near jhule lal mandir, VTC: Karam Pura, PO: Ramesh Nagar, District: West Delhi, State: Delhi, PIN Code: 110015, have changed my name and shall hereafter be known as Aman Singh.

**I SARFRAJ** Khan S/O Jamshed Khan R/O E36, B153 Ambedkar Camp, Block No - 32 & 33, Trilokpuri, Delhi - 110091 have changed my name from Sarfraj Khan to Sarfraj

**I, SHANTA** Jain w/o Dilip Kumar Jain R/o A 27 First Floor CC Colony Delhi 110007 have changed my name from Shanta Devi Jain to Shanta Jain for all purposes

**I, KISHUN** Kamat S/o. Shri Ramji Parsad R/o. H. No.T- 187, AO Block, Shalimar Bagh, New Delhi -110088 have changed my name to Kishan Prasad for all future purposes.

## खोया- पाया

**ORIGINAL PROPERTY** Documents : Allotment cum Demand Letter, Possession Letter, Possession Slip, NOC for Water & Sewer connection and DDA paid Bank Challan of DDA Flat in BB Block (West) - 37A, Shalimar Bagh, New Delhi-110088 in name of Arun Kumar Bhadula, R/o AG-573, Shalimar Bagh, New Delhi, have been lost. FIR has been lodged in Crime Branch, Delhi vide LR No. 1647107 / 2024, Dated 16/04/2024. If found please contact : Arun Bhadula. 9205431683

**IT IS** notified for information that I, Abdul Mabood s/o Shakir Ali R/o B-66,gali no 6, near Fazle Ilahi Masjid,Joshi Colony, Mandawali, Fazalpur East Delhi-110092, have lost my original copy of mukhtarnama and receipts registered vide number 1632 dated 01/05/2019 of Residential vacant plot no.B-8, comprising khasra no.952, situated at Rajeev Nagar, village, Makanpur, Tehsil & Distt. Ghaziabad UP.

**I, MANOJ** Kumar Didwania S/o Ram Gopal Didwania R/o A-199, New Friends Colony, New Delhi -110025 have lost original possession letter of Flat No C-2/13,Rajasthani Bhawan Nirman (GH) Sehkari Samiti Ltd (Rajasthali Apartment), Pitampura, Delhi-34. Finder may contact on above address.

**I, NIRMALA** Verma W/o Late Sh SPL Verma, have lost the original DDA Allotment Letter for property G 26 Ashok Vihar Phase-1 Delhi-52. If found please cont: ninois@gmail.com

## सार्वजनिक सूचना

HARERA GURUGRAM

### सार्वजनिक सूचना

**"सोभा आल्टस" नामक परियोजना के पंजीकरण के संबंध में आपत्तियों को आमंत्रित करने के लिए। यह परियोजना लाइसेंस संख्या 91 of 2023 के तहत में सेक्टर 106, गुरुग्राम में स्थित है, और इसे एम/एस सोभा लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है।**

सामान्य जनता के सूचना के लिए यह सूचित किया जाता है कि एम/एस सोभा लिमिटेड ने हरियाणा डीटीसीपी द्वारा 21.04.2023 को दी गई लाइसेंस संख्या 91 of 2023 के हिस्से के रूप में 5.51 एकड़ का परियोजन के पंजीकरण के लिए आवेदन किया है।

और सूचित किया जाता है कि निदेशक, टाउन एंड कंट्री प्लानिंग विभाग ने लाइसेंस का प्रॉंचन लाइसेंस संख्या 06 of 2018 से लाइसेंस संख्या 91 of 2023 किया है, जो 5.51 एकड़ का क्षेत्र का है और उसने मेमो संख्या ZP-1924/JD (RD)/2024/11677 दिनांक 09.04.2024 को भवन नियोजन को भी मंजूरी दी है, इसके बाद प्रोत्साहक गुरुग्राम, हरियाणा के हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के पास **"सोभा आल्टस"** नामक परियोजना के पंजीकरण के लिए आवेदन दिया है।

प्रोत्साहकों ने लाइसेंस के प्रावादान को प्राप्त किया है बिना किसी आवंटियों की अस्तित्वधारियों की दो तिहाई सहमति की आवश्यकता के, क्योंकि पूर्ववर्ती लाइसेंस संख्या 06 of 2018 दिनांक 15.01.2018 के संबंध में किसी तीसरे पक्ष के अधिकार नहीं बनाए गए हैं। प्रोत्साहक ने इस विषय में एक शपथपत्र भी जमा किया है।

यदि किसी संबंधित व्यक्ति के पास संशोधित योजनाओं, लाइसेंस के विवरण के संबंध में कोई आपत्ति है तो वह उन्हें कार्यकाल के दौरान, अर्थात दिन के कार्य समय में गुरुग्राम हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी के कार्यालय में 27.04.2024 तक देख सकते हैं और आपत्तियों को दर्ज करा सकते हैं।

अधिकारी की स्वीकृति और उसके मुहर के अनुसार दिया गया।

हस्ताक्षरित/-
**सचिव,**
**हरियाणा रियल एस्टेट रेगुलेटरी अथॉरिटी, गुरुग्राम।**
**तिथि: 18.04.2024**

## सार्वजनिक सूचना

### PUBLIC NOTICE
**Property No. G-87/B (100 sq. yards), Kalkaji, New Delhi-110019**

General public is informed and cautioned that Mrs. Gurdeep Kaur, Mr. Romy Kharbanda and Mr. Tarundeep Kharbanda have entered into 2 no.s Agreements to Sell dated 30.11.2021 and 05.04.2022 with My Clients – Mr. Rajesh Bhagat and Mrs. Mamta Bhagat for sale of Ground Floor, First Floor, Second Floor and Third Floor with terrace of Property No. G-87/B (100 sq. yards) Kalkaji, New Delhi - 110019 (hereinafter referred to as the said "PROPERTY") against receipt of substantial amount towards sale consideration from my Clients. The said Agreements to Sell are still valid and subsisting. It has come to the knowledge of my Clients that Mrs. Gurdeep Kaur, Mr. Romy Kharbanda and Mr. Tarundeep Kharbanda are trying to sell the said Property illegally to third parties during the currency of the said Agreements to Sell. Therefore, the general public at large is cautioned not to deal with or enter into any agreement with Mrs. Gurdeep Kaur, Mr. Romy Kharbanda and Mr. Tarundeep Kharbanda in respect of the said Property. Whoever chooses to deal with the said Persons in respect of the said Property shall do so at their own perils and risk of costs and consequences.

**Sharuk Narang, Advocate**
**Narang & Associates**
**D-28, Jangpura Extension,**
**New Delhi-110014**

## सार्वजनिक सूचना

### PUBLIC NOTICE

Be it known to all that, our clients have agreed to purchase Entire Third Floor and 1/3rd Terrace and roof rights of Freehold Property Bearing No. D-49, situated at Greater Kailash Enclave-II, New Delhi-110048, admeasuring 408.33 sq. yds. alongwith proportionate, undivided and indivisible land share underneath with all rights, title, interest, easements, privileges and appurtenances, ingress and egress thereto from its alleged lawful owner Ms. Kavita Singh.
That in course of the investigation of title it has transpired that the Original Conveyance Deed dated 27/11/2000 of the Entire Property is missing, lost and not traceable. That our client has already paid a substantial advance/part payment to the owner and further agreed to conclude the sale/purchase subject to a good and marketable title of the same. General Public is hereby informed that any other person(s) having any interest, right, dispute, lien or charge in the above said Floor of the said property and/or otherwise objection for the above said Sale/purchase, should contact the undersigned within 15 days from the date of publication of this Notice failing which it will be construed that the said property is free from all encumbrances and our client may proceed as per the Agreement.

(Shivom Asthana)
Perfect Legal Group
Advocates & Solicitors
R-278, LGF, Greater Kailash-I
New Delhi-110048
(M) 925848278

## निजी

यूपीएससी 2023 की परीक्षा में इंदिरापुरम के अभय खंड IV के रहने वाले अर्जुन सिंह मनराल ने 553 रैंक हासिल कर नाम रौशन किया है। अर्जुन के पिता आनंद सिंह मनराल, माता पुष्पा मनराल और बहन विनीता उनकी इस उपलब्धि पर बेहद खुश हैं। मूलरूप से उत्तराखंड के रहने वाले अर्जुन का जन्मस्थान अल्मोड़ा जिले के स्याल्दे तहसील, गांव चिड़खंडा का है। उन्होंने दसवी और बारहवी गाजियाबाद के इंदिरापुरम पब्लिक स्कूल से की है और कॉलेज दिल्ली यूनिवर्सिटी के SGTB खालसा से केमिस्ट्री ऑनर्स किया है। वे कॉलेज टॉपर भी रह चुके है अर्जुन ने Haryana Civil Services 2022 पास करके वर्तमान मे बीडीपीओ नगीना (मेवात) के रूप मे कार्यरत है। साथ ही यूपीपीसीएस 2023 भी क्लियर कर District Treasury Officer का पद भी हासिल कर चुके हैं।

## नीलामी सूचना

इंडियन बैंक Indian Bank
इलाहाबाद ALLAHABAD
(भारत सरकार का उपक्रम)
क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय, दिल्ली
प्रथम तल, 17, संसद मार्ग
नई दिल्ली – 110001
फोन : 011–23362293

**निलामी सूचना**

इंडियन बैंक, क्षेत्र महाप्रबंधक कार्यालय द्वारा "जहां है जैसी है" स्थिति में 2 होंडा सिविक एवं 2 मारूति स्वीपट डिजायर नीलमी हेतु कार उपलब्ध है।

विस्तृत विवरण के लिए हमारी वेबसाइट www.indianbank.in देखें।

उप महाप्रबंधक

हिन्दुस्तान क्लासीफाइड में विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें 1800-103-1800, 011-66561245 or 011-66561427


# वैधानिक सूचना

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच–पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी विज्ञापन **जैसे टॉवर, नौकरी, ऋण सम्बंधी या अन्य** किसी भी प्रकार के संदर्भ में कोई राशि भेजता है या किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है तो ऐसा वह अपने स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों पर विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई किसी क्षति, हानि, परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

ईपीएफओ ने निकासी रकम दोगुनी की, आवेदन के अगले दिन खाते में रकम आएगी

# उपचार के लिए पीएफ खाते से एक लाख रुपये निकाल सकेंगे

विशेष

■ विमल चंद्र जोशी

नई दिल्ली। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) ने नए वित्त वर्ष की शुरुआत के साथ अपने खाताधारकों को बड़ी राहत दी है। अब पीएफ खाताधारक अपने या अपने पर आश्रित किसी सदस्य के इलाज के लिए अपने खाते से एक लाख रुपये तक निकाल सकते हैं। पहले इसकी अधिकतम सीमा 50,000 रुपये थी। केंद्रीय भविष्य निधि आयुक्त से मंजूरी मिलने के बाद 16 अप्रैल से नया नियम लागू कर दिया गया है। 10 अप्रैल को ईपीएफओ ने आवेदन के लिए सॉफ्टवेयर में भी बदलाव कर दिए।

पैसे की निकासी के लिए खाताधारकों को उपबंध 68 जेके तहत दावा करना है। उपबंध 68 जेके तहत खाताधारक स्वास्थ्य संबंधित परिस्थितियों में अग्रिम दावा कर पैसे निकाल सकते हैं। हालांकि एक लाख रुपये की सीमा के अंतर्गत खाताधारक छह महीने के मूल वेतन और डीए (या ब्याज के साथ कर्मचारी का हिस्सा) जो कम हो, उसकी निकासी का दावा नहीं कर सकते हैं। बता दें इसके अलावा फॉर्म 31 के तहत पहले से कई परिस्थितियों में आंशिक तौर पर पैसे निकालने का प्रावधान है। इसके तहत शादी, लोन के भुगतान, फ्लैट या मकान का निर्माण कराने आदि के स्थिति में रकम निकाली जा सकती है।




**50** हजार रुपये थी पहले पीएफ खाते से निकासी की सीमा

### निकासी के लिए आवेदन करने की प्रक्रिया

पीएफ के लिए ऑनलाइन अग्रिम दावा करना है तो संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट www.epfindia.gov.in पर जाएं। यहां आपको लॉग इन करने के बाद ऑनलाइन सर्विसेज पर क्लिक करना होगा। फिर दावा फॉर्म 31, 19, 10 सी और 10 डी भरें। इसके बाद अपने खाते के अंतिम चार नंबरों को दर्ज कर सत्यापित करना होगा। इसके बाद प्रोसीड फॉर ऑनलाइन क्लेम पर क्लिक करना होगा। फिर पीएफ का एडवांस फॉर्म 31 भरना पड़ेगा। इसके बाद खाता भर दें और अपने चेक या बैंक पासबुक की फोटो कॉपी अपलोड करें। अब आपको पता दर्ज करना होगा। फिर गेट आधार ओटीपी पर क्लिक करें और ओटीपी मिलने पर उसे फॉर्म में दर्ज कर आपका दावा पूरा हो जाएगा।

### किन परिस्थितियों में दावा कर सकते हैं?

इसका उपयोग खाताधारक सिर्फ जानलेवा बीमारियों के समय ही कर सकते हैं। वो भी तब जब कर्मचारी या उसका मरीज अस्पताल में भर्ती हो। कर्मचारी या फिर उसके मरीज को सरकारी अस्पताल या सरकार से संबद्ध अस्पताल में भर्ती होना जरूरी है। मरीज निजी अस्पताल में भर्ती कराया है तो इस बारे में जांच होने के बाद ही आप दावा ले सकेंगे।

### अस्पताल के खाते में भी भिजवा सकते हैं पैसे

आप चाहें तो पैसा सीधे संबंधित अस्पताल के खाते में भिजवा सकते हैं। अस्पताल से मरीज की छुट्टी होने के 45 दिन के भीतर ही आपको इलाज का पर्चा जमा करना होगा, जिसके बाद आपका अंतिम बिल अग्रिम खाते के साथ में समायोजित कर दिया जाएगा। mint

# तीन अरब डॉलर निवेश की घोषणा कर सकते हैं मस्क

नई दिल्ली, एजेंसी। टेस्ला के मालिक एलन मस्क सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलेंगे। अनुमान लगाया जा रहा है कि इस दौरे में वे अपनी निवेश योजनाओं की घोषणा कर सकते हैं।

रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक,मस्क भारत में टेस्ला की फैक्ट्री लगाने के लिए दो से तीन अरब डॉलर के निवेश की घोषणा कर सकते हैं। उम्मीद है कि प्रधानमंत्री से मुलाकात के दौरान वे दुनिया के तीसरे सबसे बड़े वाहन बाजार में टेस्ला के प्रवेश की घोषणा करेंगे।

बताया जा रहा है कि टेस्ला ने पहले ही नई दिल्ली और मुंबई में शोरूम के लिए स्थान की तलाश शुरू कर दी है। साथ ही उसकी बर्लिन फैक्ट्री राइट-हैंड ड्राइव कारों का उत्पादन कर रही है, जिन्हें कंपनी इस साल के अंत में भारत में निर्यात करने का लक्ष्य रखती है। सूत्रों ने बताया कि मस्क स्पेस स्टार्टअप के साथ नई दिल्ली में भारत सरकार द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में भी शामिल हो सकते हैं। इस समय एलन मस्क की नेटवर्थ 178 अरब डॉलर है। वे दुनिया के तीसरे सबसे अमीर शख्स हैं।

भारत का ईवी बाजार लगातार बढ़ रहा है और इस पर टाटा मोटर्स का दबदबा है। भारत में इलेक्ट्रिक कारों को अपनाने की रफ्तार अभी काफी धीमी है। साल 2023 में कुल कारों की बिक्री में इलेक्ट्रिक व्हीकल्स की हिस्सेदारी सिर्फ दो फीसदी थी। लेकिन सरकार का लक्ष्य है कि 2030 से नई कारों में से 30% इलेक्ट्रिक कारें हों। मस्क संभवतः कारखाना लगाने की समयसीमा या किस राज्य में कारखाना लगेगा, इसकी कोई जानकारी नहीं देंगे।



### कई वर्षों से भारत आने की कोशिश में टेस्ला

कई सालों से मस्क इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर भारत के उच्च आयात करों का विरोध कर रहे थे और इसे बदलने की पैरवी कर रहे थे। भारत सरकार मार्च में एक नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति लेकर आई थी, जिसके तहत कुछ मॉडल्स पर आयात शुल्क को 100% से घटाकर 15% कर दिया गया है, बशर्ते कि कार निर्माता कम से कम $500 मिलियन का निवेश करे और एक कारखाना स्थापित करे।

## बाजार 30s

### अंबुजा में 8,339 करोड़ निवेश किया

नई दिल्ली। उद्योगपति गौतम अडानी के परिवार ने अंबुजा सीमेंट्स में अतिरिक्त 8,339 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इससे कंपनी में उसकी हिस्सेदारी बढ़कर 70.3 प्रतिशत हो गई। इस कदम से सीमेंट कंपनी की विनिर्माण क्षमता को बढ़ावा मिलने की उम्मीद है। अडानी परिवार ने इससे पहले कंपनी में 11,660 करोड़ रुपये का निवेश किया था।

### स्मॉलकैप म्यूचुअल फंड की संपत्ति में तेज वृद्धि

नई दिल्ली। खुदरा निवेशकों की भागीदारी में उछाल से मार्च 2024 के अंत में स्मॉल-कैप म्यूचुअल फंड श्रेणी की संपत्ति 2.43 लाख करोड़ रुपये तक बढ़ गई। यह सालाना अधार पर 83 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्शाता है। संपत्ति में वृद्धि को निवेशकों की संख्या में वृद्धि ने बल दिया। मार्च 2024 में फोलियो की संख्या 1.9 करोड़ तक पहुंच गई, जो एक साल पहले 1.09 करोड़ थी।

### ब्रिजस्टोन इंडिया ने प्रीमियम टायर लॉन्च किया

नई दिल्ली। ब्रिजस्टोन इंडिया ने यात्री वाहनों के लिए ब्रिजस्टोन तुरांजा सिक्सआई टायर लॉन्च किया। कंपनी के चीफ कमर्शियल ऑफिसर राजर्षि मोइत्रा ने कहा, यह टायर विशेष रूप से भारतीय सड़कों के लिए विकसित किया गया है। ब्रिजस्टोन भारत में वैश्विक स्वामित्व वाली एनलाइटन तकनीक लेकर आया है। यह एसयूवी, सेडान, हैचबैक को कवर करने वाले वाहनों के लिए है।

### वोडाफोन ने एंकर निवेशकों से रकम जुटाई

नई दिल्ली। वोडाफोन-आइडिया ने अनुवर्ती सार्वजनिक निर्गम से पहले अपने एंकर बुक आवंटन को बंद करने की घोषणा की है, जिससे करीब 5,400 करोड़ रुपये जुटाए गए हैं। प्रमुख निवेशकों में जीक्यूजी पार्टनर्स, यूबीएस, मॉर्गन स्टेनली इंडिया इन्वेस्टमेंट फंड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स मॉरीशस, गोल्डमैन सैक्स, फिडेलिटी आदि शामिल हैं।

# सीजीएचएस-आभा कार्ड लिंक करने का समय बढ़ा

राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) के लाभार्थियों के लिए राहत भरी खबर है। पहले यह कहा गया था कि सीजीएसएस कार्ड को 30 दिन के भीतर आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता से लिंक करना होगा। अब इसके लिए 120 दिन का समय मिलेगा।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के अंतर्गत केंद्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना महानिदेशालय ने 15 अप्रैल को एक नया कार्यालय ज्ञापन जारी किया है। इसमें 'एबीएचए' आईडी बनाने की समय सीमा बढ़ा दी गई है।

अब आभा आईडी बनाने की समय सीमा बढ़ा दी गई है। यह समय सीमा 30 जून से तीन माह के लिए बढ़ाई गई है। इसके साथ ही सीजीएचएस आईडी को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता से लिंक करने की समयावधि भी बढ़ा दी गई है। इसमें 120 दिन का इजाफा किया गया है। यानी 30 जून से 120 दिन के भीतर इनको लिंक करना होगा।

## भुगतान एग्रीगेटर के नियम सख्त होंगे

मुंबई, एजेंसी। आरबीआई ने भुगतान एग्रीगेटर के लिए नियमों को और मजबूत बनाने के लिए दिशानिर्देशों का मसौदा जारी किया। इसका उद्देश्य भुगतान परिवेश को और सुदृढ़ करना है। भुगतान एग्रीगेटर वे मध्यस्थ इकाइयां हैं, जो ग्राहकों और कारोबारियों के बीच भुगतान को सुगम बनाती हैं।

मसौदे के अनुसार, भुगतान एग्रीगेटर की भौतिक रूप से पॉइंट ऑफ सेल गतिविधियों को भी शामिल किया गया है। भुगतान एग्रीगेटर की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए इस मामले में मौजूदा निर्देशों को अद्यतन करने का प्रस्ताव किया गया है।

# निर्यात के दम पर भारत तेज वृद्धि हासिल करेगा

संयुक्त राष्ट्र, एजेंसी। भारत की अर्थव्यवस्था के 2024 में 6.5 प्रतिशत बढ़ने का अनुमान है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह बात कही गई।

संयुक्त राष्ट्र व्यापार व विकास (यूएनसीटीएडी) की रिपोर्ट में कहा गया कि बहुराष्ट्रीय कंपनियां अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता लाने के लिए देश में अपनी विनिर्माण प्रक्रियाओं का विस्तार कर रही हैं, जिसका भारतीय निर्यात पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा।

रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत 2023 में 6.7 प्रतिशत की दर से बढ़ा और 2024 में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि की उम्मीद है। यह दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्था बनी रहेगी।

यूएनसीटीएडी की रिपोर्ट के मुताबिक बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा विनिर्माण आधार के रूप में भारत का अधिक रुख करने की बात पर भी ध्यान दिया गया क्योंकि वे अपनी आपूर्ति श्रृंखलाओं में विविधता ला रहे हैं।

## अपना देश

# मशहूर होने के लिए गोलियां चलाईं




मुंबई, एजेंसी। अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर गोली चलाने के आरोप में गिरफ्तार हुए विकी गुप्ता और सागर पाल ने पूछताछ में कई अहम खुलासे किए हैं। आरोपियों ने कहा कि उन्होंने मशहूर होने और इनाम पाने के लिए यह सब किया है।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, आरोपियों ने बताया कि गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के भाई अनमोल ने दोनों को काम पर रखा था। वे सलमान खान को 1998 में जोधपुर में किए गए काले हिरण के शिकार मामले में सजा देना चाहते थे। सलमान खान को डराने के लिए दोनों को एक लाख मिले थे और बाकी के तीन लाख रुपये काम पूरा होने के बाद मिलने वाले थे। संयुक्त पुलिस आयुक्त (क्राइम) लखमी गौतम ने कहा, पूछताछ के दौरान पता चला कि अनमोल ने दोनों से कहा था कि अगर वे सलमान खान के घर गोलियां चलाने में सफल हो जाते हैं तो वे न सिर्फ मशहूर हो जाएंगे बल्कि उचित इनाम भी दिया जाएगा। विकी 10वीं पास है, जबकि सागर ने आठवीं तक की पढ़ाई की है।

**लॉरेंस की हिरासत मांग सकती है पुलिस** मुंबई पुलिस लॉरेंस बिश्नोई की हिरासत की मांग कर सकती है। वहीं, लॉरेंस के भाई के खिलाफ लुक आउट सर्कुलर जारी हो सकता है।

### दावा : 10 राउंड फायरिंग की गई

रिपोर्ट में दावा किया गया है, सलमान खान के घर के बाहर कम से कम 10 गोलियां चलाई गईं। आरोपियों को गोलियों की कम से कम दो मैग्जीन खाली करने के लिए कहा गया था।

### सलमान खान का बयान गवाह के तौर पर दर्ज करेगी पुलिस



पुलिस अभिनेता सलमान खान के बांद्रा स्थित आवास के बाहर गोलीबारी मामले में गवाह के रूप में उनका बयान दर्ज करेगी। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी साझा की। इससे पहले जब गोलीबारी की घटना के बाद मुंबई पुलिस के अधिकारी सलमान खान के घर पहुंचे तो अभिनेता कथित तौर पर गुस्से में थे। अभिनेता ने मुंबई पुलिस द्वारा मुहैया कराई गई सुरक्षा पर भी सवाल उठाए थे।

## भीमा कोरेगांव केस में शोमा सेन रिहा

मुंबई, एजेंसी। भीमा कोरेगांव मामले की आरोपी एवं नागपुर विश्वविद्यालय की पूर्व प्रोफेसर शोमा सेन को बुधवार को जेल से रिहा कर दिया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें 2018 के मामले में पांच अप्रैल को जमानत दे दी थी। वरिष्ठ जेल अधिकारी ने कहा कि सेन सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद मध्य मुंबई की भायखला जेल से बाहर आ गईं। जेल के बाहर उनकी बेटी और रिश्तेदारों ने उनका स्वागत किया।

सेन 31 दिसंबर, 2017 को पुणे में भीमा कोरेगांव मामले में गिरफ्तार किए गए कार्यकर्ताओं और शिक्षाविदों सहित 16 लोगों में से एक थीं।

# पेपर लीक मामले में आरोपी की निशानदेही पर छापेमारी




मेरठ, मुख्य संवाददाता। यूपी पुलिस पेपर लीक के मास्टरमाइंड रवि अत्री को एसटीएफ ने रिमांड पर लिया है और उसकी निशानदेही पर दिल्ली में छापेमारी की गई है। आरोपी के बाकी साथियों को लेकर भी पूछताछ की गई। पूर्व में जिन 35 एजेंट के नाम का खुलासा रवि ने किया था, उनके बारे में भी जानकारी ली गई।

वहीं, एसटीएफ का पूरा फोकस इस समय रवि अत्री के लैपटॉप बरामद करने और उसके साथी दिल्ली पुलिस के हेड कांस्टेबल विक्रम पहल के संपर्क में रहा। यूपी पुलिस आरक्षी पेपर लीक कराने वाले रवि अत्री को यूपी एसटीएफ की मेरठ यूनिट ने गिरफ्तार कर जेल भेजा था। आरोपी को बुधवार को एसटीएफ ने रिमांड पर लिया और पूछताछ शुरू की गई। रवि अत्री की निशानदेही पर एसटीएफ ने दिल्ली में उसके ठिकानों पर छापेमारी की। रवि के फ्लैट पर भी छानबीन की गई है और कुछ सामान भी कब्जे में लिया।

## आईयूएमएल के कार्यकर्ता पर केस

कन्नूर (केरल)। माकपा नेता के.के. शैलजा के बारे में सोशल मीडिया मंचों पर टिप्पणियां करने के आरोप में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग (आईयूएमएल) के एक कार्यकर्ता के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। शैलजा मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) की वरिष्ठ नेता और वडक्करा लोकसभा सीट से उम्मीदवार हैं।

सोशल मीडिया पर शैलजा पर हमलों को लेकर कुछ दिन से जारी व्यापक आलोचना के बीच न्यू माही थाने ने आईयूएमएल के स्थानीय पदाधिकारी असलम के खिलाफ मामला दर्ज किया।

## तेज रफ्तार कार ने खड़े ट्रक में टक्कर मारी, 10 की मौत

नाडियाड, एजेंसी। गुजरात के खेडा जिले में नाडियाड कस्बे के समीप अहदाबाद-वडोदरा एक्सप्रेसवे पर बुधवार को तेज रफ्तार कार की ट्रक से टक्कर हो गई, जिसमें कार सवार 10 लोगों की मौत हो गई।

खेड़ा के पुलिस अधीक्षक राजेश गढ़िया ने कहा कि प्रारंभिक जांच से पता चला है कि एक ट्रक खराबी के कारण एक्सप्रेसवे के सबसे बाएं लेन पर खड़ा था, तभी कार पीछे से उससे टकरा गई।

SUMMER & WEDDING COLLECTION
Raymond
Linen, Cotton & Woollen
Formals, Casual & Party Wears
upto 60% off
By Economy Sales: 9212758425
Latest Range of Designs & Colors
GIFT PACKS AVAILABLE
BLAZER • SUIT
KURTA'S • SHIRT • TROUSER • T-SHIRT
Raymond PARK AVENUE ColorPlus parx ARROW
• GURUGRAM 306, City Center, Sector 29 (Near Hotel Pllazio)
• PUNCHKUIAN ROAD, Garwal Bhawan, (Near Jhandewalan, Gole Chkr.)
• WAZIRPUR A-5, Near Richi Rich Banquet (Opp. Shalimar Bagh)
• JANAKPURI B-1/2, Main Najafgarh Road, Opp. Metro Pillar 543
• NOIDA, Nirula's Sec-2, Near Metro Station, Sec-15, Noida, UP
• LAJPAT NAGAR, 49, Main Ring Road, Adj. Haldi Ram, Near Moolchand Crossing

**पश्चिम रेलवे-अहमदाबाद मण्डल**

**टेलिकोम का प्रावधान और टेलिकोम सुविधाओं में सुधार**

**सिग्नल एवं दूरसंचार विभाग, निविदा संख्या: DRM-SnT-ADI-Tele 02 of 2024-25, कार्य का नाम:** अहमदाबाद मंडल के साबरमती, चांदलोडिया, खोडियार, गांधीनगर, विरमगाम और विभिन्न स्थानों पर लेवल क्रॉसिंग को नाबूद करने के लिए ROB/RUB प्रदान करके टेलिकोम का प्रावधान और टेलिकोम सुविधाओं में सुधार। **कार्य की अनुमानित लागत:** ₹ 22597333.95/- (रुपये दो करोड़ पचीस लाख सत्तानवे हजार तीन सौ तैंतीस और पैसे पचानवे केवल)। **बोली सुरक्षा:** ₹ 263000/- (रुपये दो लाख त्रेसठ हजार केवल)। **निविदा बंद होना और निविदा खुलना: 13/05/2024 को 15.00 बजे** बंद होगी और दिनांक **13/05/2024 को 15.30 बजे** खुलेगी। ई-टेंडरिंग की वेबसाइट- **www.ireps.gov.in** 327

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

**उत्तर रेलवे**

**ई–खुली निविदा सूचना**

पत्र संख्या: 128-डब्लयू/269/ निविदा सूचना/24-25/ डब्लयू.ई/टेंडर नं. 02 (ए. बी. सी)
दिनांक 15.04.2024
मंडल अभियंता सम्पदा, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली द्वारा निम्न कार्यो के लिए खुली निविदा दिनांक 10.05.2024 को 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो उसी दिन तत्काल खोली जाएगी।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | (ए) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/निजामुद्दीन के कार्य क्षेत्र में चाणक्यपुरी में नवनिर्मित 54 टाइप–V फ्लैटों का वार्षिक रख रखाव के कार्य हेतु। |
| | (बी) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में बड़ौदा हाउस में अनुबंध– I और II पर वाणिज्यिक आरओ का वार्षिक रखरखाव के कार्य हेतु। (दा वर्षो के लिए) |
| | (सी) सहायक मंडल अभियंता/सम्पदा-III के अंतर्गत वरिष्ठ खंड अभियंता/बड़ौदा हाउस के कार्य क्षेत्र में बड़ौदा हाउस में एनेक्सी– I भवन की मंजिलों के क्षतिग्रस्त महिला एवं पुरूष शौचालयों का नवीनीकरण और नए दरवाजे, पाइप लाइन, स्वच्छता स्थापना आदि का प्रावधान के कार्य हेतु। |
| अनुमानित लागत | (ए) रु. 9486989.92 (बी) रु. 2499959.27 (सी) रु. 19954165.88 |
| धरोहर राशि | (ए) रु. 189700.00 (बी) रु. 50000.00 (सी) रु. 249800.00 |
| समापन अवधि | (ए) 12 महीने (बी) 24 महीने (सी) 06 महीने |

निविदा दिनांक 10.05.2024 को 15:00 बजे तक जमा की जा सकती है एवं तत्काल खोली जाएगी। 1150/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**पश्चिम मध्य रेल**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**
**(भंडार आपूर्ति हेतु 'ई'-निविदा सूचना, संख्या: EPS/18/2024)**

**प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, पश्चिम मध्य रेल,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से, ई-खरीद प्रणाली के जरिये निम्नलिखित विज्ञापन निविदाएं आमंत्रित करते हैं। कोई भी हस्तलिखित/डाक प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे। पूर्ण विवरण/विनिर्देशन के लिए website https://ireps.gov.in पर 'ई'-निविदा संबंधी जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

| Sr. No. | Tender No. | Short Description | Tendered Qty |
|---|---|---|---|
| 1 | 20233492A | Set of Bend Plate for Co-Co Bogie Comprising | 71 Set |
| 2 | 20244250 | Set of Capacitor for machine blower | 35 Set |
| 3 | 40232814 | Control transformer 200VA | 25 Nos. |
| 4 | 38241946 | Tarpoulin cleat | 17331 Nos |
| 5 | 38234156 | ATL TORSION SPRING (STEEL) FOR TWIST LOCK | 4259 Nos |
| 6 | 30231365B | Procurement of BULB TYPE SPLIT COTTER SIZE | 116294 Nos |
| 7 | 60231302 | Submersible pump motor set suitable | 23 Nos. |
| 8 | 20244415 | TOH [AOH] KIT FOR PANTOGRAPH ASSEMBLY | 184 Set. |
| 9 | 80231306 | Photocopier Paper (Xerox Paper) having | 1692 Ream |
| 10 | 82231460 | Sacubitril 49 mg + Valsartan 51 | 153898 Nos. |
| 11 | 38241918 | Cable Assembly for Hand Brake arrangement | 3906 Nos. |
| 12 | 80241003 | INTERNAL COMBUSTION ENGINE CRANK CASE OILS | 15960 LTR |
| 13 | 90231325A | Set of PRE Laminated compreg plywood for | 47 Set. |
| 14 | 80231557 | Bearing for anti roll bar | 2620 Nos. |
| 15 | 80231953 | D.NOTE NO. T 524 F(C) APPLICATION FORM FOR RESERVATIO | 11589250 Nos |
| 16 | 81236213B | FILTER PART NO. VOP23381562 | 28 Nos. |
| 17 | 20234121 | KIT FOR AUTO DRAIN VALVE | 203 Set. |
| 18 | 40232023 | Low maintenance lead acid battery set 75 AH | 110 Set. |
| 19 | 20234141 | KIT FOR SANDING EQPT. MANIFOLD ASSLY | 70 Set. |
| 20 | 40232301 | 25 KV D.O. fuse switch assembly | 80 Set. |
| 21 | 20231892 | METALLISED CARBON STRIP FOR AM-12 PANTOGRAPH | 1374 Nos. |
| 22 | 20234124A | KIT FOR BREAKAWAY PROTECTION VALVE | 106 Set. |
| 23 | 20234185 | SET OF WIPER ARM ASSEMBLY COMPLETE | 105 Set. |
| 21 | 20231851B | Panto mounting insulator | 266 Nos. |
| 25 | 61232116 | M.S. black plain punched washer | 4570 KGS |
| 26 | 61231135 | Hot forged steel Rivets | 4600 KGS |
| 27 | 61232118 | MS black plain punched washer | 2438 KGS |
| 28 | 61232115 | M.S. black plain punched washer | 2600 KGS |
| 29 | 30241600 | PROCUREMENT OF SWINGING NUT | 8900 Nos. |
| 30 | 82231603 | Ferric Carboxy Maltose equivalent to Elemental Iron | 2467 Nos. |
| 31 | 20231050A | Sanding hose coupler | 2482 Nos. |
| 32 | 80231521 | Single Row Deep Groove ball bearing | 471 Nos. |
| 33 | 65245001 | EOT Crane-10T | 01 Nos. |
| 34 | 80241017 | Hydraulic Oil | 91350 LTR |
| 35 | 61242383 | SOLID WITH SHIELD GAS COPPER COATED | 33560 KGS |
| 36 | 80241995 | LUBRICANTS/COATING FOR FIAT BOGIES IN PA | 77 Nos. |
| 37 | 20234413 | Twin Beam LED Head Light for Electric Locomotives | 28 Nos. |
| 38 | 20234446 | METALLISED CARBON STRIPS SUITABLE FOR HIGH REACH PANTOGRAPH | 290 Nos. |

**Due date: For Sr. No. 01 to 24:- 09.05.2024 and For Sr. No. 25 to 38 - 13.05.2024.**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक /प.म.रे./जबलपुर

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**रेल कोच फैक्ट्री कपूरथला**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, पीसीएमएम, आरसीएफ द्वारा निम्नलिखित मदों हेतु ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती हैं:-

| क्र.सं. | निविदा सं. एवं नियत तिथि | विवरण | मात्रा (नग/सेट्स) | ईएमडी (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 17241104/15.05.2024 | एंडवॉल डोर कम्प्लीट | 3395 नग | 2000000/- |
| 2. | 12241160/22.05.2024 | 1. हनीकॉम पार्टिशन फ्रेम का सेट, आरेखण: MPHCPFSCN वर्शन 3, पैक आईएनजी इंस्ट्रक्शन नं. पीआई118 वीईआर 1.0/पीआई193 के अनुसार। 2. एलएचबी फर्स्ट एसी कोचेस हेतु हनीकॉम पार्टिशन फ्रेम का सेट, आरेखण: MP22HCPFAC वर्शन 3 के अनुसार। 3. तकनीकी विशिष्टि सं. एमडीटीएस 097, संशो-01 के अनुसार एसी 3टियर (ईओजी) कोच हेतु हनीकॉम पार्टिशन फ्रेम का सेट, आरेखण: MPLHCPF3ACEGLHB वर्शन 23, उत्पाद प्रक्रिया: लागू नहीं, गुणवत्ता योजना: लागू नहीं, पैकिंग अनुदेश सं. पीआई118 वीईआर. 1/पीआई193 के अनुसार। 4. एलएचबी एसी 2-टियर कोचेस हेतु हनीकॉम पार्टिशन फ्रेम का सेट, आरेखण: MP22HCPFAC2T वर्शन 1, पैकिंग अनुदेश सं. पीआई118 वीईआर 1.0/पीआई193 के अनुसार। | 1) 477.00 सेट 2) 6.00 सेट 3) 208.00 सेट 4) 78.00 सेट | 2000000/- |
| 3. | 17241190/07.06.2024 | 1) एलएचबी नॉन एसी चेयर कार कोचेस हेतु सीट्स का सेट (108 सीटर) 2) एलएचबी सैकेण्ड एसी चेयर कार कोचेस हेतु सीट्स का सेट (78 सीटर) | 1) 31 सेट्स 2) 18 सेट्स | 1481080/- |
| 4. | 12241148/07.05.2024 | एलएचबी जीएस एव एससीएन कोचेस हेतु गैंगवे सीलिंग का फिक्सिंग अरेंजमेंट। | 3143 नग | 1455210/- |
| 5. | 12241104/13.05.2024 | 1. इमर्जेंसी ओपनेबल विंडो। 2. बॉडीसाइड विन्डो अरेंजमेंट। 3. एलएचबी एससीएन कोचेस हेतु वाइडर विन्डो (आकार 1460X700, साथ में स्लाइडिंग शटर्स)। 4. एलएचबी एससीएन कोचेस हेतु इमर्जेंसी वाइडर विंडो (आकार 1460X700, साथ में स्लाइडिंग शटर्स) | 1) 4049 नग 2) 15511 नग 3) 8154 नग 4) 1982 नग | 2000000/- |
| 6. | 12241096/15.05.2024 | इंटरकार गैंगवे माउंटिंग | 4133 नग | 2000000/- |
| 7. | 12241126/09.05.2024 | 1) वाटर टैंक असेम्बली एल.एच. (390 लीटर्स)। 2) वाटर टैंक असेम्बली आर.एच. (390 लीटर्स) | 1) 2035 नग 2) 1937 नग | 2000000/- |
| 8. | 17241090/10.05.2024 | 1) एलएचबी एससीएन ईओजी कोचेस हेतु चेयर एंगल का सेट। 2) एलएचबी जीएस कोचेस हेतु चेयर एंगल का सेट। | 1) 508 सेट्स 2) 1002 सेट | 1069360/- |
| 9. | 14241052/06.05.2024 | एल्यु. चैकर्ड शीट 2.03X1250X3000 मि.मी. | 119655 कि.ग्रा. | 900520/- |
| 10. | 14241040/08.05.2024 | एलएचबी कोचेस हेतु पीयू पेंट्स | 1412 सेट्स | 1322340/- |
| 11 | 14231273/15.04.2024 | एलएचबी एवं एमईएमयू कोचेस हेतु फ्लौट ग्राफिक फिल्म | ड्राफ्ट | ड्राफ्ट |
| 12. | 12241091/17.05.2024 | 1) फ्लशिंग अरेंजमेंट के बगैर रिटेंशन टैंक (एलएच), आरेखण: एमआई005711 एएलटी ए एवं एमडीटीएस 26001 संशो-04 के अनुसार। 2) फ्लशिंग अरेंजमेंट के बगैर रिटेंशन टैंक (आरएच), आरेखण: एमआई005710 एएलटी एम एवं एमडीटीएस 26001 संशो-04 के अनुसार। | 1) 3554.00 नग, 2) 3351.00 नग | 5000000/- |
| 13. | 12241154/10.05.2024 | 1) एलएचबी पावर कार हेतु सीलिंग। 2) एलएचबी पावरकार कोचेस हेतु सीलिंग क्रू रूम माउंटिंग। 3) एलएचबी एसी चेयर कार कोचेस हेतु वेस्टिबूल सीलिंग माउंटिंग। | 1) 122 नग 2) 136 सेट 3) 18 सेट | 338500/- |
| 14. | 17241107/08.05.2024 | एलएचबी कोचेस हेतु फ्लोर एंड प्रोफाइल, एल=2एम | 11349 नग | 236230/- |
| 15. | 17241149/16.05.2024 | I) एलएचबी नॉन एसी चेयर कार कोचेस हेतु लगेज रैक मॉड्यूल्स का सेट। II) एलएचबी सैकेण्ड एसी चेयर कार कोचेस हेतु लगेज रैक मॉड्यूल्स (लाइट्स के बगैर)। | 1) 31 सेट्स 2) 17 सेट्स | 346980/- |
| 16. | 17241156/10.05.2024 | एलएचबी पार्सल वैन में एसएस लगेज रैक्स हेतु सेट की सप्लाई व एप्लिकेशन | 75 सेट्स | 223020/- |
| 17. | 17241199/04.06.2024 | 1) एलएचबी चेयर कार हेतु एफआरपी सीलिंग शीट असेम्बलीज का सेट। 2) एलएचबी एसी 3टियर कोचेस हेतु सीलिंग शीट्स का सेट। 3) एलएचबी एसी2टी कोचेस हेतु सीलिंग शीट असेम्बलीज का सेट। 4) एलएचबी एसी3टी कोचेस हेतु एफआरपी साइड वॉल पैनल्स। 5) एलएचबी एसी2टी कोचेस हेतु एफआरपी साइड वॉल पैनल्स का सेट। 6) ऑटोमैटिक डोर्स के साथ 200 केएमपीएच हेतु एलएचबी चेयर कार हेतु एफआरपी साइड वॉल पैनल्स का सेट। 7) एलएचबी एसआरआर एचओजी कोचेस (31-सीटर) हेतु एफआरपी रूफ पैनल्स का सेट। 8) एलएचबी एसआरआर एचओजी कोचेस (31-सीटर) हेतु एफआरपी साइड वॉल पैनल्स का सेट। | 1) 18.00 सेट 2) 131.00 सेट 3) 72.00 सेट 4) 159.00 सेट 5) 70.00 सेट 6) 15.00 सेट 7) 31.00 सेट 8) 31.00 सेट | 2000000/- |
| 18 | 02241228/27.05.2024 | व्हील सेट अर्थिंग इक्विमेंट | 3170 नग | 1674270/- |
| 19. | 02241215/15.05.2024 | इमर्जेंसी बैट्री चार्जर | 2163 सेट | 2000000/- |
| 20 | 17241089/28.05.2024 | 1) एलएचबी एसी स्लीपर कोचेस में स्टैण्ड-अलॉन हेतु ऑटोमैटिक स्मोक/फायर डिटेक्शन सिस्टम। 2) एलएचबी एसी चेयर कार कोचेस में स्टैण्ड-अलॉन हेतु ऑटोमैटिक स्मोक/फायर डिटेक्शन सिस्टम। | 1) 225 सेट 2) 12 सेट | 1751820/- |
| 21. | 17241195/14.05.2024 | एलएचबी पार्सल वैन कोचेस की फ्लोरिंग हेतु एसएस चैकर्ड शीट (1.7 मि.मी. मोटी) का सेट। | 67 सेट्स | 468900/- |
| 22. | 17241094/24.05.2024 | फ्लोरिंग हेतु अब्सोर्शन स्ट्रिप (डिकप्लिंग ईपीडीएम रबड़) | 62645 नग | 2000000/- |
| 23. | 05241220/13.05.2024 | ई.पी. ब्रेक इक्विप्मेंट हेतु आपूर्ति व स्थापन (2 प्रकार) | 169 सेट | 2000000/- |
| 24. | 02241154/15.05.2024 | डबल इनलेट सेंट्रीफ्युगल ब्लोअर 190वी एसी | 3804 नग | 367990/- |
| 25. | 02241157/15.05.2024 | आठ प्रकार की एलईडी लाइट फिटिंग्स | 59679 नग | 2000000/- |
| 26. | 02241179/15.05.2024 | 16 वर्ग मि.मी. में ग्यारह प्रकार की थिन वॉल्ड फ्लेक्स इलैस्ट केबल | 58300 मीटर | 243010/- |
| 27. | 02241202/21.05.2024 | 10 वर्ग मि.मी. में ग्यारह प्रकार की थिन वॉल्ड फ्लेक्स इलैस्ट केबल | 38700 मीटर | 122480/- |
| 28. | 02241230/20.05.2024 | ईओजी टाइप एलएचबी कोचेस हेतु इमर्जेंसी लाइट सिस्टम | 1912 सेट | 857340/- |
| 29. | 02241233/23.05.2024 | बैट्री फ्यूज बॉक्स +वीई एवं -वीई | 4135 नग | 583290/- |
| 30. | 05241241/14.05.2024 | फ्रंट पार्ट | 33 नग | 123050/- |
| 31. | 02241194/10.05.2024 | विभिन्न प्रकार के एलएचबी कोचेस हेतु स्विच प्लेट असेम्बलीज | निविदा अनुसार मद वार | 274820/- |
| 32. | 05241223/13.05.2024 | एलएचबी कोचेस हेतु अंडरफ्रेम कम्प्लीट | 896 नग | 5000000/- |
| 33. | 01241141/22.05.2024 | लिंक पिन | 10543 नग | 78870/- |
| 34. | 01241107/13.05.2024 | एयर स्प्रिंग एलएचबी कोचेस हेतु बोगी फ्रेम असेम्बलरी | 2464 नग | 5000000/- |

1. विवरण और ऑनलाइन बोलियां प्रस्तुत करने के लिए, वेबसाइट **http://ireps.gov.in** पर जाएं। आरेखणों/विशिष्टियों, जहां भी जरूरी होगा, आरसीएफ वेबसाइट **http://www.rcf.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। **ऑनलाइन बोली देने हेतु अपेक्षित श्रेणी IIIवीं डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट को http://www.cce.gov.in में सूचीबद्ध लाइसेंस प्राप्त प्रमाणीकरण एजेंसियों से प्राप्त किया जा सकता है।** 2. सभी सीमित निविदाएं और विज्ञापित निविदाएं सामान्यतः नियत तिथि को क्रमशः 11.25 बजे और 14.25 बजे बंद होंगी एवं क्रमशः 11.30 बजे एवं 14.30 बजे खोली जाएंगी। 3. निविदाएं क्रम सं. 1 से 22 आरसीएफ कपूरथला में खोली जाएंगी और क्रम सं. 23 से 34 तिलक ब्रिज, नई दिल्ली-110002 में खोली जाएंगी। 4. पूछताछ के लिए, संपर्क करें: आईआरईपीएस हेल्पडेस्क 011-24102855, 011-24105180 या आरसीएफ हेल्पडेस्क 011-23378658 में। **टिप्पणी:** ''आरसीएफ का जीएसटी नम्बर 03AAAGM0289C1ZT है। सभी आपूर्तिकर्ताओं को सलाह दी जाती है कि उनके द्वारा की गई आपूर्तियों हेतु प्रेषण दस्तावेजों में उसे उद्धृत करें।''

**पीसीएमएम**

**शुद्धिपत्र:** (1) निविदा सं. 17231585, एलएचबी फर्स्ट एसी कोचेस हेतु रोलर ब्लाइंड अरेंजमेंट के सेट की सप्लाई व अप्लाई की अधिप्राप्ति हेतु, **नियत तिथि** को 19.04.2024 के स्थान पर **23.04.2024 के रूप में पढ़ा जाए।** (2) निविदा सं. 17231475ए, भारतीय रेलवेज में मौजूदा 3 फेज़ ईएमयू/एमईएमयू रैक्स में रेट्रो फिटमेंट आधार पर अलार्म सिस्टम के साथ ऑटोमैटिक स्मोक/फायर डिटेक्शन की आपूर्ति, स्थापन, परीक्षण और चालू करने हेतु, **नियत तिथि** को 15.04.2024 के स्थान पर **30.04.2024 के रूप में पढ़ा जाए।**

**पीसीएमएम**

आर.ओ. सं. 008-एस/2024-25 दिनांक: 17.04.2024

POSTAL REG. NO. DL (ND)-11/6057/2015-16-17 "Licensed to post without prepayment" LICENCE No. U(C)-116/2006-08

■ मुकेश-इशांत के दम पर गुजरात को सत्र के सबसे कम स्कोर पर समेटा ■ 53 गेंद में कैपिटल्स ने हासिल कर लिया लक्ष्य

# दिल्ली कैपिटल्स की सबसे बड़ी जीत

**अहमदाबाद, एजेंसी।** मुकेश कुमार की अगुआई में दिल्ली कैपिटल्स की धारदार गेंदबाजी के सामने गुजरात टाइटंस की टीम धराशायी हो गई। गुजरात की टीम बुधवार को पूरे ओवर भी नहीं खेल पाई और मात्र 89 रन पर लुढ़क गई। दिल्ली ने यह छोटा लक्ष्य 67 गेंद रहते चार विकेट पर 92 रन बनाकर हासिल कर लिया।

दिल्ली की यह गेंद शेष रहते आईपीएल में उसकी सबसे बड़ी जीत है। इससे पहले 2022 में उसने पंजाब किंग्स के खिलाफ 57 गेंद रहते जीत दर्ज की थी।

**लंबी छलांग :** छह विकेट की इस शानदार जीत के साथ दिल्ली की टीम लंबी छलांग लगाकर नौवें से छठे नंबर पर पहुंच गई। उसके और गुजरात के एक समान छह अंक हैं पर रनरेट के आधार पर पंत की टीम उससे ऊपर है।

**पंत की लाजवाब कप्तानी :** पंत की कप्तानी लाजवाब रही। उन्होंने सही समय पर गेंदबाजों को लगाने के अलावा स्टंप के पीछे शानदार प्रदर्शन किया और फिर 11 गेंद में नाबाद 16 रन बनाकर जीत दिलाई। यह विकेटकीपर बल्लेबाज विकेट के पीछे काफी फुर्तीला रहा, उन्होंने विकेट के पीछे कैच लपकने के अलावा शानदार स्टंपिंग भी की। टी-20 विश्व कप को देखते हुए उनका प्रदर्शन भारतीय क्रिकेट के लिए अच्छा संकेत है।

**तेज शुरुआत :** लक्ष्य का पीछा करते हुए दिल्ली को जैक फ्रेजर (25) और पृथ्वी ने 12 गेंद में 25 रन जोड़कर अच्छी शुरुआत दिलाई। संदीप वॉरियर के पहले ही ओवर में फ्रेजर ने छक्के और चौके से 14 रन बटोरे। स्पेंसर के दूसरे ओवर में भी 11 रन बने पर अंतिम गेंद पर फ्रेजर का विकेट भी गंवा दिया। संदीप के अगले ओवर में पृथ्वी भी लौट गए। इससे स्कोर दो विकेट पर 31 रन हो गया। अभिषेक (15) और शाई होप (19) के आउट होने से स्कोर चार विकेट पर 67 हो गया। पंत (16 नाबाद) और सुमित (9 नाबाद) ने टीम को आसान जीत दिला दी।

**न्यूनतम स्कोर :** इससे पहले आठवें नंबर पर उतरे राशिद (31) को छोड़कर गुजरात का कोई भी बल्लेबाज क्रीज पर टिक नहीं पाया और अपने न्यूनतम स्कोर पर आउट हो गई। टीम पहली बार सौ का आंकड़ा नहीं पाई। यह इस सत्र में किसी भी टीम का सबसे न्यूनतम स्कोर भी है। मौजूदा सत्र में पहली बार कोई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए पूरे ओवर नहीं खेल पाई।

**पावरप्ले में गंवाए चार विकेट :** पंत के टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी के फैसले को उसके गेंदबाजों ने सही साबित किया। इशांत ने अपने पहले ही ओवर की पांचवीं गेंद पर गुजरात के कप्तान गिल को पृथ्वी के हाथों कैच करवाकर जो झटका दिया उससे टीम उबर नहीं पाई। पावरप्ले में स्कोर बोर्ड पर 30 रन टंगे थे और उसके चार बल्लेबाज पवेलियन में थे। यह उसका शुरुआती छह ओवर में सबसे खराब स्कोर है। इनमें से सिर्फ सुदर्शन (12) ही दोहरे अंक तक पहुंचे। इसके बाद आए स्टब्स ने दो गेंदों में अभिनव मनोहर और शाहरुख को आउट कर गुजरात को बुरी तरह से बैकफुट पर धकेल दिया। दिल्ली की ओर से मुकेश ने तीन जबकि इशांत और स्टब्स ने दो-दो विकेट लिए।


अहमदाबाद में गुजरात के बल्लेबाज साहा को आउट करने के बाद कप्तान पंत के साथ जश्न मनाते मुकेश कुमार।

**3** बल्लेबाज ही गुजरात के दोहरे अंक तक पहुंच सके

**89** रन गुजरात का लीग का न्यूनतम स्कोर है। इससे पहले 125 रन था

**6** विकेट दिल्ली के तेज गेंदबाजों ने झटके जिसमें से तीन मुकेश ने हासिल किए

### पंत ने की कार्तिक की बराबरी

पंत ने विकेट के पीछे चार शिकार किए। यह दिल्ली के किसी विकेटकीपर का संयुक्त सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। पंत ने दिनेश कार्तिक (2009, बनाम राजस्थान) के 15 साल पुराने रिकॉर्ड की बराबरी की।

### गुजरात की पारी में सिर्फ एक छक्का

गुजरात की टीम पहली 60 गेंदों में एक भी छक्का नहीं लगा पाई। सत्र में यह छठा मौका है जब शुरुआती दस ओवर में एक भी छक्का नहीं लगा। गुजरात की पारी का एकमात्र छक्का राशिद के बल्ले से कुलदीप की गेंद पर निकला।

## मुंबई फिर पटरी पर लौटना चाहेगा

**मुल्लांपुर, एजेंसी।** पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस की टीम गुरुवार को जब पंजाब किंग्स के खिलाफ उतरेगी तो उसका लक्ष्य फिर से पटरी पर लौटने का होगा। हार्दिक पांड्या की टीम को पिछले मुकाबले में चेन्नई से घर में शिकस्त का सामना करना पड़ा था। रोहित के शतक के बावजूद टीम जीत दर्ज नहीं कर पाई थी।

वहीं पंजाब की टीम जीत से शुरुआत करने के बावजूद लय बरकरार नहीं रख पाई। दोनों टीमों को पिछले मैच में हार मिली है। मुंबई को पता है कि उनके पास स्थिति को पलटने के लिए पर्याप्त क्षमता है लेकिन उन्हें लगातार एकजुट होकर प्रदर्शन करने की जरूरत है। दिल्ली और बेंगलुरु के खिलाफ घरेलू मैदान पर दो जीत से उनका लगातार तीन हार का क्रम टूटा लेकिन चेन्नई के खिलाफ जीत नहीं दर्ज कर पाए।






## स्कोर बोर्ड

| गुजरात जांयट्स : | 89/10 (17.3 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
| ऋद्धिमान साहा ब. मुकेश | 02 | 10 | 0/0 |
| गिल क. पृथ्वी ब. इशांत | 08 | 06 | 2/0 |
| साई सुदर्शन रनआउट | 12 | 09 | 2/0 |
| मिलर क. पंत ब. इशांत | 02 | 06 | 0/0 |
| मनोहर क. पंत ब. स्टब्स | 08 | 14 | 1/0 |
| तेवतिया एलबीडब्ल्यू अक्षर | 10 | 15 | 1/0 |
| शाहरुख स्टं. पंत ब. स्टब्स | 00 | 01 | 0/0 |
| राशिद क. पंत ब. मुकेश | 31 | 24 | 2/1 |
| मोहित क. सुमित ब. अहमद | 02 | 14 | 0/0 |
| नूर अहमद ब. मुकेश | 01 | 07 | 0/0 |
| स्पेंसर जॉनसन नॉटआउट | 01 | 01 | 0/0 |
| अतिरिक्त | 12 | | |
| विकेट पतन : 1/11, 2/28, 3/28, 4/30, 5/47, 6/48, 7/66, 8/78, 9/88. | | | |
| गेंदबाजी : खलील अहमद | 4-1-18-1 | | |
| इशांत शर्मा | 2-0-8-2 | | |
| मुकेश कुमार | 2.3-0-14-3 | | |
| कुलदीप यादव | 4-0-16-0 | | |
| ट्रिस्टन स्टब्स | 1-0-11-2 | | |
| अक्षर पटेल | 4-0-17-1 | | |

| दिल्ली कैपिटल्स : | 92/4 (8.5 ओवर) | | |
|---|---|---|---|
| बल्लेबाज | रन | गेंद | 4/6 |
| पृथ्वी क. जॉनसन ब. संदीप | 07 | 06 | 1/0 |
| फ्रेजर क. मनोहर ब. जॉनसन | 20 | 10 | 2/0 |
| पोरेल ब. संदीप | 15 | 07 | 2/1 |
| होप क. शर्मा ब. राशिद | 19 | 10 | 1/2 |
| ऋषभ पंत नॉटआउट | 16 | 11 | 1/1 |
| सुमित नॉटआउट | 09 | 09 | 2/0 |
| अतिरिक्त | 06 | | |
| विकेट पतन : 1/25, 2/31, 3/65, 4/67. | | | |
| गेंदबाजी : संदीप वारियर | 3-0-40-2 | | |
| स्पेंसर जॉनसन | 2-0-22-1 | | |
| राशिद खान | 2-0-12-1 | | |
| नूर अहमद | 1.5-0-14-0 | | |






### अंक तालिका

| टीम | मैच | जीते | हारे | रद्द | रन रेट | अंक |
|---|---|---|---|---|---|---|
| राजस्थान | 07 | 06 | 01 | 00 | +0.677 | 12 |
| कोलकाता | 06 | 04 | 02 | 00 | +1.399 | 08 |
| चेन्नई | 06 | 04 | 02 | 00 | +0.726 | 08 |
| हैदराबाद | 06 | 04 | 02 | 00 | +0.502 | 08 |
| लखनऊ | 06 | 03 | 03 | 00 | +0.038 | 06 |
| दिल्ली | 07 | 03 | 04 | 00 | -0.074 | 06 |
| गुजरात | 07 | 03 | 04 | 00 | -1.303 | 06 |
| पंजाब | 06 | 02 | 04 | 00 | -0.218 | 04 |
| मुंबई | 06 | 02 | 04 | 00 | -0.234 | 04 |
| बेंगलुरु | 07 | 01 | 06 | 00 | -1.185 | 02 |

### ऑरेंज कैप

| | |
|---|---|
| कोहली (बेंगलुरु) | 361 |
| रियान (राजस्थान) | 318 |
| सुनील (कोलकाता) | 276 |

### पर्पल कैप

| | |
|---|---|
| चाहल (राजस्थान) | 12 |
| बुमराह (मुंबई) | 10 |
| मुस्तफिजुर (चेन्नई) | 10 |

## आईपीएल 30s

### 'खिलाड़ियों को इलीट एथलीट होना चाहिए'



**कोलकाता।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व ऑलराउंडर टॉम मूडी ने राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर के कोलकाता के खिलाफ मैच में दूसरा शतक जड़ने के बाद कहा कि उनका शतक पेशेवर क्रिकेटरों के लिए भी विशिष्ट एथलीट बनने की जरूरत को उजागर करता है। बटलर (60 गेंद, नाबाद 107 रन) तेजी से बढ़ती रन गति के दबाव के बावजूद अंत तक डटे रहे और अंतिम गेंद पर रॉयल्स को जीत दिलाई। मूडी ने कहा, यह दिखाता है कि आज क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में आपको इलीट एथलीट होने की आवश्यकता है। वह बीमारी से वापसी करने में सफल रहा क्योंकि वह मानसिक और शारीरिक रूप से मजबूत है।

### धीमी ओवर गति में अय्यर पर 12 लाख का जुर्माना

**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के कप्तान श्रेयस अय्यर पर यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ आईपीएल मैच के दौरान धीमी ओवर गति के लिए 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। आईपीएल ने विज्ञप्ति में कहा, आईपीएल की न्यूनतम ओवर गति से संबंधित आचार संहिता के तहत यह उनकी टीम का सत्र का पहला अपराध था इसलिए अय्यर पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया। मैच में राजस्थान के जोस बटलर ने आखिरी गेंद पर जीत दिलाई। इस जीत से टीम अंकतालिका में शीर्ष पर बरकरार है।

### कोहली, धौनी जैसे भरोसा बरकरार रखा : बटलर

**कोलकाता।** राजस्थान रॉयल्स के जोस बटलर ने विराट कोहली तथा महेंद्र सिंह धौनी जैसे खिलाड़ियों से प्रेरणा लेकर खुद पर भरोसा रखा और कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ अकेले दम पर टूर्नामेंट के इतिहास का सबसे बड़ा लक्ष्य हासिल करने में टीम की मदद की। बटलर को पारी के अंत में चलने में भी दिक्कत हो रही थी लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। बटलर ने मैच के बाद कहा, विश्वास कायम रखना, यही इस सफलता की असली कुंजी है। मैं लय के लिए थोड़ा संघर्ष कर रहा था। कभी-कभी आप निराश महसूस करते हैं या आप खुद से सवाल कर रहे होते हैं। मैं खुद से कहता हूं कि यह ठीक है, आगे बढ़ते रहो, आप अपनी लय वापस पा लेंगे और शांत बने रहने की कोशिश करो।

## भारतीय नौकाचालक पेरिस का टिकट कटाने उतरेंगे

**टोक्यो, एजेंसी।** भारतीय नौका चालक छह अलग-अलग स्पर्धाओं में ओलंपिक कोटा लेने के लिए यहां होने वाले एशियाई कैनो स्प्रिंट ओलंपिक क्वालीफायर में गुरुवार को स्पर्धा करेंगे। इसमें भारत 13 एथलीटों को मैदान में उतारेगा। हालांकि, उनमें से 10 ओलंपिक कोटा के लिए दावेदार होंगे क्योंकि शेष तीन गैर-ओलंपिक श्रेणियों में प्रतिस्पर्धा करेंगे और उन्हें केवल पदक मिलेगा। एशियाई खेलों के कांस्य विजेता अर्जुन सिंह/सुनील सिंह टोक्यो में पदक और पेरिस 2024 कोटा के लिए भारत दल की अगुआई करेंगे। वरिंदर सिंह (पुरुष के1-1000 मीटर), रम्सिन मैरेम्बम/हर्षवर्धन सिंह (पुरुष के2-500 मीटर), ज्ञानेश्वर सिंह (पुरुष सी1-1000 मीटर), पार्वती गीता/सोनिया देवी (महिला के2-500 मीटर) और नेहा देवी लीचोनबाम/कावेरी (महिला सी2-500 मीटर) दल के अन्य प्रतियोगी हैं।

## भांबरी और अल्बानो क्वार्टर फाइनल में

**म्यूनिख।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी युकी भांबरी ने फ्रांस के जोड़ीदार अल्बानो ओलिवेटी के साथ बुधवार को बवेरियन टेनिस चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।

भांबरी-अल्बानो ने बेल्जियम के सैंडर और जोरान व्लिगेन की जोड़ी को 4-6, 7-6, 10-6 से हराया। भांबरी-अल्बानो ने पहले सेट गंवाने के बाद जबरदस्त वापसी की और प्रतिद्वंद्वी जोड़ी को कोई मौका नहीं दिया। अब उनका सामना अमेरिका के इवान किंग और रॉबर्ट गैलोवे की जोड़ी से होगा।

## छक्के छुड़ा रहे बल्लेबाज

आईपीएल में छक्कों की खूब बरसात हो रही है। मंगलवार तक हुए 31 मैचों में रिकॉर्ड 546 छक्के लग चुके हैं। लीग के इतिहास में पहला मौका है जब 30 मैच तक ही पांच सौ का आंकड़ा पार हो चुका है। पिछले साल 31 मैच में 465 छक्के लगे थे। अभी 43 मुकाबले बाकी हैं। पिछले साल रिकॉर्ड 1124 छक्के लगे थे अगर यही तेजी रहती है तो इस बार 1300 का आंकड़ा पार हो सकता है।

### अंतिम ओवरों में रिकॉर्ड स्ट्राइक रेट

डेथ ओवर (17-20 ओवर) में इस बार बल्लेबाजों की संयुक्त स्ट्राइकर रेट 182.06 की है जो रिकॉर्ड है। इससे पहले 2022 में 168.61 की स्ट्राइक रेट से रन बने थे।

### बाउंड्री से 400 रन

हैदराबाद (287/3) और बेंगलुरु (262/7) मैच में कुल 549 रन बने जो टी-20 क्रिकेट इतिहास के एक मैच के सर्वाधिक रन थे। इसमें 400 रन (38 छक्के, 43 चौके) बाउंड्री से बने जो रिकॉर्ड है। पिछले साल सेंचुरियन में विंडीज व द.अफ्रीका मैच में बाउंड्री से 394 रन बने थे। हालांकि कुल 81 बाउंड्री लगी पर 46 चौके व 35 छक्के लगे थे।



**77** सर्वाधिक छक्के अब तक सनराइजर्स हैदराबाद के बल्लेबाज छह मैचों में जड़ चुके हैं

**145** सर्वाधिक छक्के एक सत्र में जड़ने का रिकॉर्ड चेन्नई के नाम है जिसने 2018 में 16 मैचों में ऐसा किया था

**938** चौके अब तक लीग के मौजूदा सत्र में लग चुके हैं

**6** शतक और 51 अर्धशतक अब तक इस सत्र में बल्लेबाजों के बल्ले से निकले हैं

**24** छक्कों के साथ मौजूदा सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिच क्लासेन शीर्ष पर हैं

### 22 सर्वाधिक छक्के

बेंगलुरु ने हैदराबाद के खिलाफ 22 छक्के लगा पारी में सर्वाधिक छक्कों का रिकॉर्ड बनाया। उसने 2013 में 21 छक्के जड़े थे

### एक मैच में पहली 60 गेंदों में सर्वाधिक स्कोर बनाने का कीर्तिमान

हैदराबाद ने मुंबई के खिलाफ 27 मार्च को शुरुआती दस ओवर में 148 रन बनाए जो एक पारी में पहली 60 गेंदों में रिकॉर्ड है। लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई ने भी दस ओवर में 141 रन बनाए। वहीं कोलकाता ने तीन अप्रैल को दिल्ली के खिलाफ पहली 60 गेंदों में 135 रन बनाए। यानी शुरुआती दस ओवर में तीन सर्वाधिक स्कोर इसी सत्र में बने। इससे पहले मुंबई इंडियंस ने 2021 में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 131 रन बनाए थे।

## गुकेश और प्रज्ञाननंदा के पास मौका

**कैंडिडेट्स चेस**



**06** अंक के साथ भारत के डी. गुकेश और रूस के नेपोमनियाच्ची संयुक्त शीर्ष पर हैं

■ टूर्नामेंट में अभी चार दौर के मुकाबले बाकी हैं, प्रज्ञाननंदा तीसरे स्थान पर मौजूद हैं

**टोरंटो, एजेंसी।** कैंडिडेट्स शतरंज टूर्नामेंट अब अंतिम चरण में पहुंच गया है। चार दौर का खेल बाकी है और भारत के किशोर खिलाड़ियों 17 साल के गुकेश और 18 साल के प्रज्ञाननंदा के पास खिताब जीतने का मौका है।

**फैबियानो से भिड़ेंगे गुकेश :** रूस के इयान नेपोमनियाच्ची के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर चल रहे भारत के डी. गुकेश 11वें दौर में जब यहां अमेरिका के शीर्ष वरीय फैबियानो कारुआना से भिड़ेंगे तो उनकी नजरें इस मुकाबले को जीतकर शीर्ष पर स्थिति मजबूत करने पर टिकी होंगी। आर. प्रज्ञाननंदा का मुकाबला अमेरिका के हिकारू नाकामुरा से होगा।

**नेपोमनियाच्ची अभी अजेय :** फिडे के ध्वज तले खेल रहे रूस के नेपोमनियाच्ची टूर्नामेंट में एकमात्र अजेय खिलाड़ी हैं लेकिन उन्हें अगले दो दौर में कड़े प्रतिद्वंद्वियों से निपटना है। अगले दौर में विदित और नेपामनियाची आमने-सामने होंगे, फिर उन्हें प्रज्ञाननंदा से भिड़ना है। ये दो मैच टूर्नामेंट की दिशा तय करेंगे और अगली विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर का फैसला करने के लिए अहम होंगे।

## खेल 30s

### डि मिनॉर ने नडाल को दूसरे दौर में बाहर किया


बार्सिलोना में बुधवार को राफेल नडाल को शॉट रिटर्न करते एलेक्स डि मिनॉर।

**बार्सिलोना।** स्पेन के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल की चोट के बाद ोर्ट पर वापसी निराशानजक रही। बुधवार को बार्सिलोना ओपन के दूसरे दौर में वह एलेक्स डि मिनॉर के खिलाफ 5-7, 1-6 से हार गए। 22 बार के ग्रैंड स्लैम खिताब विजेता ने तीन महीने तक मैदान से बाहर रहने के बाद इस सप्ताह कोर्ट पर वापसी करते हुए अच्छा संघर्ष किया लेकिन अंतत: दुनिया के 11वें नंबर के ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी से हारकर बाहर हो गए। 37 वर्षीय नडाल 2023 में टूर्नामेंट में हिस्सा नहीं ले सके थे। वह मई में फ्रेंच ओपन में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद कर रहे हैं जहां वह रिकॉर्ड14 बार के चैंपियन हैं।

### पलक, सुरभि आज ओलंपिक ट्रायल्स में उतरेंगी

**नई दिल्ली।** पेरिस कोटा जीतने वाली युवा निशानेबाज पलक गुलिया को गुरुवार से कर्णी सिंह स्टेडियम में होने वाले ओलंपिक ट्रायल्स के लिए पांच महिला 10 मीटर एयर पिस्टल निशानेबाजों में शामिल किया गया है। पलक ने रियो में कांस्य के साथ देश के लिए 20वां ओलंपिक कोटा हासिल किया था। वह एशियाई खेलों की पदक विजेता इशा सिंह, ओलंपियन मनु भाकर, 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में 2023 विश्व चैंपियनशिप की स्वर्ण विजेता रिद्म सांगवान और सुरभि राव के साथ यहां और भोपाल में ट्रायल्स की सीरीज में पेरिस टिकट के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगी।

### टेबल टेनिस : मनिका और श्रीजा दूसरे दौर में हारीं

**मकाऊ।** भारत की अनुभवी टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला बुधवार को विश्व कप के दूसरे चरण में चीनी खिलाड़ियों से हारकर बाहर हो गईं। चीन की वांग मन्यु और गत चैंपियन चेन मेंग के खिलाफ दूसरे दौर के ग्रुप चरण में हारकर बाहर हो गईं। मनिका को दुनिया की नंबर दो खिलाड़ी वांग मन्यु से एकतरफा मुकाबले में 0-4 से मात मिली। दुनिया की 39वें नंबर की खिलाड़ी श्रीजा को ओलंपिक चैंपियन चेन मेंग के हाथों 1-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा। वह ग्रुप चार में मेंग के बाद दूसरे स्थान पर रहीं।

### सोशल मीडिया से





टेनिस की दिग्गज खिलाड़ी जापान की नाओमी ओसाका को कैपफिनेंसेज ओपन में बुधवार को पहले दौर में ही हार का सामना करना पड़ा। उन्हें मार्टिना ट्रेविसान ने लगातार सेट में हरा दिया। इसके बाद उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर भी संदेश दिया, नाओमी के खिलाफ खेलना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। वह महान खिलाड़ी हैं। वह कोर्ट के अंदर और बाहर भी बहुत लाजवाब मेहनत करती हैं। मैं जीतने की कोशिश के लिए आई थी। मैंने वास्तव में लगातार अच्छा खेली।

**टी-20 विश्व कप** | अमेरिका और वेस्टइंडीज में एक जून से शुरू होगा टूर्नामेंट, चयन समिति युवाओं की अपेक्षा अनुभवी खिलाड़ियों को दे सकती है तरजीह

# भारतीय टीम में नए चेहरों को जगह मिलने की संभावना नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी-20 विश्व कप अब बस करीब डेढ़ महीना रह गया है। इसके लिए इस महीने के अंत तक जब भारतीय टीम को अंतिम रूप दिया जाएगा तो इसमें आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन करने वाले किसी नए खिलाड़ी को चुने जाने की संभावना नहीं है। इसके बजाए अनुभवी धुरंधरों पर ही भरोसा किया जा सकता है।

**टीमें एक मई तक चुननी होंगी :** आईसीसी ने अस्थायी 15 सदस्यीय टीम घोषित करने के लिए एक मई की तारीख तय की है। बीसीसीआई के सूत्र ने कहा, इसके लिए कोई प्रयोग या फिर मैदान के प्रदर्शन से चयन नहीं होगा। भारत के लिए जो खिलाड़ी खेलते हैं और जिन्होंने टी-20 अंतरराष्ट्रीय तथा आईपीएल में निरंतर अच्छा प्रदर्शन किया है, उन्हें चुना जाएगा। इससे साफ लगता है कि शुभमान गिल और यशस्वी जायसवाल में से कोई एक टीम में जगह बनाने से चूक सकता है लेकिन अगर अंतिम एकादश में दोनों को चुना जाता है तो फिर दो फिनिशर रिंकू सिंह और शिवम दुबे में से किसी एक को ही जगह मिल सकती है।

**विकेटकीपर पर पसोपेश :** दूसरे विकेटकीपर के स्थान के लिए भी फैसला करीबी हो सकता है जिसमें संजू सैमसन को जितेश शर्मा, केएल राहुल और ईशान किशन से प्रतिस्पर्धा मिलेगी। राहुल और किशन शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करते हैं और इस आईपीएल में दोनों ने अभी तक मध्यक्रम में बल्लेबाजी का प्रयास नहीं किया है जिससे चयनकर्ताओं के लिए निचले क्रम में उनके प्रदर्शन का विश्लेषण करना मुश्किल होगा।

**इनका चयन लगभग तय :** कप्तान रोहित शर्मा, सूर्यकुमार, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, ऋषभ पंत, अर्शदीप सिंह, मोहम्मद सिराज और कुलदीप यादव का चयन निश्चित है। ये 10 खिलाड़ी अगर फिट हैं तो निश्चित रूप अमेरिका की उड़ान भरेंगे। बेंगलुरु ने सिराज को आराम दिया है क्योंकि वह लगातार खेल रहे हैं और उनके कार्यभार प्रबंधन की जरूरत है।

दूसरी ओर, गिल और जायसवाल में से गुजरात के कप्तान ने ज्यादा रन जुटाए हैं। पर चयन समिति आईपीएल में कम स्कोर को देखते हुए जायसवाल की अनदेखी नहीं कर सकती। साथ ही वह शीर्ष चार में एकमात्र बाएं हाथ के बल्लेबाज हैं। पर अगर गिल लगातार रन बनाते हैं तो चीजें मुश्किल हो जाएंगी।

### संभावित 20 खिलाड़ी

(15+5 स्टैंड बाई)

**विशेषज्ञ बल्लेबाज (6) :** रोहित शर्मा, यशस्वी जायसवाल, शुभमान गिल, विराट कोहली, सूर्यकुमार यादव, रिंकू सिंह

**ऑलराउंडर (4) :** हार्दिक पांड्या, रवींद्र जडेजा, शिवम दुबे, अक्षर पटेल

**विशेषज्ञ स्पिनर (3) :** कुलदीप यादव, युज्वेंद्रा चाहल, रवि बिश्नोई

**विकेटकीपर बल्लेबाज (3) :** ऋषभ पंत, केएल राहुल और संजू सैमसन

**तेज गेंदबाज (4) :** जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, अर्शदीप सिंह और आवेश खान



### फिरकी की फांस

रिजर्व स्पिनर के स्थान के लिए तीन क्रिकेटरों में प्रतिद्वंद्विता होगी जिनमें अक्षर पटेल, युज्वेंद्रा चाहल और रवि बिश्नोई शामिल हैं। अक्षर जहां बाएं हाथ के हैं तो उपयोगी बल्लेबाज भी हैं। चाहल ने नौ साल के करियर में एक भी विश्व कप नहीं खेला है, लेकिन वह गेंदबाजी कौशल में अन्य दोनों से आगे हैं। लेकिन बार-बार महत्वपूर्ण टीम से उन्हें बाहर किया जाना उनके चयन पर बड़ा सवाल खड़ा करता है।

वायु सेवा शुल्क : मुम्बई एवं अहमदाबाद-₹ 10.00
मुद्रक तथा प्रकाशक राजीव बेओतरा द्वारा हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के पक्ष में एच टी मीडिया लिमिटेड प्रेस, प्लॉट नं.-8, उद्योग विहार, ग्रेटर नोएडा, जिला : गौतमबुद्ध नगर (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 18-20, कस्तूरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली-110001 से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : शशि शेखर प्रबंध संपादक : प्रताप सोमवंशी* दूरभाष : (011) 23361234, सम्पादकीय (011) 66561364, 66561263, प्रसार : (011) 66561111, विज्ञापन (011) 66561442, 66561189, फैक्स : (011) 66561451, 66561270 आर.एन.आई. नं. 509/57
*संपादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।




दुबई हवाई अड्डे और तमाम सड़कें जलमग्न होने से जनजीवन प्रभावित, कृत्रिम बारिश वाली 'क्लाउड सीडिंग' को माना जा रहा वजह

# बेहिसाब बारिश से दुबई की सड़कें दरिया बनीं

**आपदा**

**दुबई, एजेंसी।** रेगिस्तानी देश संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में मंगलवार देर शाम और बुधवार को रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई, जिससे अधिकतर क्षेत्रों में लोगों को भारी जलभराव का सामना करना पड़ा। यहां की सड़कें दरिया बन गईं, वाहन डूब गए।

**वजह क्लाउड सीडिंग तो नहीं:** पूरे संयुक्त अरब अमीरात में तेज बारिश देखी गई। माना जा रहा है कि क्लाउड सीडिंग भारी बारिश का कारण बनी क्योंकि सरकार ने कृत्रिम बारिश के प्रयास के तहत छह-सात विमानों ने उड़ान भरी थी। यूएई भूजल स्तर को बढ़ाने के लिए क्लाउड सीडिंग का सहारा लेता है। भारी बारिश के चलते दुबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में बाढ़ जैसे हालात बन गए।

**रिकॉर्ड बारिश :** सोमवार देर रात से मंगलवार तक 24 घंटों में 142 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। 1949 से दर्ज किए जा रहे आंकड़ों में यह सर्वाधिक बारिश है। मंगलवार को स्थानीय समयानुसार सुबह नौ बजे के आसपास तेज आंधी आई और फिर ये पूरे दिन जारी रही।

इसके साथ ही भारी बारिश और ओलावृष्टि हुई, जिससे आम जनजीवन प्रभावित हुआ। बारिश ने दुबई में बाढ़ जैसे हालात बना दिए। हवाई अड्डे पर स्थिति बेहद खराब है। विमान सेवाएं प्रभावित होने के साथ एयरपोर्ट जाने वाली सड़कों पर भी पानी भर गया है।

सरकारी समाचार एजेंसी के मुताबिक, मंगलवार को हुई बारिश एक ऐतिहासिक मौसमी घटना है, जो 1949 में डेटा संग्रह की शुरुआत के बाद से दर्ज की गई सबसे अधिक वर्षा है। पानी घरों और भूमिगत कार पार्कों में घुस गया, कुछ इमारतों में बिजली नहीं रही सड़कों पर बाढ़ जैसे हालात थे। करीब दो तीन फुट तक पानी सड़कों पर भरा हुआ था। कई स्थानों पर भारी ओलावृष्टि भी हुई।

**142** मिलीमीटर रिकॉर्ड बारिश दर्ज की गई 24 घंटे के दौरान

**75** वर्षों में रिकॉर्ड आंकड़ों में यह संयुक्त अरब अमीरात से सर्वाधिक बारिश

### दुबई जाने वाली आधा दर्जन से ज्यादा उड़ानें रद्द

नई दिल्ली,प्रसं। दिल्ली एयरपोर्ट से दुबई के लिए मंगलवार से बुधवार शाम तक आधा दर्जन से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। जबकि लगभग आधा दर्जन विमानों ने देरी से उड़ान भरी। अधिकांश विमान यात्रियों को इसकी सूचना एयरलाइंस की तरफ से दे दी गई थी। देरी से उड़ान भरने वाले यात्री एयरपोर्ट पर कई घंटे फंसे रहे।

### यूएई के कई मेट्रो स्टेशन में भी भरा पानी

यूएई के कई मेट्रो स्टेशनों में भारी जलजमाव हो गया, जिसके चलते मेट्रो सेवाएं भी ठप रहीं। सार्वजनिक परिवहन के ठप होने से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। खराब मौसम के कारण स्कूलों की छुट्टी कर दी गई। सैकड़ों घरों में पानी घुस गया। उधर, बहरीन कतर व सऊदी अरब में भी बारिश हुई है।

**दो दिन में डेढ़ साल के बराबर बारिश**

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में बीते दो दिनों में डेढ़ साल के बराबर बारिश हो चुकी है। मंगलवार देर रात तूफान भी आया। वहीं पड़ोसी देश ओमान में भी बाढ़ बारिश से मरने वालों की संख्या 18 हो गई है।

### जलभराव से सड़कों पर सैकड़ों वाहन फंसे

यूएई में बारिश और सड़कों पर जलभराव के कारण सैकड़ों वाहन पानी में फंस गए। दुबई एयरपोर्ट की ओर जाने वाला मार्ग पानी भर जाने से बंद हो गया। ऐसा ही हाल यूएई की अन्य सड़कों पर भी था। यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई।

### पाकिस्तान में बारिश से अब तक 63 की मौत

पेशावर। पाकिस्तान में बिजली गिरने और भारी बारिश की वजह से 14 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों के मुताबिक, इसके साथ ही पिछले चार दिनों से जारी बेहद खराब मौसम के कारण कम से कम 63 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। मृतकों में 15 बच्चे शामिल हैं।



दुबई में मंगलवार रात हुई भारी बारिश के चलते दुबई इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जाने वाली सड़कें जलमग्न हो गईं। • एएफपी

# जलवायु परिवर्तन से अर्थव्यवस्था पर चोट, घट सकती है 19 फीसदी आय

**नई दिल्ली, विशेष संवाददाता।** जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के चलते 2050 तक वैश्विक आय में 19 फीसदी तक की कमी हो सकती है। नेचर की एक जाता रिपोर्ट में यह दावा किया गया है। भारत के संदर्भ में कहा गया है कि यह कमी 22 फीसदी तक की हो सकती है।

रिपोर्ट के अनुसार, वायुमंडल में पहले से मौजूद ग्रीनहाउस गैसों और सामाजिक-आर्थिक जड़ता के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था औसतन 19 प्रतिशत आय में कमी की ओर अग्रसर है। इस कमी का असर लगभग सभी देशों में देखने को मिलेगा। भारत की बात करें, तो यह आंकड़ा 22 प्रतिशत हो जाता है, जो कि वैश्विक औसत से 3 प्रतिशत अधिक है। अगर कार्बन उत्सर्जन में आज से ही भारी कटौती कर ली जाए, तब भी जलवायु परिवर्तन के कारण 2050 तक वैश्विक अर्थव्यवस्था में 19 प्रतिशत की आय में कमी आना तय है।

जर्मनी के पॉट्सडैम इंस्टीट्यूट फॉर क्लाइमेट इम्पैक्ट रिसर्च (पीआईके) के वैज्ञानिकों ने पिछले 40 वर्षों के दौरान दुनिया भर के 1600 से अधिक क्षेत्रों के आंकड़ों का अध्ययन कर जलवायु परिवर्तन के आर्थिक विकास पर प्रभावों का आकलन किया है।

अध्ययन के मुख्य लेखक मैक्सिमिलियन कोट्ज का कहना है कि अधिकांश क्षेत्रों, जिनमें उत्तरी अमेरिका और यूरोप भी शामिल हैं, में आय में भारी कमी आने का अनुमान है। दक्षिण एशिया और अफ्रीका सबसे अधिक प्रभावित होंगे। वैश्विक वार्षिक नुकसान का अनुमान 2050 तक 38 खरब डॉलर है, जिसकी संभावित सीमा 19 से 59 खरब डॉलर के बीच मानी जा रही है। पहले से गर्म उष्णकटिबंधीय क्षेत्रों के देश सर्वाधिक प्रभावित होंगे।

### जलवायु की रक्षा करना ज्यादा फायदेमंद

अध्ययन से जुड़े वैज्ञानिक लियोनी वेंज का कहना है कि हमारा विश्लेषण बताता है कि जलवायु परिवर्तन अगले 25 वर्षों में दुनिया भर के लगभग सभी देशों में भारी आर्थिक नुकसान करेगा, इसमें जर्मनी, फ्रांस और संयुक्त राज्य अमेरिका जैसे विकसित देश भी शामिल हैं। अगर हम इनमें से कुछ को भी कम करना चाहते हैं, तो हमें अनुकूलन के लिए अधिक प्रयासों की आवश्यकता होगी। साथ ही हमें तुरंत और भारी मात्रा में अपने एमिशन में कटौती करनी होगी। अन्यथा यह नुकसान वैश्विक औसत पर 2100 तक 60% तक हो सकता है।

## विदेश 30s

### पाकिस्तान में 'एक्स' पर प्रतिबंध हटेगा

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर फरवरी में ही प्रतिबंध लगा दिया था। बुधवार को सरकार ने इसकी अधिकारिक पुष्टि की। सरकार ने सिंध हाईकोर्ट में दिए हलफनामे में कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा चिंताओं और इस प्लेटफॉर्म के गलत दुरुपयोग के कारण इसपर प्रतिबंध लगाना जरूरी हो गया था। हालांकि पाकिस्तान के सिंध हाई कोर्ट ने सरकार को एक्स पर लगे प्रतिबंध को एक हफ्ते के अंदर हटाने के निर्देश दिए हैं।

### नवाज शरीफ की पार्टी के दो सांसद अयोग्य

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व पीएम नवाज शरीफ की पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएलएन) पार्टी को लाहौर हाईकोर्ट से झटका लगा है। अदालत ने दो सांसदों की जीत की अधिसूचना को रद्द कर दिया है। कोर्ट के इस फैसले से पीएमएलएन ने दो सांसद गंवा दिए हैं। लाहौर हाईकोर्ट के न्यायाधीश शाहिद करीम ने अजहर कय्यूम नाहरा के खिलाफ एक आदेश पारित किया। यह फैसला इमरान खान की पार्टी समर्थित प्रत्याशी की अर्जी पर दिया है।

### दक्षिणी जापान में भूकंप के तेज झटके

**टोक्यो।** दक्षिणी जापान में बुधवार रात भूकंप के झटके महसूस किए गए। जापान मौसम विज्ञान एजेंसी के अनुसार, भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.4 रही। भूकंप का केंद्र बुंगो चैनल था, जो जापानी द्वीपों क्यूशू और शिकोकू को अलग करने वाली जलडमरूमध्य है। एजेंसी के मुताबिक, 6 की तीव्रता वाले भूकंप से एहिमे और कोच्चि प्रान्त प्रभावित हुए। स्थानीय मीडिया ने कहा कि कुछ पानी के पाइप फट गए, लेकिन कोई बड़ी क्षति की सूचना नहीं है।

### जापान में दी गई भालुओं को मारने की अनुमति

**टोक्यो।** जापान सरकार ने देश में काले भालुओं को छोड़कर लोगों की जान के लिए खतरा बने अन्य भालुओं को मारने की अनुमति दे दी है। पर्यावरण मंत्रालय के मुताबिक वित्तीय वर्ष 2023 से मार्च के दौरान 19 प्रांतों में भालू के हमलों का शिकार हुए 219 लोगों में से छह की मौत हो गई। मंत्रालय ने घोषणा की है कि कि नामित प्रबंधन वन्यजीव की सूची में पश्चिम जापान के शिकोकु में विचरण करने वाले काले भालुओं को जोड़ा जाएगा।

### अमिताभ को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार



**मुंबई।** बॉलीवुड के महनायक अमिताभ बच्चन को लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। मंगेशकर परिवार ने लता मंगेशकर की याद में वर्ष 2022 में लता दीनानाथ मंगेशकर पुरस्कार की शुरुआत की थी। मंगेशकर परिवार ने प्रतिष्ठित पुरस्कार की मंगलवार को घोषणा की।

### 'कान्स' में फिल्म पहुंचना सम्मान की बात

**नई दिल्ली।** फिल्म निर्माता पायल कपाड़िया का कहना है कि यह बहुत सम्मान की बात है कि उनकी फिल्म 'ऑल वी इमेजिन एज लाइट' 2024 कान्स फिल्म फेस्टिवल के प्रतियोगिता खंड का हिस्सा है। 'ऑल वी इमेजिन ऐज लाइट' 30 वर्षों में पहली भारतीय फिल्म है और किसी भारतीय महिला निर्देशक की पहली फिल्म है जिसे प्रतिष्ठित समारोह के मुख्य खंड के तहत प्रदर्शित किया गया है। यहां प्रदर्शित होने वाली आखिरी भारतीय फिल्म 1994 में 'स्वाहम' थी।

# बेंजामिन नेतन्याहू ने दिए जवाबी हमले के संकेत



तेहरान में बुधवार को ईरान की सेना ने सैन्य दिवस परेड का आयोजन किया। • एपी

**इजरायल-ईरान में तनाव**

**यरुशलम, एजेंसी।** इजरायली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ईरान पर जवाबी कार्रवाई के संकेत दिए। इजरायल पहुंचे ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड कैमरन, जर्मन समकक्ष एनालेना बेयरबॉक से मुलाकात की। उन्होंने कहा, हमें अपनी रक्षा करने का पूरा अधिकार है। नेतन्याहू ने दोनों देशों का समर्थन के लिए धन्यवाद भी दिया।

मुलाकात के दौरान जर्मन विदेश मंत्री बेयरबॉक ने कहा, मध्य-पूर्व को ऐसी स्थिति में जाने की अनुमति नहीं दी जा सकती, जिसके परिणाम पूरी तरह अप्रत्याशित हो। जी-7 देशों की बैठक में ईरान पर प्रतिबंधों पर चर्चा किए जाने की उम्मीद है।

### छोटी गलती का बड़ा जवाब देंगे : ईरान

तेहरान। ईरान में सेना दिवस के मौके पर राष्ट्रपति इब्राहिम रायसी ने बुधवार को इजरायल को सीधी चेतावनी दी। उन्होंने कहा, पूर्व में किया गया हमला सीमित था। अगर दुश्मन छोटी गलती करता है तो उसका बड़ा जवाब दिया जाएगा।

### दोनों देशों में किसकी सेना ज्यादा मजबूत

| | ईरान | इजरायल |
|---|---|---|
| रैंकिंग | 14वीं | 17वीं |
| सैनिक | 11.80 लाख | 6.7 लाख |
| टैंक | 1,996 | 1,370 |
| युद्धक विमान | 551 | 612 |
| लड़ाकू विमान | 186 | 241 |
| पनडुब्बियां | 19 | 5 |

# म्यांमार में सू की अब घर पर नजरबंद

**बैंकॉक, एजेंसी।** म्यांमार की सैन्य सरकार ने बुधवार को कहा कि अपदस्थ नेता आंग सान सू ची को भीषण लू के बीच स्वास्थ्य संबंधी कारणों से जेल से स्थानांतरित करके घर में नजरबंदी में रखा गया है।

सैन्य सरकार ने पारंपरिक नववर्ष के दौरान तीन हजार से अधिक कैदियों को माफी दी है। सेना के प्रवक्ता मेजर जनरल जनरल जॉ मिन तुन ने मंगलवार देर रात विदेशी मीडिया के प्रतिनिधियों को बताया कि सू की (78 वर्ष) और उनकी सरकार में राष्ट्रपति रहे विन मिंट (72 वर्ष) उन बुजुर्ग कैदियों में शामिल हैं, जिन्हें तेज गर्मी के कारण घर में नजरबंदी में रखा गया है।

# भारत और पाकिस्तान के बीच नहीं पड़ेगा अमेरिका

- चुनाव प्रचार के दौरान नरेंद्र मोदी और राजनाथ सिंह ने 'घर में घुसकर' मारने की बात कही थी

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका ने आतंकियों को मारने के लिए सीमा पार करने संबंधी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के कथित बयानों पर मंगलवार को कहा कि हम इस मसले के बीच में नहीं पड़ेंगे। हालांकि, अमेरिका ने भारत और पाकिस्तान को तनाव बढ़ाने से बचने और बातचीत के माध्यम से समाधान तलाशने का अनुरोध किया है।

अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर से आतंकियों के सफाए के लिए अन्य देशों में भारत के कथित अभियानों के बारे में प्रश्न पूछा गया। पत्रकारों द्वारा यह पूछे जाने पर कि क्या नरेंद्र मोदी और राजनाथ सिंह की 'घर में घुसकर मारने' वाली टिप्पणियों को कनाडा में खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की कथित हत्या, घोषित आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की न्यूयॉर्क में हत्या की साजिश और पाक में हत्याओं के संदर्भ में 'इकबालिया बयान' के रूप में देखा जा सकता है।

# रूसी मिसाइल हमले में 17 की मौत

**रूस-यूक्रेन युद्ध**

- संवेदनशील इलाकों में तलाशी अभियान चलाया
- चुराचांदपुर से भारी मात्रा में गोला-बारूद बरामद

**कीव, एजेंसी।** रूस की तरफ से दागी गई तीन मिसाइलें बुधवार को उत्तरी यूक्रेन के चेर्निहाइव में आठ मंजिला इमारत पर गिरीं जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

शहर के कार्यवाहक मेयर एलेक्जेंडर लोमाको ने बताया कि सुबह हुए हमले में दर्जनभर से अधिक लोग घायल हो गए। चेर्निहाइव राजधानी कीव से लगभग 150 किलोमीटर उत्तर में, रूस और बेलारूस की सीमा के पास स्थित है और इसकी आबादी लगभग 2,50,000 है। पश्चिमी देशों द्वारा यूक्रेन को अतिरिक्त सैन्य साजो सामान मुहैया नहीं कराए जाने से रूस के खिलाफ युद्ध में उसकी स्थिति कमजोर पड़ती जा रही है। युद्ध के तीसरे वर्ष में प्रवेश करने के साथ रूस यूक्रेन में लगातार बढ़त बना रहा है। हालांकि, सर्दियों के महीनों के दौरान, रूस युद्ध के अग्रिम मोर्चे पर कोई प्रगति नहीं कर पाया। सैन्य विश्लेषकों का कहना है कि यूक्रेन में गोला-बारूद, सैनिकों और बख्तरबंद वाहनों की कमी से रूस धीरे-धीरे आगे बढ़ रहा है।

यूक्रेन के लिए एक विषम तथ्य वाशिंगटन में उस सहायता पैकेज की मंजूरी का रुकना है जिसमें यूक्रेन के लिए लगभग 60 अरब अमेरिकी डॉलर शामिल हैं। अमेरिकी प्रतिनिधि सभा के स्पीकर माइक जॉनसन ने रविवार को कहा कि वह इस सप्ताह पैकेज को आगे बढ़ाने का प्रयास करेंगे।

रूस के रक्षा मंत्रालय ने बुधवार को कहा कि मास्को से लगभग 350 किलोमीटर पूर्व में मोर्दोविया क्षेत्र में एक यूक्रेनी ड्रोन को मार गिराया गया।

# मारे गए नक्सलियों में 15 महिलाएं

**कांकेर, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सलियों में से नौ की पहचान कर ली गई है। इनमें 15 महिलाएं शामिल हैं।

बस्तर क्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने कहा, नक्सलियों से बड़ी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद किया गया है। सभी नक्सलियों के शवों का पोस्टमार्टम जारी है।

**नक्सलियों ने भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कर दीः** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित नारायणपुर जिले में मंगलवार देर रात नक्सलियों ने सत्ताधारी भाजपा के एक कार्यकर्ता की हत्या कर दी। पिछले एक साल में राज्य में नक्सलियों द्वारा किसी भाजपा नेता या सदस्य की यह नौवीं हत्या है।

फरसगांव थाना क्षेत्र के दंडवन गांव में गांव के उपसरपंच पंचमदास की हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने हमलावर नक्सलियों का पता लगाने के लिए इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया है। नारायणपुर जिला बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आता है जहां 19 अप्रैल को मतदान होगा।

### सरकार बातचीत को तैयार : उपमुख्यमंत्री

**रायपुर, एजेंसी।** कांकेर में 29 नक्सलियों के मारे जाने पर छत्तीसगढ़ के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बुधवार को कहा कि सरकार बातचीत (नक्सलियों के समूहों के साथ) के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि हम किसी भी कीमत पर बस्तर में शांति चाहते हैं। विजय शर्मा ने कहा, कांकेर में में मारे गए सभी कट्टर नक्सली थे।

# मालदीव में मुइज्जू की कुर्सी पर खतरा मंडराया

**माले, एजेंसी।** मालदीव में संसदीय चुनाव से ठीक पहले, राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू के 2018 से किए गए कथित भ्रष्टाचार की रिपोर्ट लीक होने के उनकी सीट पर खतरा पैदा हो गया है। विपक्षी दलों ने मामले की जांच और उन पर महाभियोग की मांग की है। हालांकि, मुइज्जू ने आरोप खारिज कर दिए।

मामला सोशल मीडिया पोस्ट से उठा। पोस्ट में मालदीव पुलिस सेवा और मालदीव मौद्रिक प्राधिकरण की वित्तीय खुफिया इकाई द्वारा तैयार किए गए दस्तावेजों सहित खुफिया रिपोर्ट लीक कर दी गई, जो कथित तौर पर राष्ट्रपति मुइज्जू से संबंधित है। स्थानीय मीडिया के अनुसार 2018 की इन रिपोर्ट में राष्ट्रपति मुइज्जू के निजी बैंक खाते में धन अंतरण में अनियमितताओं का दावा किया गया है। रिपोर्ट में राजनीति से जुड़े व्यक्तियों के साथ संलिप्तता, गबन, रकम के लेनदेन को छिपाने की बात कही गई है।

# न्यूयॉर्क के दफ्तर पर साइबर हमला

**अल्बानी (न्यूयॉर्क), एजेंसी।** न्यूयॉर्क राज्य विधानमंडल के बिल मसौदा कार्यालय पर बुधवार तड़के एक साइबर हमला हुआ।

अधिकारियों ने कहा कि हमले का दायरा तुरंत स्पष्ट नहीं है लेकिन बिल मसौदा तैयार करने की प्रणाली बुधवार सुबह से बंद है। अल्बानी में स्थित इस कार्यालय से राज्य कैपिटल में कानून निर्माताओं के लिए मसौदों का प्रकाशन होता है। यह हमला ऐसे समय में हुआ जब विधानमंडल अपने राज्य के बजट बिलों को अंतिम रूप देने में लगा है।

**टाइम सूची** | सत्य नडेला, जिगर शाह, प्रियंवदा नटराजन, अस्मा खान और रूस के विपक्षी नेता दिवंगत एलेक्सी नवलनी की पत्नी यूलिया को भी सूची में मिली जगह

# सौ सबसे प्रभावशाली लोगों में साक्षी-आलिया, बंगा और देव पटेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** टाइम पत्रिका ने बुधवार को वर्ष 2024 के 100 सबसे प्रभावशाली लोगों की सूची जारी कर दी। सूची में कई भारतीयों को जगह मिली, जिनमें ओलंपियन पहलवान साक्षी मलिक, अभिनेत्री आलिया भट्ट, माइक्रोसॉफ्ट के सीईओ सत्य नडेला, विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा और भारतीय-ब्रिटिश अभिनेता देव पटेल का नाम शामिल है।

सूची में अमेरिकी ऊर्जा विभाग के ऋण कार्यक्रम कार्यालय के निदेशक जिगर शाह, खगोल विज्ञान के प्रोफेसर और येल विश्वविद्यालय में भौतिकी के प्रोफेसर प्रियंवदा नटराजन भी शामिल हैं। भारतीय मूल की रेस्तरां मालकिन अस्मा खान के अलावा रूसी विपक्षी नेता एलेक्सी नवलनी की पत्नी यूलिया नवलनी को भी सूची में जगह मिली है।

**भविष्य को आकार दे रहे सत्य नडेला :** सत्य नडेला के बारे में टाइम ने कहा कि वह हमारे भविष्य को आकार देने में बेहद प्रभावशाली हैं। यह मानवता के लिए एक अच्छी बात है। ओपनएआई में माइक्रोसॉफ्ट के निवेश और मिस्ट्रल एआई के साथ साझेदारी एआई जगत में क्रांति ला सकती है। सत्य नडेला एआई को एक ऐसे उपकरण के रूप में देखते हैं जो इंसानों को सशक्त बनाएगा।

### साक्षी ने यौन शोषण पर आवाज उठाई

सक्षी मलिक को लेकर टाइम ने कहा, कुश्ती में भारत की एकमात्र महिला ओलंपिक पदक विजेता हैं। उन्हें भारतीय कुश्ती संघ के पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह द्वारा महिला पहलवानों के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ उनकी लड़ाई के लिए इस सूची में जगह दी गई है। साक्षी ने बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ प्रदर्शन का नेतृत्व किया था। साक्षी मलिक ने उनकी गिरफ्तारी की मांग की थी।



### आलिया भट्ट एक 'अद्भुत प्रतिभा'

निर्देशक, निर्माता और लेखक टॉम हार्पर ने आलिया भट्ट को एक 'अद्भुत प्रतिभा' बताया। उन्होंने आलिया भट्ट की प्रोफाइल में लिखा है कि वह न केवल दुनिया के शीर्ष अभिनेताओं में से एक हैं, बल्कि एक व्यवसायी और एक परोपकारी इंसान भी हैं। आलिया को उनकी फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन में निर्देशित करने वाले हार्पर ने कहा, एक अभिनेत्री के रूप में उनमें रचनात्मकता है, जो एक अंतरराष्ट्रीय फिल्मी सितारों में होनी चाहिए।



### ऑस्कर विजेता देव पटेल एक निडर अभिनेता

ऑस्कर विजेता अभिनेता डेनियल कालूया ने देव पटेल के लिए लिखा, जब भी वह स्क्रीन पर आते हैं तो उनकी मानवता साफ झलकती है। आपके पास उनके लिए समर्थन करने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचता है। देव पटेल ने अपने निर्देशन की शुरुआत मंकी मैन से की थी। वह एक निडर अभिनेता हैं।



### अजय बंगा का डिजिटल अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान

अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने अजय बंगा की प्रोफाइल तैयार की। उन्होंने लिखा है, विश्व बैंक में बदलाव के महत्वपूर्ण कार्यों के लिए अनोखे कौशल की जरूरत थी। विश्व बैंक का अध्यक्ष बनने के बाद अजय बंगा ने यह काम बड़ी आसानी से कर दिया। अजय बंगा ने डिजिटल अर्थव्यवस्था में बड़ा योगदान दिया है। उन्होंने गरीबी से मुक्त दुनिया बनाने के लिए नई दृष्टि दी है।

# तीन साल के लॉ डिग्री कोर्स के लिए शीर्ष कोर्ट में अर्जी

- अर्जी में कोर्स के लिए निर्देश देने क मांग, अभी एलएलबी कोर्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट में दायर जनहित याचिका (पीआईएल) दायर की गई है। याचिका में स्कूल (12वीं) के बाद 3 साल का लॉ डिग्री कोर्स करने का निर्देश देने की मांग की गई। वर्तमान समय में एलएलबी कोर्स, जिसमें स्टूडेंट 12वीं के बाद शामिल हो सकते हैं, उसकी अवधि 5 वर्ष है।

अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि एलएलबी कोर्स के लिए 5 साल की अवधि 'अनुचित और अतार्किक' है। अधिवक्ता द्वारा दायर याचिका में केंद्र और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को 12वीं कक्षा के बाद बैचलर ऑफ लॉ कोर्स जैसे बीएससी, बीकॉम और बीए 3 वर्षीय कोर्स शुरू करने की व्यवहार्यता का पता लगाने को विशेषज्ञ समिति बनाने का निर्देश देने की मांग की गई। याचिकाकर्ता का कहना है कि स्टूडेंट 03 साल यानी 06 सेमेस्टर में 15-20 विषय आसानी से पढ़ सकते हैं। इसलिए बैचलर ऑफ लॉ कोर्स के लिए 05 साल यानी 10 सेमेस्टर की अवधि अनुचित है। इसलिए यह अनुच्छेद 14 और 21 का उल्लंघन करती है।

# SOCIETY SHOPS ON DWARKA EXPRESSWAY

**Applications Invited For Sector 99A & 88A Gurugram**



Projects are under DDJAY & NILP

Vanya City - RERA No.: RC/REP/HARERA/GGM/630/362/2022/105 | India Rashtra - RERA No.: RC/REP/HARERA/GGM/631/363/2022/106

**REGISTRATION AMOUNT RS.31000**

महिलाओं व सीनियर सिटीजन के लिए 33% आरक्षित एवं 5% की विशेष छूट

**THE LAST DATE OF REGISTRATION**
**24TH APRIL 2024**

**ALLOCATION VIA DRAW OF LOTS**
**26TH APRIL 2024**

## CONSTRUCTION LINKED PAYMENT PLAN

### 99A DWARKA EXPRESSWAY

| FLOOR | RATE PER SQ. FEET | SIZE IN SQ. FEET | REGISTRATION FEES | ON ALLOCATION 9% (INCLUDING REG. AMT.) | WITHIN 45 DAYS FROM THE DATE OF BBA (21%) | ON COMPLETION OF BASEMENT/ 1ST/2ND/3RD & 4TH FLOOR ROOF SLAB (10% EACH) | ON OFFER OF POSSESSION (20%) | TOTAL BASIC COST (TBC) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ground + Lower Ground Floor | Rs. 16,500 | 950.73 | ₹31,000 | Rs. 14,11,834 | Rs. 32,94,279 | Rs. 15,68,705 (EACH FLOOR) | Rs. 31,37,410 | Rs. 1,56,87,048* |
| Ground Floor | Rs. 16,500 | 399.95 | | Rs. 5,93,926 | Rs. 13,85,826 | Rs. 6,59,918 (EACH FLOOR) | Rs. 13,19,835 | Rs. 65,99,177* |
| First Floor | Rs. 14,300 | 399.95 | | Rs. 5,14,735 | Rs. 12,01,050 | Rs. 5,71,929 (EACH FLOOR) | Rs. 11,43,858 | Rs. 57,19,288* |
| Second Floor | Rs. 12,100 | 399.95 | | Rs. 4,35,546 | Rs. 1,016,273 | Rs. 4,83,940 (EACH FLOOR) | Rs. 9,67,880 | Rs. 48,39,399* |
| Third Floor + Terrace | Rs. 9,900 | 499.94 | | Rs. 4,45,447 | Rs. 10,39,375 | Rs. 4,94,941 (EACH FLOOR) | Rs. 9,89,882 | Rs. 49,49,409* |

*GST & govt charges as applicable | Mandatory Car Parking with Ground & First Floor

### 88A DWARKA EXPRESSWAY

| FLOOR | RATE PER SQ. FEET | SIZE IN SQ. FEET | REGISTRATION FEES | ON ALLOCATION 9% (INCLUDING REG. AMT.) | WITHIN 45 DAYS FROM THE DATE OF BBA (21%) | ON COMPLETION OF BASEMENT/ 1ST/2ND/3RD & 4TH FLOOR ROOF SLAB (10% EACH) | ON OFFER OF POSSESSION (20%) | TOTAL BASIC COST (TBC) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Ground Floor | Rs. 19,800 | 312.328 | ₹31,000 | Rs. 5,56,568 | Rs. 12,98,660 | Rs. 6,18,409 (EACH FLOOR) | Rs. 12,36,818 | Rs. 61,84,091* |
| First Floor | Rs. 15,400 | 312.328 | | Rs. 4,32,887 | Rs. 10,10,069 | Rs. 4,80,985 (EACH FLOOR) | Rs. 9,61,970 | Rs. 48,09,851* |
| Second Floor | Rs. 13,200 | 312.328 | | Rs. 3,71,046 | Rs. 8,65,773 | Rs. 4,12,273 (EACH FLOOR) | Rs. 8,24,546 | Rs. 41,22,730* |
| Third Floor + Terrace | Rs. 9,900 | 384.537 | | Rs. 3,42,622 | Rs. 7,99,452 | Rs. 3,80,692 (EACH FLOOR) | Rs. 7,61,384 | Rs. 38,06,918* |

*GST & govt charges as applicable | Mandatory Car Parking with Ground & First Floor


ARTISTIC IMPRESSION

## USP'S


AMPLE CAR PARKING


LOCKABLE SHOPS


CONVENIENCE STORE



WASHROOM & LIFT


LEASE ASSISTANCE

- **2 Min*** Proposed Metro Station
- **5 Min*** Global Smart City
- **20 Min*** IGI Airport
- **10 Min*** National Highway 8
- **12 Min*** Rajiv Chowk
- **15 Min*** Yashobhoomi Dwarka Sec 25

APPLY ONLINE

Scan QR Code for Online Registration

LOCATE US

Scan QR Code for Site Location

VANYA CITY - BETTER CHOICE REALTORS | INDIA RASHTRA - NEXTGEN PROJECTS

**FOR IMMEDIATE ONLINE REGISTRATION | www.ddjayshops.com**

**FOR ANY ASSISTANCE | +91 9289221406, 9289221405**

HARERA Registration No. - RC/REP/HARERA/GGM/630/362/2022/105 dated 21.11.2022 | WWW.HARYANARERA.GOV.IN | Promoter- M/s Betterchoice Realtors Pvt Ltd.

DISCLAIMER: The artistic work contained in this brochure are for representation purpose only and do not constitute any legal offer. Please evaluate the accuracy, completeness, and usefulness of such information. All specifications of the unit shall be as per the final agreement between the parties. All information contained on any page is distributed with the understanding that the authors, publishers, and distributors are not rendering legal or other professional advice or opinions on specific facts or matters, and accordingly assume no liability whatsoever in connection with its use. In no event shall the Company and its related, affiliated and subsidiary companies be liable for any direct, indirect, special, incidental, or consequential damages arising out of the use of the information herein.